
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 13 अंक - 329
लखनऊ, शुक्रवार 31 जुलाई, 2026
पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹ 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com


सावन के प्रथम दिन शिव मंदिरों में उमड़ा जन सैलाब 10

सरकार खादी को बना रही आत्मनिर्भरता का सशक्त माध्यम : सचान 03


**-: सर्राफा बाजार :-**

| | | |
|---|---|---|
| गोल्ड 24 कैरेट | = | 1,44,480/10 ग्राम |
| 22 कैरेट | = | 1,32,250/10 ग्राम |
| 18 कैरेट | = | 1,08,400/10 ग्राम |
| चांदी | = | 2,35,000/किग्रा |



## संक्षिप्त समाचार

### प्रदेश में कांवड यात्रा का उत्साह, मार्ग पर उमड़े शिव भक्त



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में पवित्र श्रावण मास के पहले दिन गुरुवार 30 जुलाई से कांवड़ यात्रा आधिकारिक रूप से शुरू हो चुकी है। अगले कुछ दिन कांवड़िया सैकड़ों किलोमीटर की यात्रा कर विभिन्न तीर्थ स्थलों से गंगा जल भरकर लाएंगे और 11 अगस्त सावन शिवरात्रि को अपने भोले का जलाभिषेक करेंगे। निर्विघ्न कांवड़ यात्रा के लिए योगी सरकार ने सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। उत्तर प्रदेश सरकार ने सभी जिलों के प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों को कांवड़ यात्रा की फुलप्रूफ तैयारियों के निर्देश दिए हैं। जहां-जहां से कांवड़ यात्रा निकलनी है, वहां पुलिस-प्रशासन अलर्ट मोड पर है।

### दतिया विस उप चुनाव में मतदाताओं ने उत्साहपूर्वक किया मतदान

**दतिया।** मध्य प्रदेश के दतिया विधानसभा उप निर्वाचन 2026 के अंतर्गत गुरुवार को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं सुव्यवस्थित वातावरण में मतदान हुआ। लोकतंत्र के इस महापर्व में मतदाताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपने मताधिकार का प्रयोग किया। जिला निर्वाचन कार्यालय के अनुसार क्षेत्र में कुल 71.44 प्रतिशत वोटिंग हुई है।

### राष्ट्रीय राजमार्गों के टोल प्लाजा पर बनेगी आधुनिक शौचालय सुविधा

**नई दिल्ली।** स्वच्छता और यात्री सुविधा बढ़ाने के लिए केंद्र सरकार राष्ट्रीय राजमार्गों के टोल प्लाज़ा पर विश्वस्तरीय सार्वजनिक शौचालय सुविधाएं विकसित करेगी। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने बताया कि एनएचएआई ने इसके लिए नया प्रदर्शन आधारित ढांचा तैयार किया है, जिसमें स्वच्छता, डिजिटल निगरानी और यात्री केंद्रित रखरखाव पर ध्यान दिया गया है। इस पहल के तहत पुराने शौचालय ब्लॉकों का नवीनीकरण किया जाएगा और नए शौचालय बनाए जाएंगे। इनका डिजाइन स्वदेशी और टिकाऊ होगा, जिसमें हरित भवन मानकों का पालन किया जाएगा।

### अहमदाबाद में भूकंप के झटके, रिक्टर स्केल पर 2.6 तीव्रता दर्ज

**अहमदाबाद।** अहमदाबाद में गुरुवार तड़के भूकंप के हल्के झटके महसूस किए गए। गांधीनगर स्थित इंस्टीट्यूट ऑफ सिस्मोलॉजिकल रिसर्च (आईएसआई) द्वारा जारी जानकारी के अनुसार गुरुवार सुबह 4:39 बजे रिक्टर स्केल पर 2.6 तीव्रता का भूकंप दर्ज किया गया।

# माफिया का हर हाल में अंत तय : योगी

- 692 करोड़ की 268 परियोजनाओं का लोकार्पण
- जनता की पैरोकारी करने वाले ही जनप्रतिनिधि चाहिए
- दंगा करने वालों की जगह जेल या मिट्टी : मुख्यमंत्री

**गाजीपुर, समृद्धि न्यूज।**



**गाजीपुर की बढ़ेगी कनेक्टिविटी, पूर्वांचल एक्सप्रेसवे से जुड़ेगा शक्तिनगर**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि गाजीपुर की कनेक्टिविटी को और मजबूत किया जाएगा। पूर्वांचल एक्सप्रेसवे को चंदौली और वाराणसी होते हुए शक्तिनगर तक विस्तार देने की योजना है। इससे गाजीपुर समेत पूरे पूर्वांचल क्षेत्र में आवागमन आसान होगा और विकास को नई गति मिलेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले गाजीपुर से लखनऊ पहुंचने में आठ से दस घंटे तक का समय लगता था, लेकिन बेहतर सड़क नेटवर्क और एक्सप्रेसवे के निर्माण से अब यह दूरी करीब तीन से साढ़े तीन घंटे में तय हो रही है। उन्होंने बताया कि गाजीपुर को लखनऊ, वाराणसी और गोरखपुर से जोड़ने के लिए फोरलेन सड़कों और हाईवे परियोजनाओं पर काम हुआ है। बेहतर कनेक्टिविटी से व्यापार, उद्योग, पर्यटन और रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। गाजीपुर धार्मिक और ऐतिहासिक महत्व वाला क्षेत्र है। सड़क सुविधाओं के विस्तार से यहां आने वाले पर्यटकों को भी सुविधा मिलेगी। सरकार का लक्ष्य पूर्वांचल को मजबूत परिवहन नेटवर्क के जरिए प्रदेश के विकास केंद्रों से जोड़ना है।

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को गाजीपुर में 692 करोड़ रुपये की लागत वाली 268 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। इस अवसर पर आयोजित जनसभा में मुख्यमंत्री ने कानून-व्यवस्था, माफिया, विकास और विपक्ष, विशेषकर समाजवादी पार्टी पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि प्रदेश में अब ऐसा माहौल है कि रामलीला जैसे धार्मिक आयोजनों में असलहा लहराकर दंगा करने का दुस्साहस करने वालों को पता है कि उन्हें मिट्टी में ही दफन होना पड़ेगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति के चलते प्रदेश में माफिया राज समाप्त हुआ है। पहले धार्मिक आयोजनों और त्योहारों के दौरान उपद्रव, दंगे और कर्फ्यू आम बात थे, लेकिन अब उत्तर प्रदेश में उपद्रव नहीं बल्कि उत्सव का माहौल है। उन्होंने कहा कि गरीब का बेटा भी निर्भय होकर रामलीला का आयोजन कर रहा है और अपराधियों में कानून का भय दिखाई देता है।

समाजवादी पार्टी पर हमला बोलते हुए मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि उसके शासनकाल में माफियाओं को राजनीतिक संरक्षण मिलता था। उन्होंने कहा कि कुछ लोग विदेशी आक्रांता सालार मसूद गाजी का महिमामंडन करते रहे, जबकि उनकी सरकार राष्ट्रनायकों को सम्मान देने का कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि महाराजा सुहेलदेव की स्मृति में बहराइच में भव्य स्मारक, प्रतिमा और मेडिकल कॉलेज बनाया गया है तथा उनके नाम पर ट्रेन और डाक टिकट भी जारी किया गया। मुख्यमंत्री ने गाजीपुर की जनता से ऐसे जनप्रतिनिधि चुनने की अपील की जो जनता के हितों की पैरोकारी करें। उन्होंने कहा कि प्रदेश को ऐसे सांसद या जनप्रतिनिधियों की आवश्यकता नहीं है जो अवैध असलहा लाइसेंस बनवाने या अपराधियों को संरक्षण देने में लगे हों। उन्होंने कहा कि जनता के विश्वास पर खरा उतरने वाले जनप्रतिनिधि ही क्षेत्र के विकास को गति दे सकते हैं।

योगी आदित्यनाथ ने पूर्व विधायक कृष्णानंद राय का उल्लेख करते हुए कहा कि उन्होंने माफिया के खिलाफ संघर्ष किया था, लेकिन तत्कालीन सरकार के संरक्षण में अपराधियों ने उनकी और सात अन्य लोगों की निर्मम हत्या कर दी। उन्होंने कहा कि आज प्रदेश में किसी भी माफिया को संरक्षण नहीं मिलेगा और ऐसा करने वालों की दुर्गति तय है।

मुख्यमंत्री ने गाजीपुर को लहुरी काशी बताते हुए कहा कि यह पौहारी बाबा, भगवान परशुराम और महर्षि जमदग्नि की तपोभूमि है। ऐसी पवित्र धरती पर माफियाओं का पनपना कभी शोभा नहीं देता। उन्होंने कहा कि माफिया गरीबों का शोषण करते हैं, व्यापारियों में भय पैदा करते हैं और बेटियों की सुरक्षा के लिए खतरा बनते हैं, इसलिए उनकी सरकार ने ऐसे तत्वों के खिलाफ लगातार कार्रवाई की है।

विकास कार्यों का उल्लेख करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि 692 करोड़ रुपये की जिन 268 परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास हुआ है, उनसे गाजीपुर सहित जखनिया, मोहम्मदाबाद, सैदपुर, जमानिया, जहूराबाद और जंगीपुर विधानसभा क्षेत्रों के लोगों को लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि गाजीपुर की सड़क और एक्सप्रेसवे कनेक्टिविटी तेजी से मजबूत हुई है और पूर्वांचल एक्सप्रेसवे को चंदौली, वाराणसी होते हुए शक्तिनगर तक विस्तारित किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने दावा किया कि प्रदेश में पिछले नौ वर्षों में नौ लाख से अधिक युवाओं को बिना सिफारिश और बिना घूस के सरकारी नौकरी मिली है।

किसानों को फसल ऋण माफी और प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि का लाभ दिया जा रहा है, जबकि युवाओं के लिए मिशन रोजगार, मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान, ओडीओपी और पीएम विश्वकर्मा जैसी योजनाएं संचालित की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में डबल इंजन सरकार गरीब, किसान, महिला और युवा-इन चार वर्गों के विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता दे रही है। मुख्यमंत्री ने गाजीपुरवासियों से विकसित भारत, विकसित उत्तर प्रदेश और विकसित गाजीपुर के निर्माण में सहभागी बनने का आह्वान करते हुए कहा कि जनता यदि विकास के लिए 10 कदम चलेगी तो सरकार 100 कदम आगे बढ़कर उसका साथ देगी।

# पेपर लीक कानून : घमासान के बाद राज्यसभा से भी पास

## राहुल के खिलाफ विशेषाधिकार नोटिस

- वंदे मातरम् बिल भी लोकसभा से पारित

**एजेंसी, नई दिल्ली।**



पेपर लीक रोकने से जुड़े लोक परीक्षा (अनुचित साधनों की रोकथाम) संशोधन विधेयक-2026 को गुरुवार को राज्यसभा ने भी मंजूरी दे दी। करीब आठ घंटे चली चर्चा और हंगामे के बाद यह बिल ध्वनिमत से पारित हुआ। लोकसभा में यह विधेयक पहले ही पारित हो चुका है। अब इसे राष्ट्रपति की मंजूरी के लिए भेजा जाएगा। राज्यसभा में विधेयक पर चर्चा के दौरान सत्ता पक्ष और विपक्ष आमने-सामने रहे। विपक्ष ने परीक्षा व्यवस्था, एनटीए (नेशनल टेस्टिंग एजेंसी) और छात्रों पर कार्रवाई को लेकर सरकार पर सवाल उठाए। आरजेडी सांसद मनोज झा ने एनटीए पर निशाना साधते हुए कहा कि सिर्फ दिखावटी सुधारों से काम नहीं चलेगा। उन्होंने एनटीए को खत्म करने की मांग करते हुए कहा कि इसे बंगाल की खाड़ी में फेंक देना चाहिए। उधर, भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर ने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को कांग्रेस नेता और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के खिलाफ विशेषाधिकार हनन और सदन की अवमानना का नोटिस सौंपा है। इससे पहले वंदे मातरम् से जुड़े संशोधन विधेयक को लोकसभा ने भी मंजूरी दे दी।

**देशभर में बारिश का कहर**

# केदारनाथ यात्रा तीसरे दिन भी बंद

- 16 राज्यों में ऑरेंज व कई इलाकों में रेड अलर्ट



**एजेंसी, नई दिल्ली।** देशभर में मानसून का प्रकोप लगातार जारी है। उत्तराखंड और जम्मू-कश्मीर में भूस्खलन से जनजीवन प्रभावित हुआ है। रुद्रप्रयाग के गौरीकुंड के पास लैंडस्लाइड के कारण केदारनाथ यात्रा लगातार तीसरे दिन भी स्थगित रही। भारतीय मौसम विभाग ने गुरुवार को राजस्थान समेत 16 राज्यों में भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है, जबकि मध्य महाराष्ट्र, मराठवाड़ा, विदर्भ और तेलंगाना के कई हिस्सों में अत्यधिक वर्षा को देखते हुए रेड अलर्ट घोषित किया गया है।

# नेपाल में सांप्रदायिक हिंसा के बाद दो जिलों में कर्फ्यू

- नेपाल सीमा से लगे क्षेत्रों में भी सुरक्षा व्यवस्था कड़ी

**एजेंसी, काठमांडू।**



**भारत-नेपाल सीमा पर हाई अलर्ट**

नेपाल के दक्षिणी तराई क्षेत्र में सांप्रदायिक हिंसा के बाद हालात तनावपूर्ण बने हुए हैं। स्थिति को नियंत्रण में रखने के लिए प्रशासन ने सुनसरी और सिराहा जिलों के कई इलाकों में अनिश्चितकालीन कर्फ्यू लागू कर दिया है। हिंसा के मद्देनजर भारत-नेपाल सीमा से लगे क्षेत्रों में भी सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है और दोनों देशों की सुरक्षा एजेंसियां स्थिति पर लगातार नजर बनाए हुए हैं। जानकारी के अनुसार, हिंसा की शुरुआत 26 जुलाई को सुनसरी जिले के देवांगगंज ग्रामीण पालिका के कप्तानगंज क्षेत्र में हुई। सावन माह के दौरान श्रद्धालु कोशी बराज से जल लेकर धार्मिक यात्रा निकाल रहे थे। यात्रा के दौरान डीजे पर तेज आवाज में संगीत बजाया जा रहा था। आरोप है कि इसी दौरान मुस्लिम समुदाय के कुछ लोगों ने तेज आवाज में संगीत बजाने पर आपत्ति जताई। पहले दोनों पक्षों के बीच कहासुनी हुई, जो देखते ही देखते मारपीट और फिर हिंसक झड़प में बदल गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, कुछ ही देर में दोनों समुदायों के बड़ी संख्या में लोग मौके पर जुट गए। दोनों पक्षों के बीच पथराव हुआ और लाठी, डंडों तथा लोहे की रॉड का इस्तेमाल किए जाने की भी सूचना है। हालात बिगड़ने पर नेपाल पुलिस और सशस्त्र पुलिस बल को मौके पर भेजा गया। भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पुलिस ने बल प्रयोग किया। इस दौरान चली गोली से ओम प्रकाश मेहता नामक युवक की मौत हो गई, जबकि कई अन्य लोग घायल हुए हैं।

**सुप्रीम कोर्ट का आदेश : हथियारों का रिकॉर्ड सुरक्षित रखे केंद्र**

# पैलेट गन से घायल प्रदर्शनकारियों का हो इलाज

**एजेंसी, नई दिल्ली।**



**दिल्ली में सीजेपी प्रदर्शनकारियों को राहत**

दिल्ली सरकार ने नीट यूजी 2026 पेपर लीक मामले को लेकर जंतर-मंतर पर प्रदर्शन करने वाले सीजेपी कार्यकर्ताओं और छात्रों को राहत देने का फैसला किया है। सरकार ने कहा है कि प्रदर्शनकारियों के खिलाफ कोई नई कानूनी कार्रवाई नहीं की जाएगी और गिरफ्तार या हिरासत में लिए गए लोगों को जल्द रिहा किया जाएगा। पुलिस के अनुसार, 29 जुलाई शाम तक प्रदर्शन को लेकर 13 एफआई दर्ज की गई थीं। हालांकि, सरकार ने स्पष्ट किया है कि जिन लोगों का आपराधिक रिकॉर्ड है, उनके खिलाफ कार्रवाई जारी रहेगी।

सुप्रीम कोर्ट ने 20 जुलाई को जंतर-मंतर से संसद मार्च के दौरान पैलेट गन से घायल हुए प्रदर्शनकारियों के इलाज का इंतजाम करने का निर्देश दिल्ली सरकार को दिया है। साथ ही केंद्र सरकार को रैपिड एक्शन फोर्स (आएएफ) द्वारा प्रदर्शन के दौरान इस्तेमाल किए गए हथियारों और गोला-बारूद का पूरा रिकॉर्ड सुरक्षित रखने का आदेश दिया है।

मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली पीठ, जिसमें जस्टिस जॉयमाल्या बागची और जस्टिस वी. मोहन शामिल थे, ने फिलहाल पैलेट गन के इस्तेमाल पर रोक लगाने से इनकार कर दिया। अदालत ने कहा कि विशेष परिस्थितियों में पुलिस इसके इस्तेमाल की अनुमति रखती है और जब तक संबंधित नियमों को चुनौती नहीं दी जाती, तब तक इस पर प्रतिबंध लगाने का आदेश नहीं दिया जा सकता।

सुप्रीम कोर्ट ने पैलेट गन के इस्तेमाल से जुड़ी गाइडलाइन पर केंद्र सरकार से जवाब भी तलब किया है। यह याचिका पूर्व आईपीएस अधिकारी यशोवर्धन आजाद तथा अन्य याचिकाकर्ताओं की ओर से दायर की गई थी, जिसमें संसद मार्च के दौरान छात्रों पर पैलेट गन चलाने का आरोप लगाते हुए इस पर प्रतिबंध लगाने की मांग की गई थी। गौरतलब है कि 20 जुलाई को जंतर-मंतर से संसद तक निकाले गए मार्च के दौरान प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच कई बार झड़प हुई थी। पुलिस ने लाठीचार्ज किया, आंसू गैस के गोले छोड़े और प्रदर्शनकारियों की ओर से बैरिकेड तोड़ने व पथराव की घटनाएं भी सामने आई थीं। इस दौरान 100 से अधिक लोगों के घायल होने का दावा किया गया था। इस मामले को लेकर विपक्ष ने केंद्र सरकार पर गंभीर आरोप लगाए हैं। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने दावा किया था कि प्रदर्शन के दौरान पैलेट गन के इस्तेमाल से एक छात्र की आंख की रोशनी चली गई। हालांकि भाजपा और केंद्र सरकार ने इन आरोपों को खारिज करते हुए कहा कि प्रदर्शन के दौरान कोई गोली नहीं चलाई गई और बल प्रयोग कानून के अनुसार किया गया था। भारत में पैलेट गन पर पूर्ण प्रतिबंध नहीं है। गृह मंत्रालय के मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) के अनुसार हिंसक भीड़ को नियंत्रित करने के लिए इसे अंतिम विकल्प के रूप में और सीमित परिस्थितियों में इस्तेमाल किया जा सकता है।

# कॉमनवेल्थ गेम्स : भारत को पैरा एथलेटिक्स में गोल्ड

- नीरज-रोहित-यश समेत दस खिलाड़ियों के मेडल पक्के
- लंबी कूद में मुरली को मिला रजत

**एजेंसी, ग्लासगो।**



कॉमनवेल्थ गेम्स के आठवें दिन भारत के लिए अच्छी खबरें लगातार सामने आईं। पैरा एथलेटिक्स में दिलीप महादु गावित ने शानदार प्रदर्शन करते हुए कॉमनवेल्थ गेम्स रिकॉर्ड के साथ स्वर्ण पदक जीतकर भारत का गौरव बढ़ाया। वहीं, लंबी कूद में मुरली श्रीशंकर ने रजत पदक अपने नाम किया। इसके अलावा भारतीय मुक्केबाजों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए सेमीफाइनल में पहुंचकर कम से कम 10 पदक पक्के कर लिए हैं।

इसी बीच एथलेटिक्स में भारत के स्टार जैवलिन थ्रोअर नीरज चोपड़ा, रोहित यादव और यश वीर सिंह ने पुरुष जैवलिन थ्रो स्पर्धा के फाइनल में जगह बना ली है। क्वालिफिकेशन राउंड में नीरज ने 79.61 मीटर का सर्वश्रेष्ठ थ्रो करते हुए पांचवें स्थान पर रहकर फाइनल का टिकट हासिल किया।

### ईरान-अमेरिका जंग में पहली बार मिस्र पर हमला

**वॉशिंगटन/तेहरान/काहिरा, एजेंसी।** ईरान और अमेरिका के बीच जारी सैन्य संघर्ष अब मिस्र तक पहुंच गया है। मिस्र सरकार ने गुरुवार को बताया कि दमियाता बंदरगाह पर बुधवार रात दो गैस टैंकरों में लगी आग दुर्घटना नहीं, बल्कि ड्रोन हमले का परिणाम थी। शुरुआती जांच में ड्रोन अटैक की पुष्टि हुई है। हालांकि किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। इस हमले के पीछे ईरान का हाथ होने की आशंका जताई जा रही है। रिपोर्टों के अनुसार ड्रोन ने अमेरिकी कंपनी के प्राकृतिक गैस भंडारण टैंकर एनरगोस विंटर को निशाना बनाया। विस्फोट के बाद आग पास में खड़े दूसरे गैस टैंकर गैसलॉग सलेम तक फैल गई।

# बलूचिस्तान में बीएलए का खूनी हमला अगवा किए गए छह मजदूरों की हत्या

**एजेंसी, नई दिल्ली।**



पाकिस्तान के अशांत बलूचिस्तान प्रांत में प्रतिबंधित संगठन बलूच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) से जुड़े उग्रवादियों पर छह मजदूरों की हत्या का आरोप लगा है। केच जिले में अगवा किए गए इन मजदूरों के शव बरामद होने के बाद पूरे इलाके में दहशत का माहौल है। इस घटना ने एक बार फिर पाकिस्तान की सुरक्षा व्यवस्था और चीन समर्थित परियोजनाओं की सुरक्षा पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

स्थानीय प्रशासन के अनुसार, सभी मजदूरों का कुछ दिन पहले अपहरण कर लिया गया था। बाद में उनके शव एक सुनसान इलाके से बरामद हुए। सूचना मिलते ही सुरक्षा बल मौके पर पहुंचे और पूरे क्षेत्र में तलाशी अभियान शुरू कर दिया। प्रारंभिक जांच में इस वारदात के पीछे बलूच लिबरेशन आर्मी (बीएलए) का हाथ होने की आशंका जताई जा रही है। हालांकि, खबर लिखे जाने तक किसी संगठन ने आधिकारिक तौर पर हमले की जिम्मेदारी नहीं ली थी। बलूचिस्तान लंबे समय से अलगाववादी हिंसा से प्रभावित रहा है।

**तफ्तीश** | **नीट पेपर लीक कांड को लेकर सीबीआई चार्जशीट में बड़ा खुलासा**

# पेपर लीक नहीं, विशेषज्ञों ने याद कर छात्रों तक पहुंचाए सवाल

- प्रश्नपत्र तैयार करने की प्रक्रिया बनी बड़ी कमजोरी
- तीन विषय विशेषज्ञों पर सवाल पहुंचाने का आरोप

**एजेंसी, नई दिल्ली।** नीट-यूजी परीक्षा में कथित गड़बड़ी मामले में सीबीआई की चार्जशीट से कई चौंकाने वाली जानकारियां सामने आई हैं। जांच एजेंसी के मुताबिक, इस बार परीक्षा में गड़बड़ी का तरीका पहले के पेपर लीक मामलों से अलग था। आरोप है कि प्रश्नपत्र चोरी या प्रिंटिंग सेंटर से बाहर निकलने के बजाय प्रश्न तैयार करने और अनुवाद प्रक्रिया से जुड़े कुछ विशेषज्ञों ने अंतिम सवालों को याद कर लिया और उन्हें अपने संपर्क वाले छात्रों तक पहुंचाया।

सीबीआई ने इस मामले में 13 आरोपियों के खिलाफ आरोपपत्र दाखिल किया है। इनमें राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) के पैनल में शामिल तीन विषय विशेषज्ञों के अलावा बिचौलिये, कोचिंग संस्थान से जुड़े लोग और अन्य आरोपी शामिल हैं। जांच एजेंसी ने दावा किया है कि इन लोगों ने मिलकर प्रश्नों को कई राज्यों के अभ्यर्थियों तक पहुंचाने का नेटवर्क तैयार किया था।

सीबीआई की जांच में सामने आया कि नीट प्रश्नपत्र तैयार करने और विभिन्न भाषाओं में अनुवाद करने की प्रक्रिया में शामिल लोगों की भूमिका इस पूरे मामले की अहम कड़ी रही। जांच एजेंसी का मानना है कि एक ही तरह के विशेषज्ञों को बार-बार इस संवेदनशील प्रक्रिया में शामिल करना परीक्षा प्रणाली की बड़ी कमजोरी बन गया। सूत्रों के अनुसार, सीबीआई ने इस खामी की जानकारी एनटीए को दे दी है। संभावना है कि परीक्षा सुधारों को लेकर दी जाने वाली सिफारिशों में इसे भी शामिल किया जाएगा। सीबीआई के अनुसार, एनटीए पैनल से जुड़े केमिस्ट्री शिक्षक पीवी कुलकर्णी, फिजिक्स शिक्षिका मनीषा गुरुनाथ मंधारे और बायोलॉजी शिक्षिका मनीषा संजय हवलदार पर आरोप है कि उन्होंने प्रश्नपत्र तैयार करने और अनुवाद के दौरान अंतिम सवालों को देखा।

जांच एजेंसी का आरोप है कि इन विशेषज्ञों ने सवालों को याद किया और बाद में अपने ट्यूशन से जुड़े चुनिंदा छात्रों के लिए एक प्रश्न बैंक तैयार किया। छात्रों को कथित तौर पर इन सवालों को महत्वपूर्ण बताकर उपलब्ध कराया गया, हालांकि उन्हें यह नहीं बताया गया कि ये वही सवाल हैं जो नीट परीक्षा में पूछे जाने वाले हैं। सीबीआई जांच में यह भी सामने आया कि प्रश्नपत्र तैयार करने की प्रक्रिया के दौरान विशेषज्ञों को सुरक्षित वातावरण में रखा गया था। इसके बावजूद उन्हें घर जाने, निजी गतिविधियां करने और अगले दिन फिर प्रक्रिया में शामिल होने की अनुमति थी। जांच एजेंसी का मानना है कि इसी दौरान कथित तौर पर सवालों को याद कर बाहर पहुंचाने की संभावना बनी।

सीबीआई के मुताबिक, इस मामले में मनीषा वाघमारे नाम की एक ब्यूटीशियन की भूमिका सामने आई। आरोप है कि उसने इन शिक्षकों से जुड़े छात्रों से प्रश्न हासिल किए और उन्हें प्रश्नपत्र के प्रारूप में तैयार किया। इसके बाद यह सामग्री धनंजय निवृत्ति लोखंडे तक पहुंची। लोखंडे के जरिए कथित प्रश्न कई बिचौलियों तक पहुंचे और फिर पैसे लेकर अलग-अलग राज्यों में अभ्यर्थियों को उपलब्ध कराए गए।




**2024 के पेपर लीक से अलग था मामला**

सीबीआई अधिकारियों के अनुसार, नीट-यूजी 2026 की गड़बड़ी वर्ष 2024 के पेपर लीक मामले से अलग थी। वर्ष 2024 में परीक्षा केंद्र स्तर पर प्रश्नपत्र चोरी और लीक होने के आरोप सामने आए थे, जिसके बाद एनटीए ने प्रश्नपत्र की सुरक्षा, परिवहन और परीक्षा संचालन व्यवस्था में कई बदलाव किए थे।

# विद्यालय आधारित स्वास्थ्य कार्यक्रमों की नोडल शिक्षकों को दी जानकारी

**पयागपुर, बहराइच समृद्धि न्यूज़**

विद्यालय आधारित स्वास्थ्य कार्यक्रमों के सफल एवं प्रभावी संचालन के उद्देश्य से नोडल शिक्षकों की एक महत्वपूर्ण बैठक का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में बीएसए आशीष सिंह एवं एबीएसए पयागपुर अनूप कुमार सिंह की अध्यक्षता में डायट पयागपुर परिसर में सम्पन्न हुआ। बैठक में विद्यालयों के माध्यम से संचालित विभिन्न स्वास्थ्य कार्यक्रमों की विस्तृत समीक्षा करते हुए उनके प्रभावी क्रियान्वयन पर चर्चा की गई। इस अवसर पर बीपीएम, सीएचसी पयागपुर अनुपम शुक्ल ने स्कूल आधारित गला घोंटू/काली खांसी



▸ छात्र-छात्राओं को महत्वपूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ समयबद्ध रूप से मिल सके

(Td/DPT) टीकाकरण, मिजिल्स-रूबेला (MR) टीकाकरण, एचपीवी टीकाकरण तथा राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस कार्यक्रम के सफल संचालन हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश एवं विस्तृत जानकारी प्रदान की। उन्होंने सभी नोडल शिक्षकों से अपील की कि वे स्वास्थ्य विभाग के साथ समन्वय स्थापित करते हुए विद्यार्थियों एवं अभिभावकों को जागरूक करें, ताकि प्रत्येक पात्र छात्र-छात्रा को इन महत्वपूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ समयबद्ध रूप से मिल सके। बैठक में स्वास्थ्य एवं शिक्षा विभाग के बीच बेहतर समन्वय, शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्ति तथा कार्यक्रमों के सफल संचालन पर विशेष बल दिया गया। बैठक का सफल संचालन सुनील पाण्डेय द्वारा किया गया।

बैठक में बृजेश तिवारी, महेन्द्र सिंह, राजेश मिश्रा राजकुमार पाण्डेय सुनील त्रिपाठी सहित सैकड़ो शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थिति रहे।

## खेत देखने गए युवक पर तेंदुए ने किया हमला, घायल

**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** कतर्नियाघाट वन्य जीव प्रभाग के मोतीपुर रेंज अंतर्गत परवानी गौढ़ी गांव निवासी 48 वर्षीय पुजारी पुत्र जंगली प्रसाद जो घर से लगभग



200 मीटर दूरी पर स्थित अपने खेत में गुरुवार की सुबह 6:00 बजे फसलों की रखवाली करने के लिए गए थे। तभी पहले से घात लगाए बैठे तेंदुए ने युवक हमला कर दिया। हमले के बाद युवक के द्वारा की गई चीख पुकार करने के बाद आसपास के लोग दौड़े। इसके बाद तेंदुए ने युवक को छोड़ जंगल में भाग गया। घटना की सूचना रेंज कार्यालय दी गई। इस संबंध में पूछे जाने पर वन क्षेत्राधिकारी के के सिंह ने बताया कि घटना की जानकारी मिली है। वन कर्मचारियों को भेज कर घायल युवक का उपचार कराया जा रहा है।

## जालिम नगर पुलिस चौकी पर अवैध वसूली का वीडियो वायरल

**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** मोतीपुर थाना क्षेत्र की जालिम नगर पुलिस चौकी एक बार फिर विवादों में घिरती नजर आ रही है। सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहे एक वीडियो में चौकी के सामने वाहनों को रोककर कथित रूप से अवैध वसूली किए जाने का दावा किया जा रहा है। वीडियो सामने आने के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया है और स्थानीय लोगों में आक्रोश व्याप्त है। मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग उठने लगी है। बताया जा रहा है कि वायरल वीडियो में कुछ लोग चौकी के सामने गुजरने वाले वाहनों को रोकते हुए दिखाई दे रहे हैं। आरोप है कि इनमें एक होमगार्ड के साथ कुछ प्राइवेट युवक भी शामिल हैं, जो वाहन चालकों से कथित रूप से अवैध रूप से धन वसूल रहे हैं। स्थानीय लोगों का दावा है कि इस तरह की गतिविधियां लंबे समय से चल रही



▸ होमगार्ड व प्राइवेट युवकों पर उगाही के गंभीर आरोप

हैं और दिन-रात वाहन चालकों से उगाही की जाती है। वायरल वीडियो के सामने आने के बाद लोगों ने सवाल उठाए हैं कि यदि चौकी के सामने ही इस प्रकार की गतिविधियां हो रही थीं, तो संबंधित पुलिसकर्मियों को इसकी जानकारी क्यों नहीं थी। कई लोगों ने पूरे मामले की उच्चस्तरीय जांच कराने तथा दोषी पाए जाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। क्षेत्रीय नागरिकों का कहना है कि यदि वीडियो की सत्यता जांच में प्रमाणित होती है तो यह पुलिस व्यवस्था की कार्यप्रणाली पर गंभीर प्रश्नचिह्न खड़ा करता है। लोगों ने पुलिस अधीक्षक बहराइच से मामले का संज्ञान लेकर निष्पक्ष जांच कराने और दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई करने की मांग की है। मामले को लेकर थाना प्रभारी मोतीपुर ब्रह्मा गौड़ ने बताया कि वीडियो काफी पुरानी है। जांच शुरू कर दी गई है।

## खबरें एक नजर में

### निर्माणाधीन टू लेन सड़क पत्थरों से पटे होने के कारण कांवरियों को आने-जाने में दिक्कत

**गोंडा, समृद्धि न्यूज़।** भादों मास में कांवरियों का जत्था पसका और भौंरी



गंज में स्थित सरयु जी का जल लेकर गोण्डा के दु:ख हरण नाथ शिवालय पर जलाभिषेक करने जायेगा। जहां कांवरियों को इन पत्थरों से होकर गुजरना होगा। पत्थरों से कांवरियों का जत्था घायल ना हो, जिसके लिए निर्माण कार्य करने वाली कार्यदाई संस्था समय पर मार्ग को समतल कर लें। क्षेत्रीय कांवरियों में इस बात की चिंता सता रही है की यात्रा कैसे की जायेगी।

### रंगे हाथों पकड़े गए नजूल अमीन को झटका, कोर्ट ने नहीं दी जमानत

**गोंडा, समृद्धि न्यूज़।** विगत दिनों 1 लाख रुपए रिश्वत लेते हुए एंटी करप्शन टीम द्वारा रंगे हाथों पकड़े गए नजूल अमीन गुरु चरण पांडे को विशेष न्यायाधीश भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की अदालत से राहत नहीं मिली। प्रभारी न्यायाधीश श्री दानिश हसनैन की अदालत ने गुरुवार को उनकी जमानत अर्जी खारिज कर दी। अब गुरु चरण पांडे गोंडा मंडलीय कारागार में ही रहेंगे। अदालत में सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष ने दलील दी कि आरोपी के खिलाफ ठोस सबूत हैं और मामले की गंभीरता को देखते हुए जमानत नहीं दी जानी चाहिए। दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद न्यायालय ने जमानत प्रार्थना पत्र खारिज कर दिया। उल्लेखनीय है कि गुरु चरण पांडे को एंटी करप्शन टीम ने रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किया था। गिरफ्तारी के बाद नगर पालिका प्रशासन ने उन्हें तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया था। उनके खिलाफ विभागीय जांच भी शुरू कर दी गई है। कोर्ट के इस फैसले के बाद अब भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत आगे की विधिक कार्रवाई जेल में रहते हुए ही चलेगी।

### गांव-गांव तक पहुंचाएं बाबा साहेब के विचार: मिठाई लाल भारती

**समृद्धि न्यूज़, उतरौला(बलरामपुर)।** समाजवादी पार्टी के प्रमुख फ्रंटल संगठन बाबा साहेब अंबेडकर वाहिनी के राष्ट्रीय अध्यक्ष मिठाई लाल भारती के उतरौला आगमन पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने उनका गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। तहसील के सामने स्थित समाजवादी पार्टी कार्यालय में आयोजित स्वागत समारोह में बड़ी संख्या में पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं समर्थक शामिल हुए। फूल-मालाओं से लादकर राष्ट्रीय अध्यक्ष का अभिनंदन किया गया और संगठन की मजबूती का संकल्प दोहराया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता डॉ. एहसान खान ने किया। उन्होंने अपने समर्थकों एवं पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ राष्ट्रीय अध्यक्ष मिठाई लाल भारती का माल्यार्पण कर स्वागत किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने समाजवादी पार्टी के समर्थन में नारे लगाए और संगठन के प्रति अपनी निष्ठा एवं एकजुटता का प्रदर्शन किया। स्वागत समारोह को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष मिठाई लाल भारती ने कहा कि समाजवादी पार्टी हमेशा संविधान की रक्षा, सामाजिक न्याय तथा दलित, पिछड़े, वंचित और शोषित समाज के अधिकारों की लड़ाई मजबूती के साथ लड़ती रही है। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर द्वारा दिए गए समानता, न्याय और भाईचारे के सिद्धांत आज भी समाज के लिए मार्गदर्शक हैं। इन्हीं विचारों को जन-जन तक पहुंचाना संगठन की प्राथमिक जिम्मेदारी है।

### नवागत एसडीएम ने अधिवक्ताओं से किया संवाद

**समृद्धि न्यूज़, उतरौला (बलरामपुर)।** तहसील उतरौला में नवागत उपजिलाधिकारी (एसडीएम) योगेंद्र शरण शाह ने गुरुवार को कार्यभार ग्रहण करने के बाद तहसील सभागार में बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों एवं अधिवक्ताओं के साथ परिचयात्मक बैठक की। बैठक में न्यायिक व्यवस्था को अधिक प्रभावी, पारदर्शी एवं जनहितकारी बनाने के लिए बार और बेंच के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने पर विशेष बल दिया गया। इस दौरान अधिवक्ताओं की समस्याओं एवं न्यायिक कार्यों से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर विस्तार से चर्चा हुई। बैठक की शुरुआत बार एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रह्लाद यादव एवं महामंत्री रविशंकर मिश्र ने नवागत एसडीएम का स्वागत कर की। दोनों पदाधिकारियों ने उन्हें पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत करते हुए अधिवक्ताओं की ओर से शुभकामनाएं दीं। इसके बाद अधिवक्ताओं ने न्यायिक कार्यों में आने वाली व्यावहारिक समस्याओं, वादकारियों की सुविधाओं तथा अधिवक्ता हितों से जुड़े विभिन्न विषयों को प्रमुखता से उठाया। उपजिलाधिकारी योगेंद्र शरण शाह ने कहा कि न्याय व्यवस्था तभी प्रभावी हो सकती है जब प्रशासन और अधिवक्ताओं के बीच बेहतर तालमेल एवं आपसी विश्वास बना रहे। उन्होंने कहा कि तहसील में आने वाले प्रत्येक वादकारी को समयबद्ध, निष्पक्ष और पारदर्शी न्याय उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिकता है। इसके लिए सभी अधिकारियों और अधिवक्ताओं का सहयोग आवश्यक है। उन्होंने अधिवक्ताओं को भरोसा दिलाया कि उनके सुझावों और समस्याओं पर गंभीरता से विचार किया जाएगा तथा न्यायिक कार्यों में अनावश्यक विलंब को समाप्त करने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि तहसील प्रशासन संवाद और समन्वय की भावना के साथ कार्य करेगा, जिससे न्यायिक व्यवस्था और अधिक सुदृढ़ हो सके। बैठक का सबसे महत्वपूर्ण निर्णय नायब तहसीलदार रेहरा अजीत सिंह के न्यायालय के बहिष्कार को लेकर रहा। पिछले लगभग दो सप्ताह से अधिवक्ता इस न्यायालय के बहिष्कार को लेकर आंदोलनरत थे, जिससे न्यायिक कार्य प्रभावित हो रहे थे। नवागत एसडीएम की अध्यक्षता में हुई वार्ता के दौरान दोनों पक्षों के बीच सकारात्मक एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में चर्चा हुई।

## संत रविदास जी की 650वीं जयंती पर जनपद पहुंची कलश यात्रा



**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** संत शिरोमणि श्री गुरु रविदास महाराज की 650वीं जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में वाराणसी (बनारस) से उठी पावन माटी कलश यात्रा का गुरुवार को बहराइच आगमन पर भव्य स्वागत किया जा रहा है। इस 'समरसता संकल्प अभियान' के तहत काशी से चले पवित्र माटी कलश का आज जनपद आगमन पर जिलाध्यक्ष बृजेश पाण्डेय जनप्रतिनिधि पदाधिकारी व कार्यकर्त्ताओ ने जगह-जगह स्वागत भव्य स्वागत किया।इस अभियान का मुख्य लक्ष्य संत रविदास के विचारों, संदेशों और सामाजिक समरसता को जन-जन तक पहुंचाना है इसके बाद यात्रा मंडल स्तर और फिर बूथ स्तर तक जाएगी. बूथ स्तर पर कलश की पवित्र मिट्टी से संत रविदास मंदिर अथवा अन्य धार्मिक स्थलों पर पौधरोपण व अन्य कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

## विद्यालय में पर्यावरण, जल संरक्षण, नशा उन्मूलन विषयक चौपाल का हुआ आयोजन

▸ पंचवटी प्रजाति के वृक्षों के रोपण व उनके संरक्षण का लिया संकल्प

**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** संस्कृति विभाग उत्तरप्रदेश (अंतर्राष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान) के तत्वावधान में नानपारा स्थित सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय के सभागार में पर्यावरण, जल संरक्षक, नशा उन्मूलन विषयक चौपाल का आयोजन कर पंचवटी प्रजाति के वृक्षों के रोपण व उनके संरक्षण का सामूहिक संकल्प लिया गया तथा नशा उन्मूलन विषयक को प्रभावी बनाने के लिए जन जागरण अभियान चलाए जाने की कार्य योजना भी बनाई गई।



अंतर्राष्ट्रीय बौद्ध शोध संस्थान संबद्ध संस्कृति विभाग उत्तरप्रदेश की ओर से आयोजित परिचर्चा को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि प्रभागीय वनाधिकारी बहराइच सुन्देरश ने कहा कि पर्यावरण व जल संरक्षण मानव जीवन के लिए महत्वपूर्ण है बिना ऑक्सीजन वा स्वच्छ पेय जल के हम मानव जीवन की कल्पना भी नहीं कर सकते हैं इसके लिए आवश्यक है कि हम सब लोग अभियान चलाकर वृक्षारोपण करें और रोपित वृक्षों का संरक्षण भी करें।

उन्होंने उपस्थित विद्यार्थियों व शिक्षकों का आवाहन करते हुए कहा कि पर्यावरण विषयक जन जागरण अभियान से जन जन को जोड़ने के लिए प्रभावी मुहिम चलाया जाना चाहिए तभी पर्यावरण मानवानुकूल बना रह सकेगा।

आयोजक अध्यक्ष महामना मालवीय मिशन (अवध) संजीव श्रीवास्तव एडवोकेट ने बताया कि सामाजिक व धार्मिक संगठनों के सहयोग से शिक्षण संस्थान व विद्यालय परिसरों में पंचवटी प्रजाति के वृक्षों का रोपण कर उनको संरक्षित करने के लिए विद्यार्थियों व शिक्षकों का सहयोग लिया जा रहा है तथा जल संरक्षण हेतु तालाब , पोखरा , झील व नदी के तटीय इलाकों में वृक्षों को रोपित कर उन्हें स्थानीय जन सहयोग से संरक्षित करने का विशेष अभियान चलाया जा रहा है।

समापन अवसर पर पर्यावरण संरक्षण विषयक अभियान में सहभागी विद्यालय शकंर इंटर कॉलेज, शहादत इंटर कॉलेज, विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, वैद्य भगवानदीन बालिका इंटर कॉलेज जनता इंटर कॉलेज के विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र देकर पुरस्कृत किया गया।

श्री श्रीवास्तव एडवोकेट के द्वारा उपस्थित विद्यार्थियों, शिक्षकों, पर्यावरण विदों व वन विभाग के कर्मियों व अधिकारियों को पर्यावरण संरक्षण का सामूहिक संकल्प भी दिलाया गया तथा उन्हें फलदार वृक्ष देकर वृक्षारोपण हेतु उत्साहित भी किया गया।

# सपा विधायक मारिया शाह ने सीएम को लिखा पत्र

▸ बिजली कटौती व सड़कों की बदहाली पर हस्तक्षेप की मांग

**बहराइच समृद्धि न्यूज़।**

मटेरा विधानसभा से समाजवादी पार्टी की विधायक मारिया शाह ने क्षेत्र में सड़क निर्माण और बिजली व्यवस्था में सुधार की मांग को लेकर सीएम योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखा है।

उन्होंने मंगलवार को भेजे गए इस पत्र में मुख्यमंत्री से व्यक्तिगत हस्तक्षेप करने का आग्रह किया है। विधायक मारिया शाह ने 28 जुलाई 2026 को संबोधित अपने पत्र में कहा है कि मटेरा



विधानसभा क्षेत्र की कई महत्वपूर्ण और जनोपयोगी सड़कें लंबे समय से निर्माण और स्वीकृति की प्रतीक्षा में हैं। इसके साथ ही, बिजली समस्या ने भी विकराल रूप धारण कर लिया है, जिससे आम जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हो रहा है।

पत्र में जिन प्रमुख सड़कों के निर्माण का मुद्दा उठाया गया है, उनमें मटेरा से बुलबुल नवाज संपर्क मार्ग, भदवारा संपर्क मार्ग, नानपारा-नवाबगंज संपर्क मार्ग से पीर नसरुद्दीन संपर्क मार्ग, बनकसही-होलिया संपर्क मार्ग, नरसिंहडीहा-भगतापुर संपर्क मार्ग और गुरचही चौराहे से मंगापुरवा तक की सड़कें शामिल हैं। विधायक के अनुसार, इन मार्गों को कई बार प्रस्तावित किया जा चुका है, लेकिन अभी तक इनके निर्माण अथवा स्वीकृति की दिशा में अपेक्षित कार्रवाई नहीं हो सकी है। विधायक मारिया शाह का कहना है कि इन सड़कों का निर्माण होने से क्षेत्र के ग्रामीणों और आम नागरिकों को आवागमन में सुविधा मिलेगी और विकास कार्यों को भी गति मिल सकेगी।

उन्होंने बिजली समस्या की गंभीरता पर भी जोर दिया, जिसके कारण स्कूलों, अस्पतालों समेत आम जनजीवन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है।

उन्होंने बताया कि इस संबंध में ऊर्जा मंत्री सहित कई अन्य अधिकारियों को पहले भी पत्र के माध्यम से अवगत कराया जा चुका है, लेकिन समस्या का अभी तक कोई प्रभावी समाधान नहीं हो पाया है। विधायक ने मुख्यमंत्री से मामले में व्यक्तिगत रूप से हस्तक्षेप करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश देने और समस्याओं का अति शीघ्र समाधान कराने की मांग की है।

## जेल से पंजाब पुलिस को सौंपा गया विक्रमजीत सिंह



▸ अजनाला थाने पर हमले का आरोपी, भारत-नेपाल सीमा से हुआ था गिरफ्तार

**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** जिला कारागार में बंद वारिस पंजाब दे का सक्रिय सदस्य और अजनाला थाने पर हमले का आरोपी विक्रमजीत सिंह को बुधवार सुबह आठ बजे पंजाब पुलिस के हवाले कर दिया गया। आवश्यक कानूनी औपचारिकताएं पूरी करने के बाद पंजाब पुलिस की टीम उसे अपने साथ पंजाब लेकर रवाना हो गई। विक्रमजीत सिंह को 23 जुलाई को भारत-नेपाल सीमा से लगे रूपईडीहा चेकपोस्ट पर एसएसबी और रूपईडीहा पुलिस की संयुक्त टीम ने फर्जी आधार कार्ड के साथ गिरफ्तार किया था। गिरफ्तारी के बाद उसे न्यायिक अभिरक्षा में बहराइच जिला कारागार भेज दिया गया था। पुलिस के अनुसार, विक्रमजीत सिंह पर पंजाब के अजनाला थाने पर हमले समेत कई अन्य आपराधिक मामले दर्ज हैं। उसकी गिरफ्तारी की सूचना मिलने के बाद पंजाब पुलिस ने दो दिन पहले जिला कारागार प्रशासन को वारंट-बी भेजकर उसे अपनी अभिरक्षा में लेने की प्रक्रिया शुरू की थी। बुधवार सुबह करीब आठ बजे पंजाब पुलिस के डिप्टी एसपी गुरदीप सिंह के नेतृत्व में निरीक्षक करनैल सिंह और अन्य पुलिसकर्मी बहराइच पहुंचे। सभी कानूनी औपचारिकताएं पूरी करने के बाद पुलिस टीम ने विक्रमजीत सिंह को अपने कब्जे में लिया और पंजाब के लिए रवाना हो गई। पुलिस के अनुसार, विक्रमजीत सिंह को गुरुवार को पंजाब की संबंधित अदालत में पेश किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि उसे उसके साथी मनवीर सिंह के साथ भारत-नेपाल सीमा से गिरफ्तार किया गया था।

## 962 वाहनों का चालान, 11.55 लाख का जुर्माना

▸ तीन सवारी व गलत नंबर प्लेट पर सबसे ज्यादा कार्रवाई

**बहराइच समृद्धि न्यूज़।**

यातायात पुलिस ने बुधवार शाम से गुरुवार सुबह तक सघन चेकिंग अभियान चलाकर यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 962 वाहनों का चालान किया। इस दौरान विभिन्न वाहनों पर कुल 11 लाख 55 हजार रुपये का जुर्माना लगाया गया। अभियान शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों में चलाया गया। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्तव के निर्देश पर की गई। अभियान के दौरान यातायात पुलिस ने दोपहिया और चारपहिया वाहनों की जांच की और नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की। यातायात प्रभारी राम प्रसाद ने बताया कि अभियान में सबसे अधिक कार्रवाई दोपहिया



वाहनों पर तीन सवारी बैठाकर चलने वालों और गलत, अस्पष्ट या नियमों के विपरीत नंबर प्लेट लगाने वाले वाहन चालकों के खिलाफ की गई। इसके अलावा अन्य यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के भी चालान किए गए।

**नियमों के पालन की अपील**

पुलिस अधीक्षक विश्वजीत श्रीवास्तव ने लोगों से यातायात नियमों का पालन करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा सभी की जिम्मेदारी है और नियमों का पालन करने से सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली जनहानि को काफी हद तक रोका जा सकता है।

साथ ही उन्होंने स्पष्ट किया कि यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ आगे भी इसी तरह सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

### फूल तोड़ने गए किराना व्यापारी को डंपर ने रौंदा इलाज के दौरान मौत

**गोंडा, समृद्धि न्यूज़।** रुपईडीह क्षेत्र के कौड़िया थाना अंतर्गत लैबुड़वा गांव में गुरुवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे में किराना व्यापारी की मौत हो गई। रोज की तरह फूल तोड़ने निकले 46 वर्षीय दिनेश कुमार गुप्ता उर्फ पप्पू को गिट्टी से लदे डंपर ने पीछे से टक्कर मार दी। गंभीर रूप से घायल दिनेश ने जिला अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। जानकारी के अनुसार, लैबुड़वा गांव निवासी दिनेश कुमार गुप्ता उर्फ पप्पू (46) कौड़िया बाजार चौराहे पर किराना की दुकान चलाकर परिवार का भरण-पोषण करते थे। गुरुवार सुबह करीब 5:40 बजे वह रोज की तरह करनैलगंज-आर्यनगर मार्ग पर फूल तोड़ने के लिए जा रहे थे। इसी दौरान थाना मोड़ के पास करनैलगंज की ओर से आ रहे गिट्टी से लदे तेज रफ्तार डंपर ने उन्हें पीछे से टक्कर मार दी।

### टिकरी जंगल में 68 वर्षीय वृद्ध का शव मिलने से सनसनी



**वजीरगंज/गोंडा, समृद्धि न्यूज़।** वजीरगंज थाना क्षेत्र के टिकरी जंगल में 68 वर्षीय एक वृद्ध का शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक की पहचान पोदरी पुत्र गरीब (68 वर्ष) निवासी ग्राम नौशहरा कुंजलपुर, थाना कोतवाली मनकापुर के रूप में हुई। उनका शव वजीरगंज क्षेत्र के बेलिया अड़्मल के पास स्थित टिकरी जंगल में मिला। परिजनों के अनुसार, पोदरी रविवार सुबह घर से निकले थे, लेकिन देर शाम तक वापस नहीं लौटे।

## डीएम के निर्देश पर 24 घंटे के भीतर मृतक के परिजनों को मिली 5 लाख रुपये की आर्थिक सहायता

▸ विधायक व उपजिलाधिकारी ने पीड़ित परिवार के घर पहुंचकर सौंपा सहायता राशि का चेक, प्रशासन ने हरसंभव सहयोग का दिया भरोसा

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज़।** जनपद के तहसील तरबगंज अंतर्गत ग्राम सनौली मोहम्मदपुर में मगरमच्छ के हमले में हुई दुखद घटना के उपरांत जिला प्रशासन ने त्वरित संवेदनशीलता एवं मानवीय



दृष्टिकोण का परिचय देते हुए मृतक भानू के परिजनों को 24 घंटे के भीतर आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई। जिलाधिकारी श्रीमती प्रियंका निरंजन के निर्देशानुसार मृतक की पत्नी श्रीमती किरन को राज्य आपदा मोचक निधि के अंतर्गत 5 लाख रुपये की आर्थिक सहायता का चेक प्रदान किया गया। विधायक तरबगंज प्रेम नरायन पाण्डेय एवं उपजिलाधिकारी तरबगंज प्रदीप कुमार सिंह स्वयं पीड़ित परिवार के घर पहुंचे और श्रीमती किरन को 5 लाख रुपये का चेक सौंपते हुए शोक संवेदना व्यक्त की। इस अवसर पर उन्होंने परिवार को ढांढस बंधाया तथा आश्वस्त किया कि इस कठिन समय में शासन एवं जिला प्रशासन उनके साथ पूरी संवेदनशीलता के साथ खड़ा है। जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने घटना की जानकारी मिलते ही संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई तत्काल पूर्ण करने के निर्देश दिए थे। उनके निर्देशों के अनुपालन में प्रशासन द्वारा सभी औपचारिकताएं प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण करते हुए मात्र 24 घंटे के भीतर सहायता राशि स्वीकृत कर पीड़ित परिवार तक पहुंचाई गई। इस अवसर पर अधिकारियों ने क्षेत्रवासियों से अपील की कि नदी, तालाब एवं जलाशयों के आसपास मगरमच्छ अथवा अन्य जंगली जीवों की गतिविधि दिखाई देने पर तत्काल वन विभाग एवं स्थानीय प्रशासन को सूचना दें। साथ ही लोगों से जलाशयों के समीप अनावश्यक रूप से जाने से बचने तथा सुरक्षा संबंधी निर्देशों का पालन करने का आग्रह किया गया। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया कि आपदा अथवा वन्यजीव हमलों जैसी घटनाओं में प्रभावित परिवारों को शासन की निर्धारित व्यवस्था के अनुरूप शीघ्र राहत उपलब्ध कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है।

## मेडिकल कॉलेज ने रचा नया इतिहास, पहली बार दूरबीन तकनीक से सफल ऑपरेशन

**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** महाराजा सुहेलदेव स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय एवं महर्षि बालार्क चिकित्सालय, बहराइच ने चिकित्सा सेवाओं के क्षेत्र में एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि अपने नाम दर्ज की है। मेडिकल कॉलेज के सर्जरी विभाग ने पहली बार अत्याधुनिक दूरबीन (लेप्रोस्कोपिक) तकनीक से सफल ऑपरेशन कर मरीज को नई जिंदगी दी।लखीमपुर निवासी 27 वर्षीय ऋचा मिश्रा, जो लंबे समय से गॉलब्लैडर



(पित्ताशय) में पथरी की समस्या से पीड़ित थीं, का सफल ऑपरेशन सर्जरी विभाग के विशेषज्ञ डॉ. अमित श्रीवास्तव एवं उनकी टीम ने आधुनिक लेप्रोस्कोपिक तकनीक के माध्यम से किया।डॉ. अमित श्रीवास्तव ने बताया कि मरीज के गॉलब्लैडर में पथरी होने के कारण इस आधुनिक तकनीक का उपयोग किया गया। इस विधि में बड़ा चीरा लगाने की आवश्यकता नहीं होती, जिससे मरीज को कम दर्द होता है, संक्रमण का खतरा घटता है और रिकवरी भी तेजी से होती है। मरीज को कम समय में अस्पताल से छुट्टी मिल जाती है। उन्होंने बताया कि इसी तकनीक से अपेंडिक्स, हर्निया तथा गर्भाशय (यूटेरस) से संबंधित ऑपरेशन भी सफलतापूर्वक किए जा रहे हैं।

# नशामुक्त जीवन अपनाना आवश्यक : राज्यपाल

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**



उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल की प्रेरणा से गुरूवार को जनभवन में पुलिस विभाग, एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स (एएनटीएफ) तथा नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) के संयुक्त तत्वावधान में जनभवन के अधिकारियों एवं कर्मचारियों तथा जनभवन आदर्श माध्यमिक विद्यालय के विद्यार्थियों हेतु नशा मुक्ति जन-जागरूकता अभियान कार्यक्रम का आयोजन हुआ।

कार्यक्रम में विशेषज्ञ अधिकारियों द्वारा नशीले पदार्थों की पहचान, उनके दुष्प्रभाव, नशे की लत लगने के प्रमुख कारण, रोकथाम एवं बचाव के उपायों पर विस्तार से जानकारी दी गई। इस दौरान पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन (पीपीटी) तथा लघु जागरूकता वीडियो के माध्यम से भी प्रतिभागियों को नशे के दुष्परिणामों एवं उससे बचाव के उपायों के संबंध में जागरूक किया गया। राज्यपाल ने जनभवन के 05 कर्मचारियों को नशा त्यागने के संकल्प के लिए प्रमाण-पत्र प्रदान किए तथा सभी से स्वयं नशामुक्त रहने और समाज को भी नशामुक्त बनाने के लिए सक्रिय योगदान देने का आह्वान किया। साथ ही कार्यक्रम में उपस्थित सभी अधिकारियों, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों को नशे के विरुद्ध शपथ भी दिलाई गयी। राज्यपाल ने आदर्श माध्यमिक विद्यालय, जनभवन के 'नशा मुक्ति प्रहरी' के रूप में नामित 05 विद्यार्थियों को बैज प्रदान कर अलंकृत किया।

### सही समय पर उठाया गया एक छोटा-सा कदम जीवन में बड़ा सकारात्मक परिवर्तन ला सकता है

साथ ही प्रतिभागियों को नशीले पदार्थों से दूर रहकर स्वस्थ जीवनशैली अपनाने, खेलकूद एवं अन्य रचनात्मक गतिविधियों में सहभागिता बढ़ाने, सामाजिक रूप से सक्रिय रहने, सकारात्मक जीवन लक्ष्य निर्धारित करने तथा आवश्यकता पड़ने पर नशा मुक्ति केंद्रों एवं सहायता सेवाओं से संपर्क करने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर यह संदेश भी दिया गया कि सही समय पर उठाया गया एक छोटा-सा कदम जीवन में बड़ा सकारात्मक परिवर्तन ला सकता है। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा नशा उन्मूलन के लिए किए जा रहे प्रयासों की भी जानकारी दी गई। बताया गया कि राज्य में एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स (एएनटीएफ) के गठन, व्यापक जन-जागरूकता अभियानों, नुक्कड़ नाटकों, राष्ट्रीय हेल्पलाइन, नशा मुक्ति केंद्रों तथा अन्य समन्वित प्रयासों के माध्यम से समाज को नशे के दुष्प्रभावों से बचाने के लिए निरंतर कार्य किया जा रहा है।

# सीएम ने श्रावण मास के प्रथम दिन बाबा विश्वनाथ व काल भैरव मंदिर में किया दर्शन-पूजन

**▸ श्रावण मास में प्रभावी एवं निर्बाध व्यवस्था के दिए निर्देश**

**वाराणसी/लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**





मुख्यमंत्री एवं गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ श्रावण मास के प्रथम दिन सुबह काशी विश्वनाथ मंदिर में दर्शन करने पहुंचे। काशी कोतवाल बाबा काल भैरव मंदिर तथा श्री काशी विश्वनाथ धाम में विधि-विधान से दर्शन-पूजन कर प्रदेश और देशवासियों के सुख, शांति, समृद्धि एवं लोक कल्याण के लिए प्रार्थना की।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने श्रावण मास के दौरान श्रद्धालुओं और कांवड़ यात्रियों के लिए की गई व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त किया। प्रशासनिक अधिकारियों को निर्देश दिया कि श्रद्धालुओं एवं कांवड़ियों की सुरक्षा, सुविधा और सुगम दर्शन की व्यवस्था को पूरे श्रावण मास में प्रभावी एवं निर्बाध रूप से बनाए रखा जाए। व्यवस्थाओं की सतत निगरानी करते हुए श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न होने देने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री योगी सर्वप्रथम बाबा काल भैरव मंदिर पहुंचे, जहां उन्होंने वैदिक रीति से पूजा-अर्चना एवं आरती कर बाबा का आशीर्वाद प्राप्त किया। मुख्यमंत्री यहां से श्री काशी विश्वनाथ धाम पहुंचे। यहां उन्होंने बाबा विश्वनाथ मंदिर के गर्भगृह में प्रवेश कर षोडशोपचार विधि से पूजन-अर्चन किया और देशवासियों के कल्याण, सुख-शांति एवं समृद्धि की कामना की।

## खबरें एक नजर में

### सपा छात्र सभा के कार्यकर्ताओं ने किया प्रदर्शन

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ में सपा छात्र सभा के करीब 700 कार्यकर्ताओं ने गुरुवार को प्रदर्शन किया। जिसमें बस्ती से आए अखिलेश यादव नाम के ही कार्यकर्ता ने सपा प्रमुख अखिलेश यादव का टैटू सीने पर बनवा कर पहुंचा। इस दौरान उसने कहा कि अखिलेश यादव कलियुग के कन्हैया हैं। दोपहर 2 बजे सपा छात्र सभा के कार्यकर्ता समाजवादी पार्टी के झंडे और स्लोगन लिखे पोस्टर लेकर इकट्ठा हो गए। यहां नारेबाजी करने लगे। इनकी मांग थी कि यूपी की सभी यूनिवर्सिटी में छात्रसंघ चुनाव कराए जाएं। कहीं भी फीस न बढ़ाई जाए। सभी विश्वविद्यालयों में छात्रों के निष्कासन पर रोक लगे। इन्हीं मांगों के साथ वे लखनऊ में प्रदर्शन करने पहुंचे। प्रदर्शन के दौरान पुलिस ने सपा के प्रदेश सचिव जय सिंह को आगे बढ़ने से रोका। इस पर उन्होंने पुलिस से कहा, हमें प्रदर्शन करने से क्यों रोका जा रहा है।

### लिव-इन में रह रही युवती ने की आत्महत्या

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ के कृष्णानगर इलाके में लिव-इन रिलेशनशिप में रह रही एक युवती ने बुधवार देर रात फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मामले में मृतका के परिजनों ने लिव-इन पार्टनर पर मानसिक और आर्थिक शोषण, धोखा देने और प्रताड़ित करने का आरोप लगाया है। पुलिस को 6 पेज का सुसाइड नोट मिला है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। उसे गिरफ्तार करके जेल भेज दिया है। पुलिस के मुताबिक, आशियाना सेक्टर-एम1 निवासी शिवानी गुप्ता का पिछले करीब चार वर्षों से एलडीए कॉलोनी सेक्टर-डी1 निवासी इलेक्ट्रिक कारोबारी वरुण श्रीवास्तव से प्रेम संबंध था। आरोप है कि वरुण पहले से शादीशुदा है और तीन बच्चों का पिता है, लेकिन उसने यह बात छिपाकर शिवानी को अपने प्रेमजाल में फंसा लिया। वर्ष 2022 से वह कृष्णानगर क्षेत्र की पराग रोड स्थित एक कॉलोनी के एमबी-303 फ्लैट में उसके साथ लिव-इन में रह रही थी। कृष्णानगर थाना प्रभारी पी.के. सिंह ने बताया कि मृतका की बहन की तहरीर और सुसाइड नोट के आधार पर आरोपी वरुण श्रीवास्तव के खिलाफसंबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

### रोजगार मेले में 230 अभ्यर्थी हुए शामिल

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** लखनऊ के राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) अलीगंज में गुरुवार को रोजगार मेले का आयोजन किया गया। जॉब फेयर में 230 अभ्यर्थियों ने हिस्सा लिया, जिनमें 40 महिला अभ्यर्थी भी शामिल रहीं। रोजगार मेले में शामिल होने के लिए सुबह से ही अभ्यर्थियों के आने का सिलसिला शुरू हो गया। रोजगार मेले में टाटा मोटर्स लखनऊ, वेकमेट इंडिया, हिंदुस्तान सोलर, कांकर्ड कंट्रोल सिस्टम्स और एसबीआई इंश्योरेंस सहित कई प्रतिष्ठित कंपनियों ने भाग लिया। आईटीआई के प्लेसमेंट ऑफिसर एमए खान ने बताया कि अभ्यर्थियों का पंजीकरण करने के बाद लिखित परीक्षा और साक्षात्कार के आधार पर चयन हो रहा है। योग्यता और कौशल के आधार पर सेलेक्शन होगा। शाम तक फाइनल लिस्ट रिलीज होगी आईटीआई अलीगंज के प्रिंसिपल डॉ.राज कुमार यादव ने बताया कि ऐसे रोजगार मेलों का उद्देश्य युवाओं को उद्योगों से जोड़ना, उनकी रोजगार क्षमता बढ़ाना और स्थानीय व राष्ट्रीय स्तर की कंपनियों में नौकरी के अवसर उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि संस्थान आगे भी नियमित रूप से रोजगार मेलों का आयोजन करता रहेगा, ताकि अधिक से अधिक युवाओं को रोजगार मिल सके।

### तेज रफ्तार कार ने युवक को रौंदा, मौत

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी लखनऊ में शहीद पथ पर तेज रफ्तार कार की टक्कर से एक युवक की मौत हो गई। हादसे के बाद पुलिस ने मृतक के परिजनों की तहरीर पर एफआईआर दर्ज कर ली है। परिजनों का आरोप है कि कार ड्राईवर शराब के नशे में था और लापरवाही से गाड़ी चला रहा था। पुलिस मामले की जांच कर रही है। परिजनों के मुताबिक, 29 जुलाई की रात करीब 10 से 11 बजे के बीच शहीद पथ स्थित ओवरपास पर कार संख्या यूपी-32 पीई-6800 के चालक ने तेज रफ्तार और लापरवाही से वाहन चलाते हुए अपूर्व अग्रवाल को टक्कर मार दी। हादसे में अपूर्व गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। 30 जुलाई को पीजीआई थाने में दी गई तहरीर में परिजनों ने आरोप लगाया कि हादसे के समय कार चालक शराब के नशे में था। चालक की लापरवाही और तेज रफ्तार के कारण यह दुर्घटना हुई। शिकायत में आरोपी चालक का नाम और पता भी पुलिस को उपलब्ध कराया गया है। परिजनों की शिकायत के आधार पर पीजीआई पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज, प्रत्यक्षदर्शियों के बयान और अन्य साक्ष्यों के आधार पर हादसे की परिस्थितियों की जांच कर रही है। साथ ही यह भी जांच की जा रही है कि हादसे के समय चालक शराब के नशे में था या नहीं। मृतक के परिजनों का कहना है कि लापरवाही से वाहन चलाने के कारण उन्होंने अपना बेटा खो दिया। उन्होंने पुलिस से आरोपी की जल्द गिरफ्तारी और मामले में निष्पक्ष व सख्त कार्रवाई की मांग की है।

# सरकार खादी को बना रही आत्मनिर्भरता का सशक्त माध्यम : सचान

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**



प्रदेश के खादी एवं ग्रामोद्योग, रेशम, हथकरघा एवं वस्त्रोद्योग मंत्री राकेश सचान ने गुरुवार को खादी भवन, डालीबाग में विभागीय योजनाओं की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में योजनाओं के क्रियान्वयन, प्रशिक्षण, बजट व्यय, लंबित न्यायिक प्रकरणों और अनुशासनिक जांचों सहित समग्र कार्यों की प्रगति का बिंदुवार परीक्षण किया गया।

मंत्री राकेश सचान ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार खादी, ग्रामोद्योग, हथकरघा एवं रेशम क्षेत्र को ग्रामीण अर्थव्यवस्था और रोजगार सृजन का मजबूत आधार बना रही है। योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक समयबद्ध ढंग से पहुंचे और बजट का शत-प्रतिशत उपयोग सुनिश्चित हो।

उन्होंने निर्देश दिए कि मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना, पंडित दीनदयाल ग्रामोद्योग विकास सहायता योजना, गुणवत्ता सुधार, कौशल प्रशिक्षण सहित सभी योजनाओं के लक्ष्य समय सीमा में पूरे किए जाएं। बैंक स्तर पर लंबित प्रकरणों का त्वरित निस्तारण कर पात्र लाभार्थियों को शीघ्र ऋण उपलब्ध कराया जाए, ताकि ग्रामीण युवाओं के लिए स्वरोजगार के अवसर सृजित हों। बैठक में प्रशिक्षण केंद्रों की अवस्थापना, मरम्मत, छात्रावास सुदृढ़ीकरण, वर्षा जल संचयन, सुरक्षा व्यवस्था और उपकरणों की उपलब्धता की भी समीक्षा हुई। मंत्री सचान ने सभी प्रशिक्षण केंद्रों को आधुनिक सुविधाओं से लैस करने और बस्ती सहित विभिन्न केंद्रों के विकास कार्य शीघ्र पूरे करने के निर्देश दिए। मंत्री राकेश सचान ने खादी उत्पादों की ब्रांडिंग, प्रचार-प्रसार और विपणन पर विशेष ध्यान देने को कहा। उन्होंने सभी बिक्री केंद्रों, प्रशिक्षण संस्थानों और परिसंपत्तियों का सर्वे कर अधिक ग्राहकों वाले स्थानों पर नए खादी स्टोर खोलने, विश्वविद्यालयों, तकनीकी संस्थानों, मेडिकल कॉलेजों और सार्वजनिक स्थलों पर खादी उत्पादों की उपलब्धता बढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने आगामी खादी प्रदर्शनी एवं महोत्सवों के व्यापक प्रचार-प्रसार सहित विभिन्न मंचों से खादी को बढ़ावा देने के आह्वान को जन-जन तक पहुंचाने और इसे जन आंदोलन बनाने पर जोर दिया। कुशीनगर में निर्माणाधीन कॉमन फैसिलिटी सेंटर के लिए मशीनों की खरीद और स्थापना में तेजी लाकर समयसीमा में संचालन शुरू करने के निर्देश भी दिए।

# सावन के पहले दिन शिवालयों में भोर से उमड़ी भीड़, दर्शन को लगी कतारें

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**



सावन के पहले दिन भोर से ही राजधानी लखनऊ के शिवालयों में भीड़ उमड़ पड़ी है। सुबह से ही भक्त भगवान शिव का जलाभिषेक, दुग्धाभिषेक और बेलपत्र अर्पित करने के लिए मंदिरों में पहुंच रहे हैं। पूरे शहर का धार्मिक माहौल शिवमय है।

इस बार सावन में चार सोमवार पड़ रहे हैं, जिनमें पहला सोमवार 3 अगस्त को होगा। इसे देखते हुए मंदिर प्रशासन और जिला प्रशासन ने विशेष तैयारियां शुरू कर दी हैं। शहर के मनकामेश्वर मंदिर, बुद्धेश्वर महादेव मंदिर, कोनेश्वर महादेव, चंद्रिका देवी परिसर स्थित शिव मंदिर, खाटू श्याम परिसर के शिवालय और विभिन्न मोहल्लों के प्राचीन शिव मंदिरों में शिवभक्त सुबह से हाजिरी लगा रहे हैं। मेयर सुषमा खर्कवाल ने नगर आयुक्त गौरव कुमार के साथ चौक में कोनेश्वर महादेव के दर्शन किए। मंदिर समितियों के अनुसार 3 अगस्त को पहले सावन सोमवार पर सबसे अधिक भीड़ रहने की संभावना है। इसके लिए बैरिकेडिंग, पेयजल, मेडिकल सहायता और दर्शन की अलग-अलग लाइनें बनाई जा रही हैं। कई मंदिरों में रुद्राभिषेक, महामृत्युंजय जाप और भजन-कीर्तन का भी आयोजन होगा। सावन में लखनऊ के मनकामेश्वर, बुद्धेश्वर, सिद्धनाथ और कोनेश्वर मंदिरों के आसपास यातायात व्यवस्था में बदलाव रहेगा।

# महिलाओं के हाथों बनेगा राष्ट्रगौरव का प्रतीक तिरंगा : केशव प्रसाद मौर्य

**▸ दो करोड़ तिरंगों के निर्माण में जुटेंगी स्वयं सहायता समूहों की महिलाएं**

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**



उत्तर प्रदेश में आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत आयोजित किए जा रहे 'हर घर तिरंगा अभियान-2026' को जनभागीदारी, राष्ट्रप्रेम और महिला सशक्तिकरण के उत्सव के रूप में व्यापक स्तर पर सफल बनाने की तैयारियां उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के दिशा-निर्देशन में तेज कर दी गई हैं।

अभियान अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों के लिए निर्धारित 2 करोड़ तिरंगों का निर्माण उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन अंतर्गत गठित स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं द्वारा किया जाएगा। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान पर प्रारंभ हुआ 'हर घर तिरंगा अभियान' आज जन-जन के मन में राष्ट्रभक्ति, राष्ट्रीय एकता और तिरंगे के प्रति सम्मान की भावना को और अधिक सशक्त करने वाला जनआंदोलन बन चुका है। यह अभियान देश की एकता, अखंडता और गौरवशाली राष्ट्रीय चेतना का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाएं केवल तिरंगे का निर्माण ही नहीं कर रही हैं, बल्कि अपने श्रम, कौशल और आत्मविश्वास के माध्यम से आत्मनिर्भर भारत तथा विकसित भारत के संकल्प को भी साकार कर रही हैं। ग्रामीण महिलाओं द्वारा निर्मित तिरंगा उनके आर्थिक सशक्तिकरण के साथ-साथ राष्ट्र निर्माण में उनकी सक्रिय भागीदारी का भी प्रतीक बनेगा।

उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। 'हर घर तिरंगा अभियान-2026' महिलाओं के लिए रोजगार एवं आय के नए अवसर सृजित करने के साथ-साथ उनके उत्पादों को व्यापक बाजार उपलब्ध कराने की दिशा में भी महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाएगा कि तिरंगों का निर्माण भारतीय ध्वज संहिता के निर्धारित मानकों के अनुरूप हो तथा स्वयं सहायता समूहों को समयबद्ध और पारदर्शी तरीके से भुगतान प्राप्त हो।

निदेशक ग्रामीण आजीविका मिशन के मिशन अरुण कुमार ने प्रदेश के जिलाधिकारियों को अभियान के सफल संचालन के संबंध में दिशा-निर्देश जारी किए हैं।

# दान-चंदे में चोरी कर किया महापाप और अपराध : अखिलेश

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**



समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव ने गुरुवार को भारतीय जनता पार्टी और उसके सहयोगियों पर एक नया हमला बोलते हुए, उन पर जनता के विश्वास और धार्मिक भावनाओं के साथ कथित तौर पर विश्वासघात करके महापाप करने का आरोप लगाया।

एक्स पर साझा किए गए एक बयान में, यादव ने आरोप लगाया कि भाजपा और उसके सहयोगियों ने धार्मिक संस्थानों से जुड़े दान, गुप्त चंदे और भूमि लेनदेन से संबंधित कथित अनियमितताओं के माध्यम से भक्ति को कमजोर किया है। भाजपा और उनके संगी-साथी आस्था के साथ विश्वासघात के महापाप और अपराध के दोषी हैं! देश की आस्थावान जनता का मानना है कि भाजपा और उनके संगी-साथियों ने श्रद्धा में सेंधमारी करते हुए जिस तरह-दान-पात्र से चढ़ावा-चंदा चोरी की है-गुप्त दान में महा-घपले किये हैं।

उन्होंने कहा कि भाजपा और उनके सहयोगी भक्ति के साथ-साथ आस्था से विश्वासघात के महापाप और अपराध के दोषी हैं। सपा नेता ने आरोप लगाया कि दान राशि के कथित दुरुपयोग, रसीदें जारी करने में अनियमितताएं और अयोध्या में भूमि सौदों को लेकर सवाल उठ रहे हैं। उन्होंने सत्ता में बैठे लोगों पर जवाबदेही और पारदर्शिता में विफल रहने का आरोप लगाया। उन्होंने आरोप लगाया कि जिन व्यक्तियों ने आपत्तियां उठाईं, उन्हें हटा दिया गया और दावा किया कि कथित अनियमितताओं से संबंधित सबूतों को ठीक से संरक्षित या जांचा नहीं गया। इस मामले को जनता के विश्वास का सवाल बताते हुए, सपा प्रमुख ने कहा कि संसद में सार्वजनिक धन के कथित दुरुपयोग का मुद्दा उठाना एक धार्मिक कर्तव्य है। यादव ने अपनी पोस्ट में कहा, जो भी भाजपा का सहयोगी है, वह राम का द्रोही और महापापी है।

### राज्य योजना के तहत सात सेतुओं के कार्यों के लिए धनराशि आवंटित

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा राज्य योजना (ग्रामीण) के अंतर्गत प्रयागराज क्षेत्र के विभिन्न जनपदों के 07 सेतुओं के चालू कार्यों हेतु 08 करोड़ 82 लाख 75 हजार की धनराशि आवंटित कर दी गयी है।

इस सम्बन्ध में आवश्यक शासनादेश उत्तर प्रदेश शासन लोक निर्माण विभाग द्वारा जारी कर दिया गया है। जारी शासनादेश में निर्देशित किया गया है कि राज्य योजनान्तर्गत निर्माणाधीन सेतु की गुणवत्ता एवं निर्माण की प्रगति की नियमित समीक्षा कर निर्धारित समयान्तर्गत पूर्ण किया जाए तथा समीक्षा रिपोर्ट नियमित रूप से उपलब्ध करायी जाए।

# कुष्ठ रोग से प्रभावित दिव्यांगजन के लिए सहारा बनी सरकार

**▸ लाभार्थियों को 3,000 रुपये प्रतिमाह की आर्थिक सहायता**

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

उ.प्र. सरकार समाज के कमजोर और वंचित वर्गों को सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने के लिए लगातार कार्य कर रही है। इसी क्रम में दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग की कुष्ठावस्था पेंशन योजना, कुष्ठ रोग से उपचार के बाद दिव्यांगता से प्रभावित लोगों के लिए महत्वपूर्ण आर्थिक सहारा बनी है। योजना के तहत पात्र लाभार्थियों को नियमित पेंशन प्रदान की जा रही है। वित्तीय वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही में 13 हजार से अधिक पात्र लाभार्थियों को कुष्ठावस्था पेंशन योजना का लाभ मिल गया है।

दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग के उप निदेशक डॉ. अमित कुमार राय ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2026-27 की प्रथम तिमाही में योजना के तहत कुल 13,734 कुष्ठजनित दिव्यांगजन को लाभान्वित किया गया है। इस अवधि में सरकार द्वारा 1231.17 लाख रुपये (12.31 करोड़ रुपये) की धनराशि व्यय की गई है। पात्र लाभार्थियों को 3,000 रुपये प्रतिमाह की दर से आर्थिक सहायता प्रदान की जा रही है। कुष्ठावस्था पेंशन योजना का उद्देश्य ऐसे दिव्यांगजन एवं कुष्ठ रोग से प्रभावित व्यक्तियों को आर्थिक सहायता उपलब्ध कराना है, जिनके परिवार की आय उनके भरण-पोषण के लिए पर्याप्त नहीं है। यह योजना केवल आर्थिक सहयोग तक सीमित नहीं है, बल्कि लाभार्थियों को सम्मानजनक जीवन जीने और समाज की मुख्यधारा से जोड़ने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। योजना के अंतर्गत कुष्ठ रोग के कारण किसी भी स्तर की दिव्यांगता से प्रभावित व्यक्ति पात्र हैं।

इस योजना में दिव्यांगता का प्रतिशत पात्रता में बाधक नहीं है। पात्रता के लिए संबंधित जनपद के मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा जारी दिव्यांगता प्रमाणपत्र आवश्यक है। इसके अतिरिक्त आवेदक उत्तर प्रदेश का मूल निवासी हो, उसके परिवार की वार्षिक आय 2 लाख रुपये से अधिक न हो तथा वह किसी अन्य सरकारी पेंशन योजना का लाभ प्राप्त न कर रहा हो। उपनिदेशक डॉ. अमित कुमार राय ने कहा कि योजना का लाभ प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक समयबद्ध, पारदर्शी और प्रभावी ढंग से पहुंचे तथा कोई भी पात्र आवेदक इस महत्वपूर्ण सामाजिक सुरक्षा योजना से वंचित न रहे।

# एशियन किड्स में मनाया गया राष्ट्रीय बाघ दिवस

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**




एशियन किड्स ठाकुरगंज में राष्ट्रीय बाघ दिवस बड़े उत्साह एवं उमंग के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों को बाघ संरक्षण एवं वन्यजीवों के महत्व के प्रति जागरूक करने के लिए विभिन्न शैक्षिक एवं मनोरंजक गतिविधियों का आयोजन किया गया।

नन्हे विद्यार्थियों ने बाघ विषय पर आधारित चित्रकला, क्राफ्ट, रंग भरने की गतिविधियों, कहानी वाचन, रोल-प्ले तथा जागरूकता सत्रों में उत्साहपूर्वक भाग लिया। इन गतिविधियों के माध्यम से बच्चों को भारत के राष्ट्रीय पशु बाघ के महत्व, उसके प्राकृतिक आवास तथा पर्यावरणीय संतुलन बनाए रखने में उसकी महत्वपूर्ण भूमिका के बारे में जानकारी दी गई। शिक्षकों ने विद्यार्थियों को बताया कि बाघों का संरक्षण केवल एक वन्यजीव की रक्षा नहीं, बल्कि हमारे वनों, जैव विविधता और प्राकृतिक पारिस्थितिकी तंत्र की सुरक्षा भी है। बच्चों ने वन्यजीव संरक्षण का संदेश देते हुए प्रकृति और सभी जीव-जंतुओं की रक्षा करने का संकल्प लिया। इस आयोजन का उद्देश्य बच्चों में प्रारम्भिक अवस्था से ही पर्यावरण संरक्षण, वन्यजीवों के प्रति संवेदनशीलता तथा प्रकृति के प्रति उत्तरदायित्व की भावना विकसित करना था।विद्यालय के प्रबंधन एवं शिक्षकों ने विद्यार्थियों की उत्साहपूर्ण सहभागिता की सराहना करते हुए पर्यावरण संरक्षण एवं प्रकृति के प्रति जागरूक, जिम्मेदार नागरिक तैयार करने की अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। बाघ बचाओ, वन बचाओ, जैव विविधता बचाओ।

**आयोजन** — हजारों दिव्यांगजन जुड़ेंगे रोजगार व स्वरोजगार से

# 3 से 10 अगस्त तक चलेगा दिव्यांगजन रोजगार अभियान

- **कौशल विकास मिशन करेगा आयोजन**
- **टॉप-5 जिलों के डीएम व टीम को शासन स्तर पर मिलेगा सम्मान**
- **दिव्यांगजनों को आत्मनिर्भर बनाना योगी सरकार की प्राथमिकता : कपिलदेव**

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**



दिव्यांगजनों को आर्थिक रूप से सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने के लिए योगी सरकार द्वारा प्रदेश भर में दिव्यांगजन रोजगार अभियान 3.0 का आयोजन 3 से 10 अगस्त तक किया जा रहा है। व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास, उद्यमशीलता मंत्री कपिल देव अग्रवाल ने बताया कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में दिव्यांगजनों को सम्मानजनक आजीविका से जोड़ना सरकार की प्राथमिकता है। उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन की इस विशेष पहल का उद्देश्य कौशल प्रशिक्षण प्राप्त दिव्यांगजनों सहित अन्य योग्य इच्छुक दिव्यांग युवाओं को उनकी योग्यता और कौशल के अनुसार रोजगार और स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराना है।

अभियान के दौरान प्रदेश के राजकीय आईटीआई में विशेष रोजगारगतिविधियां आयोजित की जाएंगी। दिव्यांगअभ्यर्थियों को रोजगार के साथ विभिन्न स्वरोजगार योजनाओं की जानकारी भी दी जाएगी। जिला उद्योग एवं निर्यात प्रोत्साहन केंद्र औद्योगिक इकाइयों और व्यावसायिक संस्थानों से समन्वय कर रिक्तियों की जानकारी जुटाएगा, वहीं एमएसएमई विभाग स्वरोजगार योजनाओं और लीड बैंक के माध्यम से ऋण व वित्तीय सहायता में सहयोग करेगा।

जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी और जिला रोजगार सहायता अधिकारी रोजगार संगम पोर्टल पर पंजीकृत अभ्यर्थियों को रिक्तियों से जोड़ेंगे। अभियान की खास बात यह है कि पिछले दो चरणों में लाभान्वित दिव्यांगजनों का भौतिक सत्यापन भी किया जाएगा, ताकि उनकी वर्तमान स्थिति का आकलन हो सके। योगी सरकार की मंशा है कि कोई भी दिव्यांगजन रोजगार से वंचित न रहे। इसके लिए व्यापक प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। प्रत्येक जनपद में मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समिति बनाई गई है, जो अभियान की निगरानी और समन्वय करेगी।10 अगस्त तक सभी जनपदों से लाभान्वितों का विवरण शासन को भेजा जाएगा और सर्वाधिक रोजगार-स्वरोजगार उपलब्ध कराने वाले शीर्ष पांच जनपदों के जिलाधिकारियों और उनकी टीम को शासन स्तर पर प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। इसकी तैयारियों को लेकर 30 जुलाई को मिशन निदेशक पुलकित खरे ने सभी सीडीओ और संबंधित अधिकारियों के साथ ऑनलाइन बैठक कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

# एसपी ग्रामीण ने लिया कांवड़ यात्रा की सुरक्षा का जायजा

- खुदागंज थाने का हुआ वार्षिक निरीक्षण

**खुदागंज, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

आगामी सावन माह, कांवड़ यात्रा एवं अन्य धार्मिक आयोजनों को सकुशल एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से एसपी ग्रामीण दीक्षा भंवरे ने गुरुवार को थाने का वार्षिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने थाना परिसर की व्यवस्थाओं का बारीकी से अवलोकन करते हुए सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने के निर्देश दिए। एसपी ग्रामीण ने थाना कार्यालय, महिला हेल्प डेस्क, हवालात, बैरक, शस्त्रागार, मालखाना तथा अभिलेखागार का निरीक्षण किया। उन्होंने अभिलेखों के सुव्यवस्थित रखरखाव की सराहना करते हुए लंबित विवेचनाओं एवं प्रार्थना पत्रों के गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण के निर्देश दिए। साथ ही थाना परिसर की स्वच्छता, अनुशासन एवं अभिलेखों के रखरखाव पर विशेष ध्यान देने को कहा। इसके उपरांत उन्होंने थाना क्षेत्र के प्रमुख पुलिस पिकेटों एवं संवेदनशील स्थलों का निरीक्षण कर ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों को पूरी मुस्तैदी, सतर्कता एवं अनुशासन के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने के निर्देश दिए। उन्होंने विशेष रूप से कांवड़ यात्रा मार्गों पर सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन, भीड़ नियंत्रण तथा सोशल मीडिया पर फैलने वाली भ्रामक एवं अफवाहपूर्ण सूचनाओं पर कड़ी निगरानी रखने के निर्देश दिए, ताकि किसी भी प्रकार की अप्रिय स्थिति उत्पन्न न होने पाए। इस अवसर पर थानाध्यक्ष राकेश कुमार मौर्य ने सावन माह एवं कांवड़ यात्रा को लेकर थाना पुलिस द्वारा की गई तैयारियों एवं सुरक्षा प्रबंधों की विस्तृत जानकारी दी। निरीक्षण के दौरान सीओ विधुष सक्सेना भी उपस्थित रहे। निरीक्षण के अंत में एसपी ग्रामीण ने थाना परिसर की साफ-सफाई, मालखाने की व्यवस्था तथा अभिलेखों के सुव्यवस्थित रखरखाव पर संतोष व्यक्त करते हुए थाना प्रभारी एवं समस्त पुलिस स्टाफ के कार्यों की सराहना की तथा कानून-व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाए रखने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।




# परशुरामपुरी में कांवड़ियों के लिए विश्राम स्थल का शुभारंभ

**परशुरामपुरी, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



परशुरामपुरी में कावड़ यात्रियों की सुविधा के लिए बनाए गए नए कांवरियों के विश्राम स्थल का शुभारंभ कर दिया गया है। जलालाबाद के विधायक हरिप्रकाश वर्मा ने फीता काटकर इस विश्राम स्थल का विधिवत शुभारंभ किया। घ्आगामी कावड़ यात्रा के दौरान शिव भक्तों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, इसे ध्यान में रखते हुए इस विश्राम स्थल का निर्माण कराया गया है। यहाँ कावड़ियों के विश्राम के लिए बेहतर व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई हैं ताकि दूर-दराज से आने वाले श्रद्धालु यात्रा के दौरान कुछ पल यहाँ सुकून से बिता सकें। घ्इस अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक तालमेल की एक बेहतरीन मिसाल देखने को मिली। कार्यक्रम के दौरान नगर पालिका चेयरमैन शाकिल अहमद विशेष रूप से उपस्थित रहे। उनके साथ नगर पालिका के समस्त सभासदगण भी मौजूद रहे, जिन्होंने इस जनहित के कार्य की सराहना की और कावड़ियों की सेवा के लिए हरसंभव प्रयास करने का संकल्प लिया। घ्इस विश्राम स्थल के शुरू होने से परशुरामपुरी क्षेत्र से गुजरने वाले शिव भक्तों को बड़ी राहत मिलेगी। कार्यक्रम के अंत में अतिथियों और स्थानीय गणमान्य नागरिकों ने क्षेत्र के विकास कार्यों को लेकर चर्चा की और जनता की सुविधाओं के विस्तार पर जोर दिया। स्थानीय नागरिकों में भी इस सुविधा के शुरू होने से काफी उत्साह देखा जा रहा है।

## खबरें एक नजर में

### गोमती नदी के किनारे दलदल में धंसने से पांच भैंसों की मौत

**खुटार, शाहजहांपुर।** थाना क्षेत्र के गांव महोलिया वीरान में बुधवार को गोमती नदी के किनारे एक दुखद हादसा हो गया। नदी के दलदली हिस्से में फंसने से पांच भैंसों की मौत हो गई। घटना के बाद पशुपालक परिवार सदमे में है और पूरे गांव में मायूसी का माहौल है। जानकारी के अनुसार, गांव निवासी बाबूराम पुत्र नन्हकू रोजाना की तरह अपनी भैंसों को चराने के लिए गोमती नदी के किनारे ले गए थे। दोपहर के समय भैंसें नदी में उतर गईं, लेकिन किनारे के दलदली क्षेत्र में एक-एक कर धंसती चली गईं। शोर सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और काफी देर तक उन्हें बाहर निकालने का प्रयास किया, लेकिन सभी कोशिशें नाकाम रहीं। दलदल में फंसने और पानी में डूबने से पांचों भैंसों ने दम तोड़ दिया। हादसे से पशुपालक को भारी आर्थिक नुकसान हुआ है। बाबूराम ने घटना की सूचना पुलिस को दी है। ग्रामीणों ने प्रशासन से पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने की मांग की है। साथ ही नदी किनारे दलदली क्षेत्रों को चिह्नित कर सुरक्षा के उपाय किए जाने की भी मांग उठाई है।

### तीन स्वर्ण पदकों पर एसएस कालेज का कब्जा

**शाहजहांपुर।** महात्मा ज्योतिबा फुले रूहेलखंड विश्वविद्यालय बरेली के 24वें दीक्षांत समारोह के लिए सत्र 2025-26 में उत्तीर्ण एवं स्वर्ण पदक हेतु अर्ह अभ्यर्थियों की जारी टॉपर मेरिट सूची में स्वामी शुकदेवानंद कॉलेज के तीन मेधावी विद्यार्थी उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए स्वर्ण पदक हेतु दावेदार बने हैं। इस उपलब्धि ने वर्तमान विश्वविद्यालय के साथ साथ जनपद का गौरव बढ़ाया है। जारी मेरिट सूची के अनुसार बी.एससी. (जीवविज्ञान) के छात्र अनिकेत पांडेय ने 86.30 प्रतिशत अंक प्राप्त कर स्वर्ण पदक के लिए स्थान बनाया है। वहीं एम.एससी. (रसायन विज्ञान) की छात्रा आकांक्षा यादव ने 81 प्रतिशत अंक अर्जित कर अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट परिचय दिया है। इसके अतिरिक्त बी.कॉम. (फाइनेंस) की छात्रा आकांक्षा शुक्ला ने 68.92 प्रतिशत अंकों के साथ स्वर्ण पदक हेतु अर्हता प्राप्त की है। वर्तमान विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो पुष्पेंद्र बहादुर सिंह ने तीनों विद्यार्थियों की इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

### कार की टक्कर से सांड की मौत



**पुवायां, शाहजहांपुर।** आए दिन आवारा पशुओं से सड़क दुर्घटनाएं घटित हो रही है। इन सड़क दुर्घटनाओ में न जाने कितने ही लोगों की जान जा चुकी हैं और वही दूसरी ओर आवारा पशु भी मौत का शिकार हो रहे हैं। ऐसी ही एक घटना सामने आई है। जहां एक कार ओवरब्रिज पर घूम रहे सांड से टकरा गई। टक्कर इतनी तेज थी कि सांड की जान चली गई। वही कार के एयरबैग खुल गए और कार सवार दंपति बाल बाल बच गए। शाहजहांपुर से पलिया जा रहे उत्तराखंड के अल्मोड़ा निवासी कार चालक ओमप्रकाश राज एवं उनकी पत्नी गुड्डी राज कार से पलिया जा रहे थे। जब उनकी कार पुवायां से खुटार मार्ग पर गांव धारा के पास स्थित फ्लाई ओवर के अंतिम छोर पर पहुंची तो सड़क पर घूम रहे एक सांड से टकरा गई। टक्कर में कार अगला हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया और अगले दोनों एयरबैग खुल गए जिससे दंपति की जान बच गई। लेकिन वही सांड की जान चली गई। कार चालक ओमप्रकाश ने बताया कि वह बिहार के गया में पुलिस असिस्टेंट के पद पर तैनात हैं और अपनी पत्नी के साथ कार से शाहजहांपुर से पलिया जा रहे थे। धारा स्थित फ्लाईओवर पर पहुंचते ही कार के सामने सांड आ गया और कार सांड से टकरा गई। उन्होंने बताया कि कार में लगे एयरबैग न खुलते तो अप्रिय घटना घट सकती थी। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंच गई। सड़क दुर्घटना में नंदी की मौत की खबर मिलते ही नगरपालिका द्वारा जेसीबी मशीन मौके पर पहुंच गई और मृत पड़े नंदी के शव को दफनाया गया।

### गंगा आरती एवं जन-जागरूकता अभियान में उमड़ा सेवा का भाव



**शाहजहांपुर।** जिला गंगा समिति अन्तर्गत कल गुरु पूर्णिमा के अवसर पर सायंकाल जनपद में गंगा-गो-प्रकृति एवं स्वदेशी जनसंकल्प के तहत माह की प्रत्येक पूर्णमासी को राज घाट (गर्रा नदी) पर मां गंगा आरती कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम का शुभारम्भ जनपद के उद्योगपति एवं जिला गंगा समिति सदस्य अशोक अग्रवाल एवं विशिष्ट अतिथि भोर फाउंडेशन की अध्यक्ष स्वाति सिंह ने किया। कार्यक्रम में क्षेत्र के अनेक सामाजिक एवं आध्यात्मिक कार्यकर्ताओं ने सहभागिता की। आयोजकों ने नमामि गंगे परियोजना से जुड़े अधिकारियों एवं सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया। मुख्य अतिथिं ने अपने सम्बोधन में कहा कि गंगा आरती का उद्देश्य केवल धार्मिक आयोजन तक सीमित नहीं, बल्कि नदियों की स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण और जनजागरूकता को बढ़ावा देना भी है। विशिष्ट अतिथि से इस प्रकार के आयोजन की सराहना करते हुये उपस्थित नागरिकों से गंगा एवं प्रकृति संरक्षण के लिए सामूहिक संकल्प लेने का सन्देश दिया। गंगा आरती से जनजागरण तक, श्रद्धा से सेवा तक और सेवा से स्वावलंबन तक आइए, हम सब मिलकर गंगा और प्रकृति की रक्षा का संकल्प लें। कार्यक्रम में वरिष्ठ समाजसेविका सावित्री शर्मा, शिवनंदन सागर, सुशील वर्मा, प्रमोद सक्सेना, राजू बग्गा, मदन कश्यप, जगजीत शर्मा, प्रिंस भटनागर, शिवम वर्मा, राखी कश्यप, अनुराधा, रेणु देवी आदि भक्तों एवं पर्यावरण प्रेमियों ने कार्यक्रम में सहभागिता की।

# वृद्ध महिला ने एसडीएम कार्यालय के सामने डीजल डालकर किया आत्मदाह का प्रयास

- वृद्धा कई बार लगा चुकी एसडीएम कार्यालय के चक्कर नहीं सुन रहे थे अफसर
- जान जोखिम में डालने के बाद हरकत में आया प्रशासन, टीम गठित

**पुवायां, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



जमीनी विवाद में एक वृद्ध महिला ने एसडीएम कार्यालय के सामने डीजल डालकर आत्मदाह का प्रयास किया। मौके पर मौजूद कुछ लोगों ने उसे बमुश्किल बचाया। उसके बाद महिला को एसडीएम कार्यालय में बैठाया गया और एसडीएम ने बात कर जमीन में हिस्सा दिलवाने के लिए मौके पर नायब तहसीलदार और पुलिस को भेजा है।

थाना क्षेत्र के गांव दिउरिया निवासी शिवदेव की पत्नी चित्रा देवी के एक पुत्र था। जिसका नाम केशव राम था। उसकी सड़क हादसे में 1 वर्ष पहले मृत्यु हो गई। उसके बाद से लगभग साढ़े तीन एकड़ जमीन पर बहू की मिलीभगत के चलते जेठ के लड़के ने ठेके पर ले लिया और उसमें धान की फसल की रोपाई कर दी। वृद्ध महिला का आरोप है की जमीन में उसे हिस्सा नहीं मिल रहा है जिससे वह और अपने पति का भरण पोषण कर सके। महिला ने एसडीम सदानंद सरोज को लगभग 20 दिन पूर्व जमीन में हिस्सा दिलाने का प्रार्थना पत्र दिया था लेकिन उसके बावजूद भी कोई कार्रवाई नहीं हुई परेशान और आर्थिक तंगी से जूझ रही चित्रा देवी ने बृहस्पतिवार को एसडीएम कार्यालय के सामने बोतल से अपने ऊपर डीजल उडेंल लिया और आत्मदाह का प्रयास किया। मौके पर मौजूद लोगों ने किसी तरह उन्हें बचाया इसके बाद एसडीएम ने उनकी बात सुनी और चित्रा तथा उनके पति शिवदेव को पुलिस की मदद से कोतवाली ले जाया गया। उनसे कोतवाली में काफी देर तक बातचीत हुई और एसडीएम ने नायब तहसीलदार जगत मोहन जोशी और निशी सिंह तथा पुलिस को मौके पर गांव भेज कर आधी जमीन पर कब्जा दिलवाने के लिए कहा। जिससे वह अपना भरण पोषण कर सकें।

> इस संबंध में एसडीएम सदानंद सरोज ने बताया है की महिला की जमीन का विवाद कोर्ट में विचाराधीन है और बहू विनीता के पास कोर्ट का स्टे है। नायब तहसीलदार मौके पर हैं, लेकिन फिर भी दोनों पक्षों के लोगों से बात कर कुछ ना कुछ हल निकाला जाएगा।

### कोर्ट में विचाराधीन है जमीन का मुकदमा

चित्रा की बहू विनीता ने जमीन का मुकदमा सिविल कोर्ट पुवायां में डाल रखा है जो अभी विचाराधीन है। बताया जाता है की विनीता के बाबा राम प्रसाद ने उसके नाम जमीन की कई साल पहले विरासत कर दी थी जिस कारण मामला चल रहा है।

### डीएम और एसपी को शिवदेव दे चुके हैं कई पत्र

महिला के पति शिवदेव डीएम और एसपी को जमीन से कब्जा मुक्त करने के लिए कई प्रार्थना पत्र दे चुके हैं लेकिन उसके बाद भी समस्या का समाधान ना हुआ तब महिला ने तंग आकर एसडीएम कार्यालय के सामने आत्मदाह करने का कदम उठाया। हरकत में आए प्रशासन ने तत्काल ही टीम को भेज कर मामले की जांच कराई।

### कई रोगों से जूझ रही वृद्धा

गंभीर रोगों से महिला और उसका पति पीड़ित है जिसका निजी अस्पताल में अलग-अलग इलाज चल रहा है। महिला ने बताया कि उसके पास इलाज के लिए रुपए भी नहीं है। वह अपनी दवाई ले सकें।

### प्रशासन पर उठ रहे सवाल

वृद्ध महिला ने प्रशासन से परेशान होकर आत्मदाह करने का प्रयास किया जहां पर तमाम लोगों ने उसके हाथ से बमुश्किल बोतल छीनी ओर उसे बचाया वहां पर मौजूद लोगों का कहना है कि प्रशासन की लापरवाही है। क्योंकि यह महिला अपनी समस्या को लेकर कई बार चक्कर लगा चुकी है लेकिन एसडीएम गरीबों व बेसहारा लोगों की सुनने के लिए तैयार नही है।

# मकान पर कब्जा करने पहुंचे लोगों ने लगा दी आग



**पुवायां, शाहजहांपुर।** मझिगवां गांव में मकान पर कब्जा करने तथा आग लगाने के आरोप में कई लोगों ने सीओ कार्यालय पहुंचकर पत्र देकर आरोपियों खिलाफ कार्रवाई किए जाने की मांग की। पीड़ित ने बताया कि वह कोतवाली पुलिस से शिकायत कर चुके है लेकिन पुलिस ने अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की। मझिगवां गांव के निर्मल की पत्नी रामदेवी ने सीओ को पत्र देकर कहा कि बुधबार दोपहर 2 बजे कई लोग एकत्र होकर घर में घुस आये और मारपीट कर सामान तोड़ फोड़ करने लगे तथा मकान में आग लगा दी। रामदेवी ने आरोपियों के खिलाफ कार्यबाई किए जाने की मांग की। सीओ प्रवीण मलिक ने जांच कर कार्यवाही का आश्वासन दिया।

# बिजली संकट से त्रस्त ग्रामीणों ने बिजली घर का किया घेराव

- शालू पाठक के नेतृत्व में पहुंचे सैकड़ों ग्रामीण, विद्युत विभाग के खिलाफ की जमकर नारेबाजी

**जलालाबाद, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



तहसील क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम मालूपुर में इन दिनों बिजली विभाग की घोर लापरवाही के कारण हाहाकार मचा हुआ है। भीषण गर्मी और उमस के इस दौर में ग्रामीण बिजली संकट से बुरी तरह जूझ रहे हैं। स्थिति यह है कि ओवरलोडिंग के कारण गांव का ट्रांसफार्मर अक्सर फुंक जाता है, जिससे लोगों को घंटों अंधेरे और भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। इस गंभीर समस्या से परेशान होकर शालू पाठक के नेतृत्व में सैकड़ों ग्रामीणों ने विद्युत विभाग के अधिकारियों के समक्ष कड़ा रोष व्यक्त किया और अधीक्षण अभियंता को एक शिकायती पत्र सौंपा। घ्ग्रामीणों ने रोष जताते हुए बताया कि उनके गांव में मात्र 100 केवी का ट्रांसफार्मर स्थापित है, जबकि गांव में वैध विद्युत कनेक्शनों की संख्या 356 से भी अधिक है। अत्यधिक लोड के दबाव को यह छोटा ट्रांसफार्मर सहन नहीं कर पाता है। ग्रामीणों का आरोप है कि इस गंभीर समस्या को लेकर उन्होंने कई बार लिखित शिकायतें दर्ज कराईं, परंतु जलालाबाद के एसडीओ द्वारा आज तक कोई भी सुधारात्मक कदम नहीं उठाया गया। जब ग्रामीण अपनी समस्या लेकर एसडीओ के पास पहुंचे, तो उन्होंने गैर-जिम्मेदाराना लहजे में टालने वाला रवैया अपनाया और कहा कि ष्हम क्या करें। घ्इस उदासीन व लापरवाह रवैये से आहत ग्रामीणों ने एसडीओ जलालाबाद के तत्काल निलंबन की पुरजोर मांग की है। ज्ञापन सौंपने वालों में विधायक प्रतिनिधि गोपाल ठाकुर, मनोज सिंह, लल्लू, रामू सिंह, शाहरुख, अमित कुमार, शादाब, आशीष, नन्हें खां और अन्य दर्जनों ग्रामीण प्रमुख रूप से शामिल रहे। ग्रामीणों ने प्रशासन को कड़ी चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही उनकी मांगों पर विचार कर ट्रांसफार्मर की क्षमता नहीं बढ़ाई गई, तो वे विभागीय अधिकारियों के खिलाफ उग्र प्रदर्शन करने के लिए विवश होंगे।

### संदिग्ध परिस्थितियों में किशोरी ने खाया जहरीला पदार्थ, जिला मेडिकल कॉलेज रेफर

**तिलहर-शाहजहांपुर।** एक किशोरी ने संदिग्ध परिस्थितियों में जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन आनन-फानन में उसे सीएचसी लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार देकर गंभीरावस्था में जिला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। जानकारी के मुताबिक गुरुवार को मीरानपुर कटरा थाना क्षेत्र के गांव अइया मोहना पुर निवासी 15 वर्षीय सोनी देवी पुत्री जंगबहादुर ने संदिग्ध परिस्थितियों में जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया। कुछ ही देर में उसकी तबीयत बिगड़ने लगी। परिजन तत्काल उसे उपचार के लिए सीएचसी लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टर ने प्राथमिक उपचार देकर किशोरी को गंभीरावस्था में जिला मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। सीएचसी से घटना की सूचना पुलिस को भेज दी गई है।

# हिन्दू युवा संगठन व पुलिस के बीच हुई धक्का-मुक्की

- जिलाधिकारी को सम्बोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा

**पुवायां, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



जर्जर सड़क होने के कारण कांवड़ यात्रा में कावड़ियों को परेशानी होने के कारण हिन्दू युवा संगठन उत्तर प्रदेश (आ) के कार्यकर्ताओं में रोष जताया और राजीव चौक पर एकत्रित होकर धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया जब किसी अधिकारी ने सुध नही ली तो वह जिला कूच करने लगे। जिसके बाद पुलिस ने उन्हें मोहम्मदी मोड़ के पास रोकने का प्रयास किया लेकिन कार्यकर्ताओं और पुलिस के बीच जमकर धक्का मुक्की हुई उसके बाद मौके पर पहुँचे एसडीएम ने कार्यकर्ताओं को शांत कर ज्ञापन लिया। गुरुवार को हिन्दू युवा संगठन उत्तर प्रदेश (आ) ने कावड़ियों की समस्याओं को लेकर राजीव चैक धरना प्रदर्शन किया। जब कोई अधिकारी मौके पर नही पहुँचा तो उन्होंने जिला कूंच किया जिसके बाद एसडीएम में कार्यकर्ताओं को मोहम्मदी मोड़ के पास रोकर उन्हें शांत कराया। जिसके बाद संगठन के पदाधिकारियों ने डीएम को सम्बोधित ज्ञापन एसडीएम सदानन्द सरोज को सौंपा। दिए हुए ज्ञापन में प्रदेश अध्यक्ष अवनीश मिश्रा ने बताया कि सावन मास के साथ साथ कावंड़ यात्रा शुरू हो चुकी है। लेकिन अभी तक कांवड़ यात्रा के रूट को सही नही कराया गया है। जर्जर सड़क को जल्द जल्द से सही कराया जाए, पुवायां की सड़कों पर आवारा गौवंश घूम रहे है जिससे आएदिन हादसे हो रहे है जिनमे जनहानि के साथ साथ गौवंशो की भी मौते हो रही है। जिन्हें पकड़वाकर गौशालाओं में भिजवाया जाएं। ज्ञापन देने बालो में प्रदेश अध्यक्ष अवनीश मिश्रा, साहिल गर्ग, रमाकांत, विपिन कुमार, सतवीर, गोविंद, कमलकिशोर, अर्जुन सक्सेना, प्रदीप कुमार, अनुराग वर्मा, अजीत, रितिक यादव, सचिन कुमार, मोहित राना, करन आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज, चार नामजद

**सिंधौली, शाहजहांपुर।** थाना सिंधौली क्षेत्र के गांव ढकिया हमीदनगर निवासी रिशु मिश्रा की तहरीर पर पुलिस ने दहेज उत्पीड़न के आरोप में चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़िता ने पुलिस को दी गई शिकायत में आरोप लगाया है कि 21 जुलाई की शाम उसके पति मोनू मिश्रा, सास ऊषा, ननद हिमांशी तथा विक्की ने दहेज में मोटरसाइकिल की मांग की। जब उसने बाइक देने में असमर्थता जताई तो आरोपितों ने उसके साथ मारपीट की, गाली-गलौज की और जान से मारने की धमकी दी। रिशु मिश्रा का आरोप है कि ससुराल पक्ष के लोग लंबे समय से दहेज की मांग को लेकर उसे मानसिक एवं शारीरिक रूप से प्रताड़ित कर रहे हैं। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि इससे पहले भी कई बार उसके साथ मारपीट की जा चुकी है। लगातार हो रहे उत्पीड़न से परेशान होकर उसने पुलिस से न्याय की गुहार लगाई।

# भारतीय योग संस्थान के संस्थापक की 17वीं पुण्यतिथि स्मृति दिवस के रूप में मनाई

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**




गुरुवार को चौक क्षेत्र के पांच योग केन्द्रों यथा महिला योग केन्द्र सेठ बिल्डिंग छोटा चौक, दयानन्द बाल विद्या मंदिर जूनियर हाईस्कूल कच्चा कटरा, देवी प्रसाद जूनियर हाईस्कूल, मारवाड़ी पाठशाला एवं गायत्री शक्ति पीठ के केन्द्र प्रमुखों द्वारा अपने अपने केंद्रों पर भारतीय योग संस्थान के संस्थापक श्रद्धेय स्व. प्रकाश लाल की 17वीं पुण्यतिथि स्मृति दिवस के रूप में मनायी गई, जिसमें सर्वप्रथम मां गायत्री व प्रकाश लाल के चित्र पर रोली, अक्षत से तिलक कर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए उन्हें फूल मालाओं से विभूषित किया गया तथा दीप प्रज्वलित कर गायत्री मंत्र व सरस्वती वन्दना के साथ उनकी आरती उतारी गई। तत्पश्चात सूक्ष्म क्रियाएं, ताड़ासन, आकर्ण धनुरासन, कोण आसान, उष्ट्रासन, शशकासन, सिंह गर्जनासन, गत्यात्मक नौकासन, मर्कट आसन, शवासन एवम् चन्द्र भेदी प्राणायाम, कपालभाति व भ्रामरी प्राणायाम साधक साधिकाओं को कराया गया। उसके पश्चात ध्यान, भजन, संस्थापक प्रकाश लाल व संस्थान का परिचय एवं योग प्रेरणा के सम्बोधन में कहा गया कि अपने दीपक स्वयं बनो को चरितार्थ करते हुए स्वनाम धन्य प्रकाश लाल ने अपना दीपक स्वयं बन कर लाखों जीवन प्रकाशित किए। पाकिस्तान बनने पर 70000 लोगों को सकुशल भारत लाने व बसाने में उनकी नेतृत्व व कुशलता काम आई। स्वामी सत्यानंद जी का कथन कि विदेशी भारतीयों को योग सिखाएंगे, पर असहमति दिखाते हुए उन्होंने भारतीयों द्वारा योग सीखने सिखाने का संकल्प ले कर 10अप्रैल, 1967 को दिल्ली विश्वविद्यालय के पीछे चैबुर्जा पर पहला योग केन्द्र शुरू किया जो आज बढ़ कर भारत के 23 प्रांतों व 10 देशों में लगभग 4500से अधिक हो चुके हैं। उन्होंने बैंक नौकरी व व्यापार छोड़ा और आजीवन भारतीय योग संस्थान को समर्पित रहे। निःशुल्क योग प्रशिक्षण का संस्थान आज भी पालन कर रहा है। उपहार व पारिश्रमिक लेना उनके नियमों के विरुद्ध था। उन्होंने सर्वे भवन्तु सुखिन, वसुधैव कुटुंबकम् को संस्थान का आदर्श बनाया। उनका अंतिम संदेश था - संस्थान ऐसे कार्यकर्ताओं का निर्माण करना चाहता है, जो लेटे को बैठा दे, बैठे को खड़ा कर दे और 4 खड़े को दौड़ा दे। दूसरे में प्राण फूंक दे अर्थात् दूसरे का प्रेरणा श्रोत बन जाए। कार्यक्रम के अन्त में महिला योग केन्द्र सेठ बिल्डिंग छोटे चैक पर मधु सेठ को क्षेत्रीय संरक्षक महिला चैक क्षेत्र मनोनीत करते हुए उन्हें पटका पहना कर केंद्र प्रमुख उमा टंडन ने सम्मानित किया गया। चैक क्षेत्र के उक्त केंद्रों के केंद्र प्रमुखों क्रमशः उमा टंडन, राजेश मिश्र, चंद्रभाल वर्मा, रघुवीर सिंह व मदन कुमार राठौर का उक्त कार्यक्रम को सफल बनाने में विशेष योगदान रहा।

# ऑल इंडिया ओलिंपियाड-2026 में हरसिमरत कौर ने लहराया परचम

- वरिष्ठ पत्रकार हरिओम त्रिवेदी ने प्रशस्ति-पत्र, अंगवस्त्र एवं स्मृति-चिह्न भेंट कर किया सम्मानित

**पुवायां, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



विद्यार्थियों की प्रतिभा को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से आयोजित अमर उजाला ऑल इंडिया ओलिंपियाड-2026 में राना पब्लिक स्कूल की कक्षा 6 की मेधावी छात्रा हरसिमरत कौर ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर तहसील स्तर पर प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस उपलब्धि के आधार पर उनका चयन जिला स्तरीय प्रतियोगिता के लिए हुआ, जहां उन्होंने शानदार प्रदर्शन करते हुए द्वितीय स्थान हासिल कर अपने विद्यालय, नगर एवं जनपद का गौरव बढ़ाया। इस उल्लेखनीय सफलता पर पुवायां स्थित एक अखबार के कार्यालय में आयोजित सम्मान समारोह में अमर उजाला के तहसील प्रभारी हरिओम त्रिवेदी ने हरसिमरत कौर को प्रशस्ति-पत्र, अंगवस्त्र एवं स्मृति-चिह्न भेंट कर सम्मानित किया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। राना पब्लिक स्कूल परिवार ने भी छात्रा की इस उत्कृष्ट उपलब्धि पर गर्व व्यक्त करते हुए विद्यालय परिसर में सम्मान समारोह आयोजित किया। विद्यालय प्रबंधन ने हरसिमरत कौर को स्मृति-चिह्न भेंट कर सम्मानित किया तथा अन्य विद्यार्थियों को भी उनसे प्रेरणा लेने का संदेश दिया। पुवायां के मोहल्ला परशुराम नगर निवासी गुरमीत सिंह एवं रंजीत कौर की सुपुत्री हरसिमरत कौर की इस सफलता पर परिजनों, गुरुजनों, इष्ट मित्रों एवं नगरवासियों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें हार्दिक बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

# कांवड़ यात्राः फूड सेफ्टी कनेक्ट ऐप स्कैनर पर रहेंगी दुकानदारों की कुंडली

- खाद्य सुरक्षा-औषधि प्रशासन विभाग ने दुकानों पर चस्पा किए स्कैनर

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

पवित्र मास सावन में निकलने वाले कांवडियों को खाने पीने की वस्तुएं साफ सुथरी व गुणवत्तापूर्ण मिले। इसको लेकर जिला प्रशासन ने कमर कस ली है। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा जनपद में खाने पीने की दुकानों पर फूड सेफ्टी कनेक्ट ऐप का स्कैनर चस्पा कराया जा रहा है। जैसे ही कोई कांवडियां या ग्राहक इसको अपने फोन से स्कैन करेगा तो



उसके बाद दुकानदार की पूरी कुंडली नाम, पता व खाने पीने की चीजों आदि की जानकारी मोबाइल फोन पर मिल सकेगी। अगर कोई ग्राहक, कांवडियां कोई शिकायत या सुझाव रहेगा तो वह सीधे उक्त ऐप पर अपनी समस्या दर्ज करा सकेगा। उक्त ऐप अभी हालांकि कांवड रुटों पर ही लगवाए जा रहे हैं, जोकि 80 दुकानों पर चस्पा है। जल्द ही जनपद की अन्य दुकानों पर फूड सेफ्टी कनेक्ट ऐप चस्पा कर दिए जाएगे। इसके लिए खाद्य सुरक्षा विभाग निरंतर कार्य कर रहा है।

### चिंहित, दर्जनभर दुकानें रहेंगी बंद

शासन के दिशा निर्देश पर इस बार जनपद में लगभग खाद्य सुरक्षा विभाग की ओर से एक दर्जन मांस मछली की दुकानें चिंहित कर ली गई है। जोकि पूरे सावन भर कांवड रुटों पर बंद रहेगी। इसके लिए सात खाद्य सुरक्षा अधिकारी टीम बनाकर लगाया गया है। जोकि रोजाना भ्रमणशील रहकर कांवडियों को खाने पीने वाली वस्तुओं की निगरानी करेगें। जिससे कि किसी तरह की समस्या न आए।

### शिविरों में भोजन की भी नियमित होगी जांच

सहायक आयुक्त खाद्य द्वितीय एवं अभिहीत अधिकारी विनीत कुमार ने बताया कि आयुक्त खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन लखनऊ के निर्देशों के क्रम में कावंड एवं आगामी त्योहारों के दृष्टिगत खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग की टीमों द्वारा कांवड मागर्गों पर स्थित ढाबों, होस्टलो, रेस्टोरेंटों एवं फल, खान-पान के ठेलों पर सुरक्षित खाद्य एवं पेय पदार्थ उपलब्ध कराने हेतु निरीक्षण किया जा रहा है। कावंड मार्ग पर स्थित खाद्य प्रतिष्ठानों के खाद्य कारोबारकर्ताओ को प्रतिष्ठानों पर आवश्यक लाइसेन्स-पंजीकरण प्राप्त कर ही दुकान संचालित करने हेतु निर्देशित किया गया। सभी खाद्य कारोबारकर्ताओ को अपन खाद्य प्रतिष्ठानों पर लाइसेन्स व पंजीकरण सम्यक स्थान पर प्रदर्शित करने, रेट लिस्ट, खाद्य कारोबारकर्ता का नाम, फूड सेफ्टी कनेक्ट एप साइनेज, फूड सेफ्टी डिस्प्ले बोर्ड अवश्य प्रदर्शित करने के निर्देश दिये गये। कांवड यात्रा मार्ग पर मीट मांस अंडे आदि की दुकानों पर पूर्णतः प्रतिबन्धित करने का निर्देश दिये गये हैं। कांवड यात्रा मार्ग पर आयोजित सभी भंडारों एवं निरू शुल्क भोजन वितरण करने वाले शिविरों में बनने वाले भोजन की भी नियमित रूप से जांच की जाएगी।

## कांवड़ यात्रा को लेकर परिवहन विभाग की वाहन चालकों से अपील

**शाहजहांपुर।** जनपद में श्रावण मास के दौरान कांवड़ यात्रियों द्वारा ढाई घाट एवं घटिया घाट जनपद फर्रुखाबाद से जल लेकर जरियनपुर तिराहा, जलालाबाद, कांट, जमौर, ददरौल मोड़, बरेली मोड़ जलालाबाद से होते हुए पुत्तूलाल चौराहा से हथौड़ा चौराहा सुभाष चौक से दिउरिया मोड़, मुकरमपुर होते हुए गोला गोकर्णनाथ लखीमपुर खीरी के लिये प्रस्थान करते हैं। जनपद में कांवड़ यात्रियों द्वारा लगभग 100 किमी की दूरी तय की जाती है। कांवड़ यात्रियों द्वारा अपनाएं जाने वाले इस मुख्य मार्ग पर पूर्व में वर्ष 2018-2024 कोलागांव, हुल्लापुर मोड़, जरियनपुर टी प्वाइन्ट, नौगवां टी प्वाइन्ट, भंडेरी टी प्वाइन्ट, जमौर मोड़, ददरौल मोड़, हरदोई मोड़, दिउरिया मोड़ इत्यादि ब्लैक स्पाट रहे हैं जिन पर लोक निर्माण विभाग द्वारा सुधारात्मक कार्य कराया जा चुका है। फिर भी इन स्थलों से गुजरते समय यातायात की दृष्टि से अतिरिक्त सावधानी बरतने की आवश्यकता है। उक्त के क्रम में एआरटीओ प्रवर्तन ने बताया कि बरेली मोड़ से जलालाबाद तक मार्ग 4 लेन हो गया है जिस पर बरेली मोड़ से जलालाबाद की तरफ जाने वाले मार्ग के दायीं ओर को कांवड़ यात्रियों एवं कांवड़ वाहनों के लिए रिजर्व किया गया है, अतएव सामान्य वाहन एवं ट्रैफिक केवल बायीं ओर से संचालित किया जाएगा। एक ही तरफ से यातायात संचालित होने के कारण समस्त वाहन स्वामियों व चालकों से अपील है कि वह अपने वाहनों को धीमी गति से चलाएं तथा स्वयं भी सुरक्षित रहें एवं मार्ग के अन्य उपयोगकर्ताओं को भी सुरक्षित रखें।

# श्रावण मास में मांस-मछली की दुकानों को बंद कराने की मांग

- विहिप-बजरंग दल ने थाना प्रभारी को सौंपा ज्ञापन

**खुदागंज, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

खुदागंज में विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल, गोपाल नगर इकाई ने पवित्र श्रावण मास के दौरान क्षेत्र में मांस-मछली की दुकानों एवं स्लॉटर हाउस को पूर्णतः बंद कराने की मांग को लेकर थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में संगठन के पदाधिकारियों ने कहा कि श्रावण मास भगवान शिव के भक्तों के लिए अत्यंत पवित्र एवं आस्था का महीना है। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु व्रत रखते हैं, कांवड़ यात्रा निकालते हैं तथा शिव मंदिरों में जलाभिषेक करते हैं। ऐसे में सार्वजनिक स्थानों, कांवड़ यात्रा मार्गों तथा मंदिरों के आसपास मांस-मछली



की दुकानें खुले रहने से श्रद्धालुओं की धार्मिक भावनाएं प्रभावित होती हैं। संगठन ने प्रशासन से मांग की कि पूरे श्रावण मास के दौरान क्षेत्र में संचालित मांस-मछली की सभी दुकानों एवं स्लॉटर हाउस को बंद कराया जाए। साथ ही कांवड़ यात्रा मार्गों पर खुले में मांस के प्रदर्शन एवं बिक्री पर सख्त प्रतिबंध लगाया जाए तथा अवैध रूप से संचालित दुकानों के विरुद्ध प्रभावी प्रशासनिक कार्रवाई की जाए, जिससे धार्मिक समरसता, शांति व्यवस्था एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण बना रहे। इस अवसर पर जिला सहमंत्री गुरपाल सिंह, जिला सहसंयोजक राजीव कश्यप, प्रखंड मंत्री ज्ञानेंद्र शर्मा, प्रखंड उपाध्यक्ष शिवम सिंह, प्रखंड सत्संग प्रमुख संतोष सिंह, नक्षत्रपाल सिंह, राहुल सिंह, शिवराम कश्यप, सोनू सिंह, आयुष द्विवेदी सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# एसपी ग्रामीण ने कांवड़ यात्रा व सुरक्षा इंतजामों का लिया जायजा

- अधीनस्थों को दिए आवश्यक निर्देश

**तिलहर-शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

श्रावण मास में निकलने वाली कांवड़ यात्रा को सकुशल संपन्न कराने के मद्देनजर एसपी ग्रामीण दीक्षा भंवरे ने कांवड़ यात्रा मार्ग का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने अधीनस्थों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। गुरुवार दोपहर एसपी ग्रामीण दीक्षा भंवरे नगरिया मोड़ चौकी पहुंचीं। और कोतवाल प्रिंस शर्मा को तलब किया। यहां से उन्होंने हाइवे स्थित कछियानी खेड़ा हनुमान मंदिर की ओर कूच किया। यहां उन्होंने कांवड़ यात्रा मार्ग, बैरिकेडिंग, यातायात व्यवस्था, पार्किंग स्थल, प्रकाश व्यवस्था, पेयजल, साफ-सफाई के अलावा सीसीटीवी



कैमरों की उपलब्धता तथा सार्वजनिक उद्घोषणा प्रणाली तथा अन्य सुरक्षा प्रबंधों का गहन निरीक्षण किया। उन्होंने सीओ विद्युत सक्सेना व कोतवाल प्रिंस शर्मा को निर्देशित किया कि कांवड़ यात्रा के दौरान पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित की जाए। आवश्यकता के अनुसार महिला पुलिसकर्मियों की भी ड्यूटी लगाई जाए तथा संवेदनशील और भीड़भाड़ वाले स्थानों पर विशेष सतर्कता बरती जाए। एसपी ग्रामीण ने अराजक एवं असामाजिक तत्वों पर लगातार निगरानी रखने, यातायात व्यवस्था सुचारु बनाए रखने तथा श्रद्धालुओं को सुरक्षित एवं सुविधाजनक वातावरण उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कांवड़ यात्रा के दौरान किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और सभी अधिकारी आपसी समन्वय के साथ अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करें।

# दरोगा राजेन्द्र सिंह को नम आँखों से दी गई अंतिम विदाई

- पुलिस लाइन में दी गई श्रद्धांजलि

**शाहजहाँपुर।** उपनिरीक्षक राजेन्द्र सिंह के असामयिक निधन से पुलिस महकमे में शोक की लहर दौड़ गई। गुरुवार को रिजर्व पुलिस लाइन में आयोजित श्रद्धांजलि सभा में अधिकारियों और कर्मचारियों ने उन्हें नम आँखों से अंतिम विदाई दी।

सभा में अपर पुलिस अधीक्षक (नगर) ने दिवंगत उपनिरीक्षक राजेन्द्र सिंह के पार्थिव शरीर पर पुष्पचक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इसके बाद उपस्थित अधिकारियों और पुलिसकर्मियों ने भी पुष्प अर्पित किए तथा दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की। अपर पुलिस अधीक्षक ने शोक संतप्त परिजनों से मिलकर उन्हें ढांढस बंधाया और कहा कि दुःख की इस घड़ी में पूरा पुलिस विभाग परिवार के साथ खड़ा है। श्रद्धांजलि सभा में क्षेत्राधिकारी नगर, क्षेत्राधिकारी सदर, क्षेत्राधिकारी यूपी-112/महिला अपराध, प्रतिसार निरीक्षक सहित बड़ी संख्या में पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे। सहकर्मियों ने राजेन्द्र सिंह को कर्तव्यनिष्ठ, मृदुभाषी और समर्पित अधिकारी बताते हुए कहा कि उनका निधन पुलिस विभाग के लिए अपूरणीय क्षति है। सभी ने ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति एवं शोकाकुल परिवार को इस दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की।

# अभियान को मिली नई उड़ान, 50 बालिकाओं ने लगवाया एचपीवी वैक्सीन

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

उड़ान एक उम्मीद वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा कई महीनों से चलाए जा रहे सर्वाइकल कैंसर एवं एचपीवी वैक्सीनेशन जागरूकता अभियान का सकारात्मक परिणाम देखने को मिला। संस्था प्रयासों से हरकुमार पाठक विद्यालय में आयोजित प्रथम एचपीवी वैक्सीनेशन शिविर में विभिन्न विद्यालयों की 50 बालिकाओं ने उत्साहपूर्वक टीकाकरण कराया। संस्था पिछले कई महीनों से शहर के विभिन्न विद्यालयों में जाकर छात्राओं एवं अभिभावकों को सर्वाइकल कैंसर से बचाव तथा एचपीवी वैक्सीन के महत्व के बारे में जागरूक कर रही थी। इसी जागरूकता अभियान के फलस्वरूप हरकुमार पाठक विद्यालय, आर्य महिला विद्यालय, आकांक्षा हाई स्कूल एवं



अग्निहोत्री स्कूल की छात्राओं ने टीकाकरण अभियान में भाग लेकर एचपीवी वैक्सीन लगवाई। संस्था ने बताया कि अभियान का दूसरा टीकाकरण शिविर शुक्रवार को जीजीआईसी में आयोजित किया जाएगा, जिसमें बड़ी संख्या में छात्राओं के टीकाकरण का लक्ष्य रखा गया है। संस्था उपाध्यक्ष डा. संगीता मोहन ने छात्राओं को सर्वाइकल कैंसर, उसके कारणों, बचाव एवं एचपीवी वैक्सीन की उपयोगिता के बारे में सरल एवं प्रभावी ढंग से जानकारी दी। उनके मार्गदर्शन और जागरूकता का सकारात्मक प्रभाव इस शिविर में स्पष्ट रूप से देखने को मिला। संस्था अध्यक्ष नीलम गुप्ता ने कहा कि संस्था केवल कुछ महीनों से ही नहीं, बल्कि कई वर्षों से महिलाओं एवं बालिकाओं को सर्वाइकल कैंसर के प्रति जागरूक करने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। आज आयोजित पहला टीकाकरण शिविर संस्था के लंबे समय से किए जा रहे प्रयासों की सफलता का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि संस्था का उद्देश्य अधिक से अधिक बालिकाओं को इस गंभीर बीमारी से सुरक्षित करना है। अभियान को सफल बनाने में डीआईओएस हरवंश सिंह, सीएमओ डा. विवेक कुमार मिश्रा, डाइट प्राचार्य सोनिया गुप्ता तथा हरकुमार पाठक विद्यालय प्रधानाचार्या ब्यूटी गुप्ता का विशेष सहयोग रहा। टीकाकरण कार्य में मेडिकल कॉलेज की एमओ डॉ. दीक्षा तिवारी जी, डब्ल्यूएचओ प्रतिनिधि विकास पटेल जी, एएनएम पिंकी देवी जी, एएनएम डिंपल गुप्ता जी तथा आर्यन सिंह जी ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस अवसर पर संस्था उपाध्यक्ष डा. संगीता मोहन, सचिव रेखा मोदी, सह-सचिव रश्मि गुप्ता तथा विद्यालय की अनेक शिक्षिकाएं भी उपस्थित रहीं।

# सरकारी कार्यालयों में भ्रष्टाचार के आरोप, मुख्यमंत्री से जांच की मांग

**शाहजहांपुर।** समाजवादी अधिवक्ता सभा के जिलाध्यक्ष मुकेश यादव एडवोकेट ने मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर जिले के विभिन्न शासकीय कार्यालयों एवं राजस्व न्यायालयों में कथित अनियमितताओं और भ्रष्टाचार की उच्चस्तरीय जांच कराए जाने की मांग की है। पत्र में आरोप लगाया गया है कि कुछ सरकारी कार्यालयों में निजी व्यक्तियों को कथित रूप से सरकारी कर्मचारियों के स्थान पर कार्य कराया जा रहा है। आरोप है कि ये लोग आम नागरिकों से संपर्क कर अवैध धन उगाही में संलिप्त हैं। ज्ञापन में वाद संख्या D202512610002049 (विमला देवी बनाम पूरू आदि) का उल्लेख करते हुए पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की गई है। मुकेश यादव ने मुख्यमंत्री से मांग की कि यदि जांच में आरोप सही पाए जाएं तो संबंधित अधिकारियों, कर्मचारियों एवं अन्य जिम्मेदार व्यक्तियों के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम सहित अन्य प्रासंगिक धाराओं के तहत कड़ी कार्रवाई की जाए, ताकि सरकारी कार्यालयों में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित हो सके। इस दौरान सभा के उपाध्यक्ष अजय यादव, महासचिव वृक्षपाल, कालीचरण गुप्ता, सुरेंद्र पाल सिंह, अजीत श्रीवास्तव, सरोज यादव, अभिषेक कुमार 'दिनकर', अखिल गुप्ता, नरेंद्र यादव, फैम खान, परहान खान समेत अन्य अधिवक्ता एवं गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# सपने में मौलवी के आदेश पर खेत में बना दी मजार

**सिंधौली, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

- विरोध पर युवक ने खुद तुड़वाई, जांच में जुटी पुलिस
- हिन्दू युवा संगठन, हिन्दू युवा वाहिनी ने जताया विरोध

सिंधौली थाना क्षेत्र के बाजपुर गांव में एक युवक द्वारा खेत में रातोंरात मजार का निर्माण कराए जाने का मामला सामने आया है। गुरुवार सुबह ग्रामीणों की नजर निर्माण पर पड़ी तो उन्होंने विरोध जताते हुए पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंचे हिंदूवादी संगठनों के पदाधिकारियों की मौजूदगी में युवक ने स्वयं लोगों की मदद से निर्माण ध्वस्त करा दिया। इसके बाद वहां धार्मिक ध्वज स्थापित कर दिया गया। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। पुलिस के अनुसार मजार का निर्माण करने वाला युवक हिंदू समुदाय से है और दूसरे गांव का रहने वाला बताया जा रहा है। पूछताछ में उसने बताया कि उसके परिवार के कई सदस्य बीमार हैं। उसका कहना है कि उसे सपने में एक मौलवी ने मजार बनवाने के लिए कहा था और विश्वास था कि ऐसा करने से परिवार की परेशानियां दूर हो जाएंगी। इसी वजह से उसने अपने खेत में रातोंरात निर्माण करा दिया। गुरुवार सुबह खेत में मजार बनी देखकर ग्रामीणों ने नाराजगी जताई और हिंदू युवा वाहिनी के पदाधिकारियों को सूचना दी। सुबह करीब नौ बजे संगठन के पदाधिकारी मौके पर पहुंचे और सिंधौली पुलिस को मामले से अवगत कराया। सूचना मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। पुलिस का कहना है कि ग्रामीणों के विरोध और लोगों की भीड़ जुटने के बाद युवक ने स्वयं लोगों की सहायता से निर्माण को ध्वस्त करा दिया। इसके बाद हिंदूवादी संगठनों के पदाधिकारियों ने वहां धार्मिक ध्वज लगा दिया।हिंदूवादी संगठनों ने अवैध निर्माण कराने वाले युवक के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस का कहना है कि गांव में स्थिति पूरी तरह सामान्य है और किसी प्रकार का तनाव नहीं है। मामले की जांच के बाद विधिक कार्रवाई की जाएगी। सिंधौली प्रभारी निरीक्षक रविंद्र सिंह ने बताया कि एक युवक ने बिना किसी अनुमति के मजार का निर्माण कराया था। निर्माण अवैध होने के कारण उसी युवक ने लोगों की मदद से उसे ध्वस्त कर दिया। मामले की जांच की जा रही है और जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# उर्वरक की ओवररेटिंग पर लाइसेंस निरस्त

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

डीएम के सख्त फरमान के बाद भी जनपद में कुछ दुकानदारों द्वारा किसानों को बिक्री किए जाने वाले उर्वरकों की ओवर रेटिंग व मनमानी की जा रही है। इसको लेकर ग्राम प्रतापपुर खुटार के राजकुमार सिंह द्वारा किए गए शिकायती पत्र में मैसर्स शिवम फर्टिजाइजर्स हरनाई, खुटार के प्रोपराइटर राकेश कुमार के विरूद्ध उर्वरकों की ओवर रेटिंग एवं टैगिंग किये जाने के संदर्भ में मुख्यमंत्री के माध्यम से प्राप्त शिकायत की जांच वरिष्ठ प्राविधिक सहायक द्वारा मौके पर औचक निरीक्षण व जांच की गयी, जांच के समय प्रो. राकेश कुमार अपनी एवं शिकायतकर्ता राजकुमार सिंह उपस्थित थे, जांच के समय कृषकजिंद बहादुर सिंह ग्राम प्रतापपुर एवं अवनीश सिंह ग्राम प्रतापपुर, अजय सिंह ग्राम प्रतापपुर एवं श्रीपाल ग्राम प्रतापपुर द्वारा कृषि




कार्य के लिए 2-3 बोरी यूरिया क्रय करने को प्रतिष्ठान पर मौजूद थे। कृषकों से पूछने पर बताया गया कि विक्रेता द्वारा उन्हें प्रति बोरी यूरिया जिंक के एक पैकेट के साथ 700 रुपये में विक्रय की जा रही है। प्रतिष्ठान स्वामी राकेश कुमार द्वारा उर्वरक नियंत्रण आदेश-1985 का स्पष्ट उल्लंघन करते पाया गया। तदोपरान्त फर्म के पीओएस मशीन स्टॉक एवं बिक्री रजिस्टर का परीक्षण किया गया जिसमें कृषकों को उर्वरक के वितरण व बिक्री के अंकन अधूरे पाये गये तथा प्रतिष्ठान पर स्टॉक, बिक्री दर का अंकन बैनर पर नहीं पाया गया। जानकारी देते हुए जिला कृषि अधिकारी ने बताया कि उक्त प्रतिष्ठान पर पीओएस मशीन एवं भौतिक रूप में 547 बोरी यूरिया, 70 बोरी सुपर फास्फेट पाउडर एवं 25 बोरी सुपर फास्फेट दानेदार तथा 5 पैकेट जिंक 10 प्रतिशत माइक्रेप्लेक्स कम्पनी की पायी गयी। प्रतिष्ठान में उपलब्ध उर्वरकों में से सुपर फास्फेट एवं जिंक 10 प्रतिशत के2 नमूने गृहीत किये गये, जिन्हें नियमानुसार परीक्षण हेतु अधिसूचित प्रयोगशाला भेजा गया। यह कृत्य उर्वरक कालाबाजारी व ओवररेटिंग की श्रेणी में आता है, उर्वरक नियंत्रण आदेश 1985 का उल्लंघन एवं आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 के अन्तर्गत दण्डनीय अपराध है। उर्वरक नियंत्रण आदेश-1985 के प्राविधानों के अन्तर्गत मैसर्स शिवम फर्टिजाइजर्स हरनाई, खुटार का उर्वरक निबन्धन प्रमाणपत्र जोकि दिनांक 19 मार्च 2029 तक वैध है को तत्कालिक प्रभाव से निलम्बित कर दिया गया।

## नाबालिग को भगा ले जाने का आरोप

**सेहरामऊ दक्षिणी, शाहजहांपुर।** थाना क्षेत्र में एक गाँव निवासी व्यक्ति की 14 वर्षीय नाबालिग लड़की को मोबाइल नम्बर पर काल करके बुधवार की रात घर में रखे जेवरों तथा मोबाइल सहित युवक बहला फुसलाकर अपहृत कर ले गया। नावालिग के पिता की तहरीर के आधार पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर किशोरी की बरामदगी के प्रयास शुरू कर दिए है। सीओ सदर शुभम वर्मा ने बताया कि इस बारे में रिपोर्ट दर्ज कर जल्द ही किशोरी को बरामद कर लिया जाएगा।

# विधायक ने शिविर का किया शुभारंभ

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

ददरौल के अंतर्गत नगर पंचायत कांट में परशुराम पुरी -शाहजहांपुर रोड पर कांवड़ियों के विश्राम के लिए कांवड़ विश्राम शिविर का विधायक अरविंद सिंह ने फीता काटकर शुभारम्भ किया। उन्होंने कहा कि यह पवित्र सावन मास में भगवान भोलेनाथ के भक्तों की सेवा करना सौभाग्य की बात है। इस शिविर में कांवड़ियों के ठहरने, जलपान एवं प्राथमिक उपचार की व्यवस्था की गई है। बाबा भोलेनाथ से सभी कांवड़ियों की यात्रा मंगलमय होने की कामना करता हूं। नगर पंचायत ईओ नूरजहां ने बुके देकर विधायक



का स्वागत किया। ईओ ने बताया कि यह शिविर कांवडियों की सुविधा को ध्यान में रखकर बनाया गया है।

# संविधान बचाओ संवाद कार्यक्रम को सफल बनाने जुटे कांग्रेसी

- कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने तिलहर क्षेत्र के कई गांवों का किया भ्रमण

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

पहली अगस्त को तिलहर विधानसभा में कांग्रेस प्रदेश व केंद्रीय नेताओं द्वारा संविधान बचाओ संवाद कार्यक्रम में शिरकत किया जाएगा।

जिला/महानगर कांग्रेस कमेटी के संयुक्त तत्वावधान में तिलहर विधानसभा के ब्लॉक सिंधौली के ग्राम कोरोकुईया नेहरू इंटर कॉलेज में प्रातः 11 बजे संविधान बचाओ संवाद कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष अजय राय,राष्ट्रीय सचिव तौक़ीर आलम, सीतापुर सांसद राकेश राठौर सहित अन्य कांग्रेस नेता शामिल होंगे।

कार्यक्रम की सफलता के लिए महानगर/जिला कांग्रेस कमेटी व फ्रंटल संगठनों ने अपनी तैयारी तेज़ कर दी है इसी क्रम में जिला अध्यक्ष रजनीश गुप्ता व महानगर अध्यक्ष तकवीम हसन खान ने कार्यकर्ताओं से अपील करते हुए बड़ी संख्या में शामिल होने की अपील की है। जिलाध्यक्ष रजनीश गुप्ता ने अपने पदाधिकारियों साथ सिंधौली के कई गांवों का संघन दौरा कर कार्यक्रम की रूप रेखा तैयार की।

## दूसरे पक्ष की ओर से छेड़खानी की रिपोर्ट दर्ज

**तिलहर-शाहजहापुर।** कोतवाली क्षेत्र के एक ग्रामीण ने दर्ज रिपोर्ट में कहा है कि बीती 21 जून की शाम गांव के अनिल व विमलेश पुत्र भगवान दास के घर के सामने लगे सरकारी नल पर उसकी बेटी नल से पानी लेकर घर आ रही थी। इसी दौरान विमलेश ने उसे अकेली देख कर पकड़ लिया। उसके शोर मचाने पर आरोपी भागते समय पैर फिसलने से वह चोटिल हो गया। आरोपी का भाई अनिल उसके घर में घुसकर मारपीट करने लगा और उसके व रामनरेश, नन्हे, दीनदयाल के खिलाफ हरिजन एक्ट की रिपोर्ट दर्ज करवा दी। जबकि उसी की बेटी का उत्पीड़न हुआ। बता दें कि विमलेश की ओर से पुलिस पूर्व में ही हरिजन एक्ट के तहत मामला दर्ज कर चुकी है। कोतवाल प्रिंस शर्मा ने बताया कि मामले की पड़ताल की जा रही है।

## सूचना

मेरी पुत्री का जन्म 08.11.2015 का हुआ था, आधार कार्ड में गलती से नाम आरोही दर्ज हो गया, जबकि सही नाम आरोही राजपूत है, इसी नाम से जाना जाए। **राजेश बाबू पुत्र चिरौंजी लाल नि.ग्रा. बझेड़ा महुआ डांडी तह. जलालाबाद, शाहजहांपुर**

## CHANGE OF NAME

I, SANTHOSH KUMAR, FATHER OF ARMY NO 2622617A, RANK SEP, NAME CHIKKU S, PRESENTLY RESIDING AT VILL – THEKKUMBHAGOM, KARUNAGAPPALLY – TEH, KOLLAM – DIST, KERALA – STATE, PIN – 691584. I HAVE CHANGED MY NAME FROM SANTHOSH KUMAR TO SANTHOSH KUMAR S AS PER AADHAR RECORDS. VIDE AFFIDAVIT DECLARATION DATE-29.07.2026

## भारत की अग्निपरीक्षा

पश्चिम एशिया एक बार फिर युद्ध की आग में झुलस रहा है। ईरान और अमेरिका के बीच बढ़ता सैन्य टकराव अब केवल दोनों देशों तक सीमित नहीं रह गया है, बल्कि इसका प्रभाव पूरे मध्य-पूर्व, वैश्विक ऊर्जा बाजार और अंतरराष्ट्रीय समुद्री व्यापार पर दिखाई देने लगा है। मिस्र के दमियाता बंदरगाह पर ड्रोन हमला, होर्मुज जलडमरूमध्य को लेकर बढ़ती तनातनी, इराक और खाड़ी क्षेत्र में सैन्य गतिविधियों का विस्तार तथा तेल की कीमतों में उछाल इस बात के संकेत हैं कि यदि यह संघर्ष लंबा खिंचता है तो पूरी दुनिया इसकी कीमत चुकाएगी। ऐसे समय में भारत की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाती है, क्योंकि उसके हित इस क्षेत्र से गहराई से जुड़े हैं।

भारत की ऊर्जा सुरक्षा का बड़ा हिस्सा पश्चिम एशिया पर निर्भर है। देश अपनी कुल कच्चे तेल की जरूरत का लगभग 85 प्रतिशत आयात करता है, जिसमें खाड़ी देशों की हिस्सेदारी सबसे अधिक है। यदि युद्ध के कारण होर्मुज जलडमरूमध्य प्रभावित होता है या तेल आपूर्ति बाधित होती है, तो इसका सीधा असर भारत की अर्थव्यवस्था पर पड़ेगा। कच्चे तेल की कीमतों में वृद्धि से पेट्रोल-डीजल महंगे होंगे, परिवहन लागत बढ़ेगी, महंगाई पर दबाव आएगा और आर्थिक विकास की रफ्तार प्रभावित हो सकती है।

केवल ऊर्जा ही नहीं, भारत के लिए पश्चिम एशिया मानवीय और आर्थिक दृष्टि से भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। संयुक्त अरब अमीरात, सऊदी अरब, कतर, कुवैत, ओमान और अन्य खाड़ी देशों में 90 लाख से अधिक भारतीय रहते और काम करते हैं। ये प्रवासी हर वर्ष अरबों डॉलर की विदेशी मुद्रा भारत भेजते हैं। यदि संघर्ष का दायरा बढ़ता है तो भारतीय नागरिकों की सुरक्षा और उनकी वापसी की चुनौती भी सामने आ सकती है। इससे पहले यमन, यूक्रेन और सूडान जैसे संकटों के दौरान भारत को बड़े पैमाने पर निकासी अभियान चलाने पड़े थे।

भारत की सबसे बड़ी ताकत उसकी संतुलित विदेश नीति रही है। भारत के अमेरिका के साथ रणनीतिक, रक्षा और तकनीकी संबंध लगातार मजबूत हुए हैं। वहीं दूसरी ओर ईरान के साथ भी भारत के ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और आर्थिक रिश्ते हैं। चाबहार बंदरगाह भारत की मध्य एशिया तक पहुंच की रणनीति का महत्वपूर्ण हिस्सा है। ऐसे में किसी एक पक्ष के साथ खुलकर खड़ा होना भारत के दीर्घकालिक हितों के अनुकूल नहीं होगा।

इसी कारण भारत लगातार संयम, संवाद और कूटनीतिक समाधान पर जोर देता रहा है। संयुक्त राष्ट्र सहित विभिन्न अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भारत ने हमेशा विवादों का समाधान बातचीत से निकालने की वकालत की है। यह नीति केवल आदर्शवाद नहीं, बल्कि राष्ट्रीय हितों पर आधारित व्यावहारिक कूटनीति है। भारत जानता है कि युद्ध में किसी की स्थायी जीत नहीं होती, जबकि आर्थिक और मानवीय नुकसान सभी को उठाना पड़ता है।

हाल के वर्षों में भारत ने पश्चिम एशिया के लगभग सभी प्रमुख देशों के साथ अपने संबंधों को नई ऊंचाई दी है। अमेरिका के साथ रक्षा सहयोग बढ़ा है तो सऊदी अरब और यूएई के साथ निवेश एवं ऊर्जा साझेदारी मजबूत हुई है। वहीं ईरान के साथ चाबहार परियोजना और क्षेत्रीय संपर्क बनाए रखने के प्रयास जारी हैं। यही संतुलन भारत की विदेश नीति की सबसे बड़ी उपलब्धि है और वर्तमान संकट में भी यही उसकी सबसे बड़ी पूंजी है।

भारत के सामने एक और चुनौती वैश्विक आर्थिक अस्थिरता की है। यदि युद्ध लंबा चलता है तो केवल तेल ही नहीं, समुद्री माल ढुलाई, बीमा, उर्वरक और गैस की कीमतों में भी वृद्धि होगी। भारत जैसे विकासशील देश के लिए यह अतिरिक्त वित्तीय दबाव पैदा करेगा। इसलिए सरकार को ऊर्जा स्रोतों के विविधीकरण, रणनीतिक पेट्रोलियम भंडार को मजबूत करने और वैकल्पिक आपूर्ति मार्गों पर तेजी से काम करना होगा।

यह भी सच है कि भारत अब केवल क्षेत्रीय शक्ति नहीं, बल्कि वैश्विक स्तर पर प्रभावशाली आवाज बन चुका है। जी-20 की अध्यक्षता, वैश्विक दक्षिण की आवाज उठाने और बहुपक्षीय मंचों पर सक्रिय भूमिका ने भारत की विश्वसनीयता बढ़ाई है। ऐसे में यदि परिस्थितियां अनुकूल हों तो भारत संवाद को बढ़ावा देने और तनाव कम करने के लिए रचनात्मक कूटनीतिक भूमिका निभा सकता है। हालांकि यह भूमिका तभी प्रभावी होगी जब सभी पक्ष बातचीत के लिए तैयार हों। युद्ध कभी किसी समस्या का स्थायी समाधान नहीं बनता। पश्चिम एशिया का इतिहास इसका सबसे बड़ा प्रमाण है। दशकों से जारी संघर्षों ने वहां केवल अस्थिरता, आर्थिक संकट और मानवीय त्रासदी को जन्म दिया है। ईरान-अमेरिका टकराव भी यदि व्यापक युद्ध में बदलता है तो उसका असर पूरी दुनिया पर पड़ेगा और भारत भी उससे अछूता नहीं रहेगा।

भारत के लिए इस समय सबसे उपयुक्त नीति यही है कि वह अपने राष्ट्रीय हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए संतुलित कूटनीति, ऊर्जा सुरक्षा, प्रवासी भारतीयों की सुरक्षा और वैश्विक शांति के पक्ष में मजबूती से खड़ा रहे। यही नीति न केवल भारत के हितों की रक्षा करेगी, बल्कि उसे एक जिम्मेदार और विश्वसनीय वैश्विक शक्ति के रूप में भी स्थापित करेगी। वर्तमान संकट में भारत की असली ताकत किसी सैन्य गठबंधन में नहीं, बल्कि उसकी विवेकपूर्ण, स्वतंत्र और संतुलित विदेश नीति में निहित है।

## दो टूक




# डिजिटल संप्रभुता पर सीधा हस्तक्षेप

*डॉ. आशीष वशिष्ठ*



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नीट पेपर लीक को लेकर जेन-जी को संबोधित करते हुए जो पहला सेल्फी वीडियो अपलोड किया था, उसे मेटा ने हटा दिया था। यही वीडियो इंस्टाग्राम पर 24 घंटे के भीतर 300 मिलियन से अधिक बार देखा गया था। बाद में जब इस पर हंगामा हुआ, तब कंपनी ने सफाई देते हुए कहा कि वीडियो को जानबूझकर नहीं हटाया गया बल्कि यह एक तकनीकी खामी थी। इतनी बड़ी कंपनी का तकनीकी खामी का तर्क आसानी से गले नहीं उतरता। समर्थकों का आरोप है कि यह एक सोची-समझी साजिश है ताकि सरकार की बात करोड़ों युवाओं तक पहुंचने से रोका जा सके। फिलहाल यह मामला सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म की नीतियों, कंटेंट मॉडरेशन और डिजिटल जवाबदेही को लेकर नई बहस का विषय बन गया है।

वास्तव में, मेटा द्वारा प्रधानमंत्री मोदी के वीडियो सेंसर करना भारतीय लोकतंत्र और डिजिटल संप्रभुता में सीधा हस्तक्षेप है। यह कोई सामान्य कंटेंट मॉडरेशन नहीं है बल्कि एक विदेशी प्लेटफॉर्म द्वारा यह तय करने की तानाशाही कोशिश है कि भारतीय नागरिक क्या देख सकते हैं। अमेरिकी सोशल मीडिया कंपनियां दुनियाभर में नैरेटिव तय करके सरकारें बदलने का खेल खेलती रही हैं। प्रधानमंत्री मोदी की पोस्ट पर रोक लगाना इस बात का प्रमाण है कि उपभोक्ता जो देख रहे हैं, वह कंपनियां तय करती हैं।

सोशल मीडिया ने आम आदमी को बहुत बड़ी ताकत दी है। सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफॉर्म के जरिए लोग बिना किसी रोक-टोक अपनी बात तुरंत लाखों लोगों तक पहुंचाते हैं। लेकिन दुर्भाग्य से संगठित रूप से निगेटिव चीज़ों को प्रचारित करने का प्रयास हो रहा है। सोशल मीडिया ने कई देशों में सरकारों के खिलाफ जन-आंदोलनों को संगठित करने में अहम भूमिका निभाई है। अरब क्रांति, श्रीलंका और बांग्लादेश के हालिया उदाहरण इसके बड़े प्रमाण हैं, जहां डिजिटल प्लेटफॉर्म ने जनता को एकजुट किया।

पिछले एक दशक में देश में विपक्ष और विभिन्न संगठनों द्वारा जितने भी आंदोलन हुए हैं, उनमें निगेटिव, फर्जी और भड़काऊ सामग्री प्रचारित-प्रसारित करने के लिए सोशल मीडिया प्लेटफार्म का जमकर प्रयोग हुआ। हालिया कॉकरोच जनता पार्टी के आंदोलन में सोशल मीडिया ने बड़ी भूमिका निभाई। सोशल मीडिया पर बनी एक पार्टी के रातोंरात करोड़ों फॉलोअर बन गए। इसके आंदोलन के दौरान सुनियोजित सोशल मीडिया कैंपेन चलाए गए। जनता के बीच अपनी पैठ बनाने के लिए सीजेपी ने उस वामपंथी सोशल मीडिया तंत्र की शरण ली है जो लंबे समय से राष्ट्रवादी आवाजों को दबाने के मिशन में जुटा है।

भारत में सोशल मीडिया का इस्तेमाल कर देश की सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक स्थिरता को बिगाड़ने के प्रयास पिछले एक दशक से जारी हैं। फेक न्यूज़, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जनित डीपफेक और सीमा पार से संचालित होने वाले फर्जी अकाउंट्स के जरिए सुनियोजित ढंग से भ्रम और तनाव पैदा किया जा रहा है। सीएए विरोध प्रदर्शन और किसान आंदोलन दोनों ही प्रमुख घटनाओं के दौरान सोशल मीडिया के दुरुपयोग के कई गंभीर मामले सामने आए थे।

इन आंदोलनों के दौरान डिजिटल प्लेटफॉर्म का इस्तेमाल न केवल सूचना साझा करने के लिए हुआ बल्कि इसके जरिए भारी मात्रा में भ्रामक जानकारियां, अफवाह और नफरत फैलाने वाले कंटेंट प्रसारित किए गए। ये खुला तथ्य है कि वामपंथी और लिबरल इकोसिस्टम ने इन प्लेटफॉर्म्स का इस्तेमाल कर राष्ट्रवादी आवाजों को दबाने और अपनी सहूलियत का नैरेटिव गढ़ने का प्रयास किया, जिसके जवाब में भारत सरकार ने समय-समय पर राष्ट्रीय सुरक्षा और कानून-व्यवस्था के तहत कड़े कदम उठाए।

सोशल मीडिया ख़ासकर इंस्टाग्राम पर कॉक्रोच जनता पार्टी के प्रदर्शन और सोनम वांगचुक को उसके समर्थन के लिए जो ज्वार अचानक उठा था, अब उस विद्रूप और उच्छृंखल सुनामी लहरों का थमना शुरू हो गया है। इंस्टाग्राम पर उनके लिए समर्थन पूरी तरह से फर्जी और प्रायोजित था। इसके लिए तीन प्रोफ़ेशनल एजेंसियों ने पैसे देकर वृहद स्तर पर प्रचार अभियान चलाया।

दिल्ली, मुंबई और बेंगलुरु की तीन एजेंसियों ने सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर्स को पैसे देकर पूरा नैरेटिव सेट करने की कोशिश की। भारत को श्रीलंका, बांग्लादेश और नेपाल की तरह जलाने की पूरी तैयारी थी।

प्रदर्शन जारी रखने के लिए विभिन्न देशों से खाने-पीने और अन्य आर्थिक मदद दी जा रही थी। इस सुनियोजित षडयंत्र से जुड़ी तमाम रपट और जानकारियां पब्लिक डोमेन में उपलब्ध हैं। चूंकि इस षड्यंत्र का जाल सामने आ गया है, जिसका सार्वजनिक पर्दाफाश होना बहुत जरूरी है। यह खेल आगे न हो इसलिए सरकार और प्रशासन को चाहिए कि इन मामलों की गहराई से जांच करे और यह पता लगाये कि आख़िर कौन-सी ताकतें इस अभियान में मोटी फंडिंग कर भारत में माहौल खराब करने की कोशिश कर रही हैं? चीन में फेसबुक, ट्विटर और इंस्टाग्राम जैसे बड़े प्लेटफॉर्म पूरी तरह ब्लॉक हैं।

उत्तर कोरिया में सोशल मीडिया पर पूरी तरह बैन है। आमलोग सिर्फ क्वांगमयोंग नाम के सरकारी इंट्रानेट तक सीमित रहते हैं। ईरान में फेसबुक, ट्विटर और यूट्यूब ब्लॉक हैं। ब्राजील ने एक्स को अस्थायी तौर पर बैन किया है। मिस्र, सऊदी अरब और सीरिया जैसे कई देशों में राजनीतिक कारणों से सोशल मीडिया पर कड़ी पाबंदियां हैं। इसके पीछे की वजह सूचना के प्रवाह को नियंत्रित करना, फेक न्यूज को रोकना है।

असल में, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म जुड़ाव-संचालित एल्गोरिदम को प्राथमिकता देते हैं, तथ्यात्मक जानकारी की तुलना में सनसनीखेज और भ्रामक सामग्री को बढ़ाते हैं। अध्ययनों से पता चलता है कि फर्जी खबरें सच्ची खबरों की तुलना में छह गुना तेज़ी से फैलती हैं। सोशल मीडिया उपयोगकर्त्ता अक्सर ऐसी सामग्री से जुड़ते हैं जो उनकी पूर्व-मौजूदा मान्यताओं के अनुरूप होती है, जिससे गलत सूचना को बल मिलता है।

प्रधानमंत्री मोदी हर आयुवर्ग खासकर युवाओं में बेहद लोकप्रिय हैं। युवाओं के बीच उनकी लोकप्रियता और सीधे कनेक्ट करने की शैली अक्सर विपक्षी दलों को खटकती है। लोकप्रियता के प्रमाण के तौर पर सीजेपी प्रदर्शन के दौरान इंस्टाग्राम पर पीएम मोदी ने दो वीडियो पोस्ट किए थे, जिन पर करोड़ों में लाइक हैं, पीएम मोदी के इंस्टाग्राम पर फॉलोअर्स की संख्या 10.5 करोड़ के पार हो चुकी है। सीजेपी आंदोलन में सिर्फ एक सप्ताह के दौरान उनके एकाउंट में नए 40 लाख फॉलोअर्स जुड़े हैं। पेपर लीक जैसी गंभीर समस्या पर कड़ा रुख अपनाते हुए मोदी सरकार ने हाई पावर टास्क फोर्स और फास्ट ट्रैक कोर्ट का गठन किया है। वहीं, युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ करने वाले दोषियों को सख्त से सख्त सजा दिलाने के लिये पेपर लीक रोधी कानून में आवश्यक बदलाव कर उसे संसद से पास कराया है।

ये गंभीर चिंता का विषय है कि अगर मेटा विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र के प्रधानमंत्री के साथ ऐसा व्यवहार कर सकती है तो क्या उन्होंने एक विशेष इंस्टा पोस्ट को वायरल नहीं किया होगा? क्या आप दावे से कह सकते हैं कि ये नहीं हुआ होगा? सोशल मीडिया का सारा नियंत्रण अमेरिकी कंपनियों के पास है। ये उनके लिए चुटकी बजाने जितना आसान काम है।

भारतीय विज्ञापन राजस्व से अरबों कमाने वाले ये अमेरिकी प्लेटफॉर्म्स अब भारतीय लोकतंत्र को प्रभावित करने का काम कर रहे हैं, जिन पर मोदी सरकार को तुरंत सख्त 'रेड लाइन्स' तय करनी चाहिए। सीजेपी आंदोलन के दौरान 20 जुलाई को हुई हिंसा में अल्गोरिदम का भी बहुत बड़ा खेल है। इन विदेशी कंपनियों की मंशा साफ है। सरकार को कड़े कदम उठाने चाहिए।

*(यह लेखक के अपने विचार हैं।)*

# पंजाब कांग्रेस बुरी तरह बिखराव की शिकार

*प्रो. दरबारी लाल*

भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की आलाकमान ने पंजाब के चुनावी कुरुक्षेत्र में उतरने से पहले कांग्रेस को सुनियोजित, सुनिश्चित और सुसंगठित करने के लिए कुछ महत्वपूर्ण कमेटियों का गठन किया, जिसमें अपने महारथियों और राजनीति में गहन तजुर्बा रखने वाले धुरंधर नेताओं को जिम्मेदारियां सौंपीं, ताकि वे उन्हें खूबसूरत तरीके से सरअंजाम देकर कांग्रेस को पंजाब में सत्तासीन कर सकें और लोगों के जज्बात की तर्जुमानी करके पंजाब में शांति, समृद्धि और विकास की नीतियों को अमलीजामा पहना सकें। परंतु चंद रोज बाद पंजाब कांग्रेस के एक बड़े गुट ने सर्वसम्मति से यह फैसला लिया कि वह न तो प्रदेश प्रधान के नेतृत्व में विश्वास रखते हैं और न ही उसका समर्थन करेंगे। इस खबर ने पंजाब के अन्य नेताओं और कार्यकर्त्ताओं को मायूस ही नहीं किया, बल्कि उनकी आशाओं पर पानी फेर दिया। इससे स्पष्ट हो गया कि कांग्रेस बुरी तरह बिखराव की शिकार है।

हकीकत में पंजाब कांग्रेस के लंबे इतिहास में पहली बार कांग्रेस के एक बड़े गुट ने आलाकमान को पार्टी हित में सुझाव दिया है, चुनौती दी है या बगावत की है। जब पिछले साढ़े 4 वर्षों से प्रदेश प्रधान को सहयोग दे रहे थे तो फिर चुनावों के नजदीक उसको बदलने के लिए आलाकमान पर दबाव क्यों डाला जाने लगा? यह मंसूबा समझ से परे है, संशयपूर्ण है और दाल में कुछ काला तो जरूर लगता है। इतिहास साक्षी है कि सभी राजनीतिक दलों के आलाकमान ही सर्वोपरि होते हैं और प्रदेशों में नियुक्तियां भी उनके अधिकार क्षेत्र में आती हैं। कई बार वे प्रदेशों के प्रतिष्ठित नेताओं से सलाह-मशविरा कर लेते हैं और कई बार अपनी रिपोर्ट के आधार पर नेताओं को जिम्मेदारियां सौंपते हैं। जिन्हें बिना किसी किंतु-परंतु के प्रदेश का पार्टी नेतृत्व सहर्ष स्वीकार कर लेता है। यही परम्परा पिछले कई वर्षों से चली आ रही है और भविष्य में भी ऐसे ही चलती रहेगी।

कांग्रेस भारत की 141 वर्ष पुरानी आलीशान और गौरवमयी इतिहास की पार्टी रही है और उसका शीर्ष नेतृत्व ही प्रदेशों से संबंधित फैसला लेते आया है। ये फैसले राजनीतिक तौर पर फलदायक रहें या नुकसानदायक, यह चर्चा का विषय हो सकता है। एक गुट के दबाव में यदि आलाकमान घुटनों पर आ जाती है तो फिर दूसरे प्रदेशों में भी ऐसे बगावती सुर उठने लगेंगे, जो उनके अधिकार क्षेत्र को ही चुनौती होगी। यदि कोई मांग उचित भी हो तो उसका समाधान करने का तरीका युक्तिसंगत, समयानुकूल और हालाते हाजरा की जरूरीयात के मुताबिक हो। समस्या को लटकाना भी समस्या का समाधान नहीं होता। कांग्रेस पार्टी के प्रादेशिक संगठनों में यदि गुटबाजी है तो आलाकमान भी अपनी कमियों, कमजोरियों और गुटों को प्रोत्साहित करने की गैर-मामूली जिम्मेदारियों से बच नहीं सकती। पंडित नेहरू और सरदार पटेल के समय भी 2 गुट थे, परंतु दोनों के मुख्य उद्देश्य बड़े सकारात्मक, सृजनात्मक और रचनात्मक थे। वह पार्टी के हितों से ऊपर राष्ट्र के हितों को ही सर्वोच्च मानते थे। एक ने समूचे राष्ट्र को एकता के सूत्र में पिरोया और दूसरे ने हर क्षेत्र में विकास की बुनियाद रखी। वर्तमान समय में गुटबाजी निजी स्वार्थों तक सीमित होती जा रही है जो अति विनाशकारी साबित हो रही है। कांग्रेस आलाकमान पहले ही जल्दबाजी, गुटबाजी और खुशामदियों के सलाह-मशविरे से असम गंवा बैठी है। हरियाणा में जीतती-जीतती पराजित हो गई और पंजाब में जिस फैसले को मास्टर स्ट्रोक कहते थे, वही कांग्रेस को ले डूबा और पार्टी विधानसभा में 18 सीटों तक सीमित रह गई।

यह जानते हुए भी कि युद्ध के मैदान में घोड़े नहीं बदले जाते, फिर भी उन्होंने चुनाव से कुछ महीने पहले कैप्टन अमरिंदर सिंह को बदल कर हिमालय से भी बड़ी गलती की। हकीकत में लोकप्रिय नेता को बदलने का न समय ठीक था और न ही फैसला, जिसका खामियाजा पार्टी को भुगतना पड़ा।राजनीति शतरंज के मोहरों की तरह शह और मात का खेल होता है। मामूली गलती से कई बार बादशाह भी मारा जाता है। कांग्रेस के ठीक समय पर ठीक फैसले न लेने से तमिलनाडु, बंगाल, यू.पी. और बिहार हाथ से निकल गए और आज तक कांग्रेस के इन प्रदेशों में पांव नहीं जमे। हकीकत में कांग्रेस का संरचनात्मक और कार्यात्मक प्रकोष्ठ अति कमजोर हो चुके हैं। प्रदेशों के संगठनात्मक ढांचे भी शिथिल हो रहे हैं। देश में 90 करोड़ मतदाताओं में आधी महिलाएं हैं, परंतु महिला कांग्रेस का प्रभाव भी फीका पड़ रहा है। युवा कांग्रेस, कांग्रेस का एक मकबूल और शक्तिशाली फोर फ्रंट था, जो अब कई छोटे-छोटे संकीर्ण गुटों में बंटा हुआ है। इन पर भी प्रभावशाली विधायकों और मंत्रियों का नियंत्रण है। इंटक कांग्रेस का एक बड़ा ही शक्तिशाली विंग था, जिसमें लाखों औद्योगिक, व्यापारिक और कृषि क्षेत्र से संबंधित मजदूर होते थे जो अब अपना वर्चस्व खो चुका है। इसी तरह सेवा दल, जिसके मुखिया कभी पंडित नेहरू थे, आज थोड़े से लोगों के हाथों में सिमट कर रह गया है। जबकि आर.एस.एस. की भारत में करीब 80 हजार के लगभग शाखाएं हैं, जो हर समय सक्रिय रहते हैं। यद्यपि कांग्रेस के पास आज भी करोड़ों कार्यकर्त्ता हैं, पर उन्हें एकता के सूत्र में बांधने वालों की भारी कमी है। 'आप' सरकार मुफ्तखोरी के नाम पर अपना वर्चस्व बनाए हुए है। अकाली दल पिछले चुनाव में बुरी तरह पराजित होने के बाद अभी भी हिचकोले खा रहा है। भाजपा इतिहास में पहली बार अपने दम पर चुनाव लड़कर कुछ नया करने के लिए संकल्पित है। चुनाव के नजदीक आने पर भी कांग्रेस के पांव देवताओं की तरह जमीं को छूते नजर नहीं आ रहे। खुदा पंजाब कांग्रेस पर नजरे इनायत रखे। इस संबंध में एक शेर नजर करता हूं। आदमी खुद को कभी यूं भी सजा देता है, अपने दामन से खुद शोलों को हवा देता है। मुझे उस सियासतदान की सियासत पर तरस आता है, जो अपने मफाद के लिए पार्टी हितों को कुर्बान करता है।

*(यह लेखक के अपने विचार हैं।)*

साहित्य



## तुम्हें क्या मिलता है...!

**संजय एम तराणेकर**

दुनिया में कभी-भी ऐसा नहीं चलता,
दिमाग गरम रहें तो प्यार नहीं पलता।
क्यों? यूं स्वयं को इतना जला रहे हो,
दूसरों को मानसिक संत्रास दे रहे हो।

बताओ ऐसा कर तुम्हें क्या मिलता है,
क्रोध में कब प्रेम का फूल खिलता है।
अपने स्वभाव को भी दूरंदेशी बनाओ,
अपने प्रति सबके मन में प्रेम जगाओ।

मैंने माना बहुत ही कठिन है यह डगर,
सोचो कैसे चलेगा ऐसे पूरें जिंदगी भर।
कल को तुम तनहाँ ही तो रह जाओगे,
सबके प्रेम से हमेशा वंचित हो
जाओगे।



# जेन जी : जो लिख रही विकसित भारत का भविष्य

*डॉ. मयंक चतुर्वेदी*

आज के दौर में यदि किसी देश की सबसे बड़ी ताकत का प्रश्न पूछा जाए तो उत्तर न तो उसके प्राकृतिक संसाधन होंगे और न ही उसकी सैन्य शक्ति। किसी भी राष्ट्र की सबसे बड़ी पूंजी उसके युवा होते हैं। भारत इस दृष्टि से विश्व का सबसे सौभाग्यशाली देश है। लगभग 38 करोड़ युवाओं वाली भारतीय जेनजी (Generation Z) वह जीवंत ऊर्जा है जो आने वाले भारत की दिशा और दशा दोनों तय करेगी, किंतु इन सभी जेनजी के बीच कभी-कभी कुछ सौ या कुछ हजार युवाओं की नकारात्मक गतिविधियां पूरे युवा समाज को बदनाम कर देती हैं।

वस्तुतः सोशल मीडिया पर वायरल होने वाले कुछ दृश्य यह भ्रम पैदा कर देते हैं कि पूरी पीढ़ी दिशाहीन हो गई है, जबकि वास्तविकता इसके ठीक विपरीत है। भारत की असली जेनजी वह है जो सीमाओं पर देश की रक्षा कर रही है, प्रयोगशालाओं में नई तकनीक विकसित कर रही है, खेल मैदानों में तिरंगा लहरा रही है, स्टार्टअप के माध्यम से रोजगार सृजित कर रही है, गांवों में नवाचार कर रही है और समाज सेवा से लेकर पर्यावरण संरक्षण तक हर क्षेत्र में देश का भविष्य गढ़ रही है। यदि हम आज विकसित भारत-2047 के सपने को साकार करने की बात करें तो यही युवा शक्ति उसका आधार बनेगी।

यही कारण है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बार-बार युवाओं को अमृत पीढ़ी कहकर संबोधित करते हैं। उनका विश्वास है कि विकसित भारत का संकल्प सरकारी योजनाओं के साथ इन सभी करोड़ों युवाओं की प्रतिभा, परिश्रम और नवाचार से पूरा होगा। ऐसे में कुछ प्रतियोगी परीक्षाओं या आंदोलनों के दौरान सामने आए अनुशासनहीन दृश्यों को देखकर पूरी जेनजी को कटघरे में खड़ा करना वास्तव में उन करोड़ों युवाओं के साथ अन्याय है जोकि प्रतिदिन राष्ट्रनिर्माण में लगे हुए हैं। यदि 38 करोड़ युवाओं में से कुछ हजार गलत दिशा में चले जाते हैं, तो उससे पूरी पीढ़ी का चरित्र निर्धारित नहीं किया जा सकता। समाज की परिपक्वता इसी में है कि वह विकृतियों का उपचार करे।

यदि भारत की जेनजी का वास्तविक चेहरा देखना हो तो सोशल मीडिया से बाहर निकलकर देश की सीमाओं की ओर देखना चाहिए। अग्निपथ योजना के माध्यम से हर वर्ष हजारों युवा भारतीय सेना में भर्ती होकर राष्ट्ररक्षा का दायित्व संभाल रहे हैं। भारतीय सेना, नौसेना, वायुसेना, केंद्रीय अर्धसैनिक बलों और राज्य पुलिस में लाखों युवा दिन-रात देश की सुरक्षा में लगे हैं। भारत की वैज्ञानिक उपलब्धियों के पीछे भी आज यही युवा शक्ति खड़ी है। देश में करोड़ों विद्यार्थी विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित की शिक्षा प्राप्त कर रहे हैं। लाखों युवा शोधकर्ता कृत्रिम बुद्धिमत्ता, रोबोटिक्स, अंतरिक्ष विज्ञान, जैव प्रौद्योगिकी, रक्षा अनुसंधान और चिकित्सा विज्ञान जैसे क्षेत्रों में नए आयाम स्थापित कर रहे हैं। विश्व का सबसे हल्का उपग्रह कलामसैट विकसित करने वाले रिफत शारूक हों, मातृ स्वास्थ्य के लिए अभिनव उपकरण तैयार करने वाले युवा शोधकर्ता हों, पार्किंसंस रोगियों के लिए नई तकनीक विकसित करने वाली वैज्ञानिक हों या फिर द अर्थ प्राइज जैसे वैश्विक मंचों पर भारत का नाम रोशन करने वाले किशोर वैज्ञानिक; ये सभी इस बात के प्रमाण हैं कि भारतीय युवा भविष्य की तकनीक के निर्माता बन रहे हैं।

खेल जगत में भारत की नई पहचान भी इसी पीढ़ी ने गढ़ी है। कभी क्रिकेट तक सीमित समझे जाने वाले भारत ने अब एथलेटिक्स, शतरंज, बैडमिंटन, मुक्केबाजी, निशानेबाजी, तीरंदाजी, कुश्ती और हॉकी जैसे खेलों में विश्व स्तर पर अपनी अलग पहचान बनाई है। स्कॉटलैंड के ग्लासगो में चल रहे राष्ट्रमंडल खेलों में भारत के लिए मीराबाई चानू दिलीप गावित, ऋषिकांता सिंह चानंबम, मुरली श्रीशंकर मोहम्मद बासिल, झंडू कुमार राजा मुथु पांडे स्वर्ण से लेकर अन्य पदक जीत चुके हैं। अन्य खिलाड़ी भी पदक जीतने के लिए तैयार हैं। नीरज चोपड़ा, मनु भाकर, डी. गुकेश, आर. प्रज्ञानानंद, अमन सहरावत, शुभमन गिल, यशस्वी जायसवाल और अनेक युवा खिलाड़ियों ने यह सिद्ध किया है कि भारतीय युवा विश्व विजेता बनने का संकल्प लेकर आगे बढ़ रहे हैं।



भारतीय अर्थव्यवस्था की नई कहानी भी युवाओं के हाथों लिखी जा रही है। आज भारत विश्व का तीसरा सबसे बड़ा स्टार्टअप इकोसिस्टम बन चुका है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, फिनटेक, एग्रीटेक, हेल्थटेक, डीप टेक और क्विक कॉमर्स जैसे क्षेत्रों में हजारों युवा उद्यमी नई कंपनियां स्थापित कर रहे हैं। आदित पालिचा, कैवल्य वोहरा, शाश्वत नाकराणी और अनेक युवा उद्यमियों ने यह साबित किया है कि आज का भारतीय युवा नौकरी खोजने के स्थान पर रोजगार सृजित करने वाला बन चुका है। यही परिवर्तन आत्मनिर्भर भारत की सबसे बड़ी शक्ति है। देश की इस नई पीढ़ी को हम तकनीक और उद्योग के साथ ही राष्ट्रीय सेवा योजना, राष्ट्रीय कैडेट कोर, नेहरू युवा केंद्र और विभिन्न स्वयंसेवी संगठनों से जुड़कर सेवा कार्य करते हुए भी देख सकते हैं। लाखों युवा शिक्षा, स्वास्थ्य, रक्तदान, आपदा राहत, महिला सशक्तीकरण और ग्रामीण विकास जैसे क्षेत्रों में निस्वार्थ भाव से कार्य कर रहे हैं। पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में भी भारत की युवा पीढ़ी उल्लेखनीय भूमिका निभा रही है। जल संरक्षण, वृक्षारोपण, प्लास्टिक मुक्त अभियान, जैव विविधता संरक्षण और स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा देने वाले हजारों युवा आज सामाजिक परिवर्तन के वाहक बने हुए हैं।

यह भी सत्य है कि इस पीढ़ी के सामने अनेक चुनौतियां हैं। तीव्र प्रतिस्पर्धा, रोजगार की चिंता, मानसिक तनाव, डिजिटल व्यसन और सोशल मीडिया का बढ़ता प्रभाव युवाओं को प्रभावित करता है। इन समस्याओं को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। किंतु इन चुनौतियों का समाधान पूरी पीढ़ी को प्रोत्साहित करते रहने में ही है। वास्तविकता यही है कि युवाओं को उपदेश से अधिक अवसर चाहिए, आलोचना करने के स्थान पर उनका मार्गदर्शन किया जाना जरूरी है और संदेह से अधिक विश्वास उन्हें चाहिए।

यही पीढ़ी चंद्रयान और गगनयान के सपनों को साकार करेगी, यही भारत को कृत्रिम बुद्धिमत्ता, क्वांटम कंप्यूटिंग और सेमीकंडक्टर निर्माण में वैश्विक नेतृत्व दिलाएगी, यही ओलंपिक में तिरंगा ऊंचा करेगी, यही खेतों में नई तकनीक पहुंचाएगी और यही भारत को 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प को साकार करेगी। अत~ आज आवश्यकता इस बात की है कि हम अपनी युवा शक्ति पर विश्वास करें।

वस्तुतः भारत के जेनजी के संदर्भ में कहना यही होगा कि करोड़ों की उक्त संख्या जेनजी की आज भी हर सुबह एक नए सपने के साथ उठती है और हर शाम अपने श्रम से राष्ट्र की प्रगति में एक नई ईंट जोड़ देती है। यही पीढ़ी भारत की सबसे बड़ी पूंजी है, यही उसकी सबसे बड़ी आशा है और यही विकसित भारत की सबसे विश्वसनीय आधारशिला है।

*(यह लेखक के अपने विचार हैं।)*

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा। आरएनआई UPHIN/2013/55887
**पत्राचार एवं व्यवसायिक कार्यालय : 5/295, विपुल खण्ड-5, गोमती नगर, लखनऊ-226010, मो. 9305748833, 7985738649, 9451244788, 9554964672,**
**For News :** samradhinewslko@gmail.com/samradhinews@gmail.com **For Official :** chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

## खबरें एक नजर में

### नि:शुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन



**फतेहपुर।** सद्गुरु नेत्र चिकित्सालय, जानकीकुंड-चित्रकूट एवं सोशल एजुकेशन डेवलपमेंट सोसाइटी, मिचकी के संयुक्त तत्वावधान में मदर सुहाग इंटर कॉलेज, अमरजई में नि:शुल्क नेत्र परीक्षण एवं चश्मा वितरण शिविर का सफल आयोजन किया गया। शिविर में नेत्र चिकित्सकों डॉ. प्रदीप सिंह, डॉ. सुधीर द्विवेदी एवं डॉ. विकास यादव द्वारा छात्र-छात्राओं की आंखों की जांच की गई। जांच के दौरान जिन विद्यार्थियों में दृष्टि संबंधी समस्याएं पाई गईं, उन्हें मौके पर ही नि:शुल्क चश्मों का वितरण किया गया। साथ ही बच्चों एवं अभिभावकों को आंखों की नियमित जांच, संतुलित आहार तथा आंखों की स्वच्छता एवं देखभाल के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम में संस्था के संस्थापक राकेश सविता, संयोजक आचार्य बाबू सिंह तथा संस्था के सक्रिय सदस्य इंदल सिंह, झूरी मौर्य, दिनेश गौतम, सत्यनारायण सिंह, गुरुदत्त सिंह एवं सचिन सिंह उपस्थित रहे। सभी ने शिविर के सफल संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और विद्यार्थियों को बेहतर स्वास्थ्य एवं शिक्षा के प्रति प्रेरित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मदर सुहाग इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य मोहित सिंह चंदेल ने की। उन्होंने सद्गुरु नेत्र चिकित्सालय, जानकीकुंड-चित्रकूट एवं सोशल एजुकेशन डेवलपमेंट सोसाइटी, मिचकी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ऐसे जनहितकारी शिविर विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य और बेहतर स्वास्थ्य के लिए अत्यंत उपयोगी हैं। संस्था के पदाधिकारियों ने बताया कि आर्थिक रूप से कमजोर एवं जरूरतमंद विद्यार्थियों तक गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाना संस्था का प्रमुख उद्देश्य है। भविष्य में भी शिक्षा एवं स्वास्थ्य के क्षेत्र में ऐसे सेवा कार्य निरंतर आयोजित किए जाते रहेंगे। कार्यक्रम के सफल आयोजन में विद्यालय परिवार, शिक्षक-शिक्षिकाओं, चिकित्सक दल, संस्था के सदस्यों एवं सभी सहयोगियों का विशेष योगदान रहा।

### अवैध तमंचा लहराने वाला आरोपी गिरफ्तार




**महोबा, समृद्धि न्यूज।** अवैध तमंचा लहराते हुए वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पनवाड़ी पुलिस ने चौबीस घन्टे में आरोपी युवक को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस अधीक्षक शशांक सिंह के नेतृत्व, अपर पुलिस अधीक्षक वंदना सिंह के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ अनुरुद्ध कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना पनवाड़ी पुलिस को बड़ी सफलता प्राप्त हुई है। सोशल मीडिया पर थाना पनवाड़ी क्षेत्र के ग्राम नगारा से एक युवक द्वारा हाथ में अवैध तमंचा लहराते हुए वायरल वीडियो संज्ञान में आया, जिस पर पुलिस अधीक्षक द्वारा तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए गए। इसी क्रम में थाना प्रभारी महेन्द्र कुमार वर्मा द्वारा गठित टीम, उ.नि. नरेन्द्र कुमार मय हमराह का. कुलदीप शुक्ला व रि.कां. संदीप कुमार द्वारा संदिग्ध व्यक्तियों/वाहनों की चेकिंग के दौरान बुडेरा रोड स्थित नहर पुलिया (लोधीपुरा मार्ग) के पास से अभियुक्त जगभान रैकवार उर्फ जग्गू पुत्र भानुप्रताप रैकवार, उम्र 26 वर्ष, निवासी ग्राम नगाराघाट थाना पनवाड़ी जनपद महोबा को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी के दौरान अभियुक्त के कब्जे से एक अदद तमंचा 12 बोर व 01 अदद जिन्दा कारतूस 12 बोर नाजायज बरामद हुआ। बताया कि बरामदगी के आधार पर थाना पनवाड़ी पर मुअसं. 117/2026 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत कर अभियुक्त को न्यायालय महोबा के समक्ष पेश किया गया।

### एसपी ने मासिक सैनिक सम्मेलन गोष्ठी की आयोजित

**महोबा, समृद्धि न्यूज।** पुलिस अधीक्षक शशांक सिंह द्वारा पुलिस लाइन सभागार में देर रात्रि को मासिक सैनिक सम्मेलन एवं मासिक अपराध समीक्षा गोष्ठी आयोजित की गई। गोष्ठी में अपर पुलिस अधीक्षक सहित जनपद के समस्त क्षेत्राधिकारी, थाना प्रभारी एवं शाखा प्रभारियों के साथ कानून-व्यवस्था, अपराध नियंत्रण एवं प्रचलित अभियानों की विस्तृत एवं बिंदुवार समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। पुलिस अधीक्षक द्वारा लंबित विवेचनाओं का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण, वांछित एवं पुरस्कार घोषित अपराधियों की शीघ्र गिरफ्तारी, गुमशुदा व्यक्तियों की सकुशल बरामदगी, आईजीआरएस प्रकरणों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण, ऑपरेशन दहन तथा निरोधात्मक कार्यवाहियों की समीक्षा करते हुए सभी थाना प्रभारियों को प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने निर्देशित किया कि प्रत्येक थाना क्षेत्र में मुखबिर तंत्र को और अधिक सक्रिय एवं सुदृढ़ बनाया जाए तथा अपराधियों एवं असामाजिक तत्वों पर सतत निगरानी रखी जाए। अवैध शस्त्र, जुआ, आबकारी अधिनियम, एनडीपीएस एक्ट, गुंडा एक्ट एवं अन्य आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध प्रभावी एवं विधिसम्मत कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। आगामी त्योहारों एवं चुनावी वर्ष के दृष्टिगत विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश देते हुए पुलिस अधीक्षक ने संवेदनशील स्थलों पर नियमित एवं प्रभावी रात्रि गश्त, डायल-112 के हॉटस्पॉट स्थलों पर पुलिस की अधिकतम विजिबिलिटी तथा यातायात व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाए रखने पर विशेष बल दिया। साथ ही सभी अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में कानून-व्यवस्था की सतत निगरानी रखते हुए किसी भी स्थिति से प्रभावी ढंग से निपटने हेतु पूर्ण रूप से तैयार रहने तथा सोशल मीडिया पर पैनी नजर रखते हुए प्रभावी कार्यवाही के निर्देश दिए गए। पुलिस अधीक्षक ने सभी थाना प्रभारियों को चुनावी वर्ष के दृष्टिगत नियमित रूप से ग्राम चौपाल एवं जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित कर स्थानीय नागरिकों से संवाद स्थापित करने, क्षेत्र की गतिविधियों की जानकारी प्राप्त करने तथा मुखबिर तंत्र को और अधिक विकसित करने के निर्देश दिए। साथ ही मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत बहू-बेटी सम्मेलन आयोजित कर महिलाओं एवं बालिकाओं में सुरक्षा एवं आत्मविश्वास की भावना को सुदृढ़ करने तथा साइबर अपराधों की रोकथाम के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में नियमित जनजागरूकता अभियान चलाकर लोगों को साइबर अपराधों से बचाव के प्रति जागरूक करने के निर्देश भी दिए गए।

# समरसता संकल्प यात्रा का फतेहपुर में स्वागत

- सात दिनों तक छह विधानसभाओं के 23 मंडलों में करेगी प्रवास

**फतेहपुर, समृद्धि न्यूज़।**



संत शिरोमणि गुरु रविदास महाराज की 650वीं जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित समरसता संकल्प यात्रा का शुभारंभ उनकी पावन जन्मस्थली श्री गुरु रविदास जन्मस्थान, सीर गोवर्धनपुर (काशी/वाराणसी) से उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मुख्य आतिथ्य में हुआ। इस अवसर पर प्रदेश के समस्त जनपदों से यात्रा के संयोजकों ने सहभागिता करते हुए पवित्र कलश प्राप्त किए। फतेहपुर जनपद से जिला संयोजक राम सजीवन कोरी तथा सह-संयोजक पंकज त्रिपाठी, प्रसून तिवारी एवं धर्मेन्द्र सिंह सिंगरौर वाराणसी से यात्रा रथ एवं पवित्र कलश लेकर फतेहपुर पहुंचे। जनपद की सीमा खागा में यात्रा का भव्य स्वागत किया गया तथा विधि-विधान से कलश की पूजा-अर्चना संपन्न हुई। इस अवसर पर उत्तर प्रदेश सरकार की राज्यमंत्री कृष्णा पासवान, पूर्व मंत्री राजेंद्र पटेल, पूर्व मंत्री रणवेंद्र प्रताप सिंह, विधायक विकास गुप्ता, भाजपा जिलाध्यक्ष अन्नू श्रीवास्तव, हसवा ब्लॉक प्रमुख विकास पासवान सहित अनेक जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओं ने यात्रा का स्वागत किया। इसके उपरांत कलश को फतेहपुर नगर के शांति नगर स्थित बांके बिहारी मंदिर में स्थापित किया गया, जहां श्रद्धालुओं एवं कार्यकर्ताओं द्वारा भव्य स्वागत एवं पूजा-अर्चना की गई। कार्यक्रम में जिला महामंत्री पंकज त्रिवेदी, पुष्पराज पटेल, जिला मंत्री विमलेश पांडेय, कुलदीप भदौरिया, स्वरूप राज सिंह जूली, प्रदीप गर्ग, सुनीधी तिवारी, अंजू त्रिपाठी, वंदना द्विवेदी, सुमित द्विवेदी, संजय श्रीवास्तव, विनोद चंदेल, विनोद गौतम सहित बड़ी संख्या में भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। भाजपा जिलाध्यक्ष अन्नू श्रीवास्तव ने कहा कि संत गुरु रविदास जी का जीवन समता, समरसता, सेवा और मानवता का अनुपम संदेश देता है। उनके विचार आज भी समाज को जोड़ने और सामाजिक सद्भाव को मजबूत करने की प्रेरणा प्रदान करते हैं। समरसता संकल्प यात्रा के माध्यम से उनके संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य किया जाएगा। जिला संयोजक राम सजीवन कोरी ने कहा कि यह यात्रा केवल एक धार्मिक या सामाजिक आयोजन नहीं, बल्कि समाज के प्रत्येक वर्ग को जोड़ने का एक व्यापक अभियान है। संत रविदास जी द्वारा बताए गए समरसता, समानता और मानव कल्याण के मार्ग पर चलने का संकल्प ही इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य है। उन्होंने बताया कि यह यात्रा आगामी सात दिनों तक फतेहपुर जनपद की सभी छह विधानसभाओं फतेहपुर, हुसैनगंज, खागा, अयाहशाह, बिंदकी एवं जहानाबाद तथा सभी 23 मंडलों में भ्रमण करेगी। यात्रा के दौरान विभिन्न स्थानों पर गोष्ठियों, संवाद कार्यक्रमों एवं स्वागत समारोहों के माध्यम से संत रविदास जी के जीवन चरित्र, उनके विचारों और सामाजिक समरसता के संदेश का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाएगा।

## जिलाधिकारी ने सुनीं फरियादियों की समस्याएं, दिए निस्तारण के निर्देश



**उरई (जालौन)।** जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने अपने कार्यालय कक्ष में जनसुनवाई के दौरान दूर-दराज से आए फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता एवं संवेदनशीलता के साथ सुना। उन्होंने भूमि विवाद, राजस्व, पुलिस, विद्युत, पेयजल, आवास, पेंशन, स्वास्थ्य, राशन कार्ड तथा अन्य विभागों से संबंधित शिकायतों पर संबंधित अधिकारियों को त्वरित, निष्पक्ष एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि जनसुनवाई शासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। प्रत्येक अधिकारी शिकायतों का निस्तारण पूरी पारदर्शिता एवं जवाबदेही के साथ निर्धारित समय सीमा के भीतर सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देश दिए कि शिकायतों के निस्तारण में किसी भी प्रकार की लापरवाही अथवा अनावश्यक विलंब बर्दास्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि जिन प्रकरणों का मौके पर समाधान संभव है, उनका तत्काल निस्तारण कराया जाए तथा जटिल मामलों में स्वयं स्थलीय निरीक्षण कर निष्पक्ष जांच के उपरांत प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि शिकायतकर्ता को निस्तारण की जानकारी समय से उपलब्ध कराई जाए।

## साइबर अपराधों की रोकथाम के लिए अपर पुलिस अधीक्षक ने दिया विशेष प्रशिक्षण

- साइबर अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए सशक्त पहल
- पुलिस लाइन में साइबर प्रभारियों को मिला प्रशिक्षण

**महोबा, समृद्धि न्यूज।**



अपर पुलिस अधीक्षक वन्दना सिंह द्वारा जनपद में साइबर अपराधों की प्रभावी रोकथाम, त्वरित अनावरण एवं पीड़ितों को शीघ्र न्याय दिलाने के उद्देश्य से क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ अनुरुद्ध कुमार के साथ पुलिस लाइन स्थित साइबर लैब में जनपद के समस्त थानों में संचालित साइबर सेल के प्रभारी अधिकारियों को विशेष प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक द्वारा उपस्थित अधिकारियों को उनके दायित्वों के प्रति जागरूक करते हुए साइबर अपराधों की बदलती प्रवृत्तियों, उनके त्वरित एवं वैज्ञानिक अनावरण, डिजिटल साक्ष्यों के संग्रहण एवं विश्लेषण, तथा आधुनिक तकनीकी संसाधनों के प्रभावी उपयोग के संबंध में विस्तृत मार्गदर्शन दिया गया। साथ ही, साइबर अपराधों के प्रति आमजन में जागरूकता बढ़ाने एवं पीड़ितों को त्वरित राहत उपलब्ध कराने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। इस प्रशिक्षण के माध्यम से साइबर सेल प्रभारियों की तकनीकी दक्षता, जांच क्षमता एवं त्वरित प्रतिक्रिया प्रणाली को और अधिक सुदृढ़ करने पर विशेष बल दिया गया, जिससे जनपद में साइबर अपराधों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित किया जा सके। इस अवसर पर साइबर थाना प्रभारी निरीक्षक अर्जुन सिंह सहित जनपद के समस्त थानों में संचालित साइबर सेल के प्रभारी अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### सूचना

मेरे ड्राइविंग लाइसेंस में मेरा नाम त्रुटिवश माकेश चन्द्र दर्ज हो गया है, जबकि मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम मुकेश चन्द्र दर्ज है। दोनों ही नाम एक ही व्यक्ति है। मेरे ड्राइविंग लाइसेंस में मेरा सही नाम मुकेश चन्द्र दर्ज किया जाये। **मुकेश चन्द्र पुत्र हरीराम निवासी अल्हादादपुर, सिलसंडा, जनपद-फर्रुखाबाद।**

### अदालती नोटिस

**न्यायालय प्रधान न्यायाधीश, परिवार न्यायालय फतेहपुर**
**याचिका संख्या- 983 सन्- 2025**
**धर्मवीर**
**बनाम**
**ज्योति सिंह**
**धारा- 13 हिन्दू विवाह अधिनियम**
**जिला-फतेहपुर।**

यूंकि प्रत्युत्तरदाता ज्योति सिंह उम्र करीब 31 साल पत्नी धर्मवीर पुत्री श्री आशुतोष सिंह हाल पता परसिद्धपुर पोस्ट बम्हरौली थाना धाता जिला फतेहपुर आपके विरूद्ध याची धर्मवीर उम्र करीब 37 साल पुत्र श्री पुरूषोत्तम सिंह निवासी ग्राम सधुवापुर पोस्ट पौली, थाना खखरेरू जिला फतेहपुर ने याचिका संस्थित किया है, जैसा कि याचिका में वर्णित है। एतद्वारा आप इस न्यायालय में दिनांक 11-08-2026 को समय 10.30 बजे पर व्यक्तिगत रूप से उपस्थित हों और लिखित कथन/आपत्ति प्रस्तुत करते हुए अपना पक्ष प्रस्तुत करें। एतद्वारा, आप यह भी सूचना ग्रहण करें कि आपकों मामले की सम्यक सूचना समाचार पत्र में प्रकाशन के माध्यम के पश्चात, यदि आप उपरोक्त वर्णित नियत तिथि पर, न्यायालय समय 03 बजे तक न्यायालय में अपनी व्यक्तिगत उपस्थिति में असफल रहते हैं तो आपके विरूद्ध मामले में एक पक्षीय कार्यवाही प्रारम्भ कर दी जायेगी और आप अपने विरूद्ध डिकी या आदेश पारित किये जाने के लिए स्वयं जिम्मेदार होंगे।

एतद्वारा आप यह भी सूचना ग्रहण करें कि नियत तिथि पर उभयपक्ष को सुने जाने के पश्चात, कुटुम्ब न्यायालय द्वारा अग्रिम तिथि निश्चित करते हुए परामर्शदाता के समक्ष सुनवाई हेतु मामला सन्दर्भित किया जायेगा और न्यायालय द्वारा उभयपक्ष के मध्य शीघ्र सुलह कराने या उसके पश्चात मामले को शीघ्र निपटारा किये जाने का हर सम्भव प्रयास किया जायेगा। तत्सम्बन्धी आदेश प्रधान न्यायाधीश, परिवार न्यायालय फतेहपुर द्वारा दिनांक 08-07-2026 को पारित किया गया। जिसके अनुपालन में यह आदेशिका (समाचार पत्र में प्रकाशन हेतु) आपको प्रेषित की जा रही है।

**दिनांक- 14-07-2026**
**न्यायालय की आज्ञा से**
**(मुंसरिम)**
**प्रधान न्यायाधीश, परिवार न्यायालय, फतेहपुर।**

## मूंग क्रय केंद्रों की समीक्षा में डीएम सख्त, किसानों को हर हाल में मिले सुविधा

- 25 एफपीओ के लिए प्रस्तावित नए मूंग क्रय केंद्र तत्काल खोलने के निर्देश
- महज 16 केंद्र संचालित होने पर अधिकारियों को लगाई फटकार

**उरई (जालौन), समृद्धि न्यूज।**




जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने कलेक्ट्रेट सभागार में मूंग क्रय केन्द्रों की समीक्षा बैठक कर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनपद में संचालित सभी मूंग क्रय केन्द्रों पर किसानों को किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए तथा खरीद प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी, सुचारु एवं समयबद्ध ढंग से संचालित की जाए। बैठक में बताया गया कि जनपद में वर्तमान में 16 मूंग क्रय केन्द्र संचालित हैं। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि सभी केन्द्रों पर किसानों के बैठने, पेयजल, तौल, भुगतान एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जाएं, जिससे किसानों को अपनी उपज बेचने में किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। समीक्षा के दौरान 25 किसान उत्पादक संगठनों (एफपीओ) के लिए नए मूंग क्रय केन्द्र खोले जाने के प्रस्तावों पर अपेक्षित कार्रवाई न होने का मामला सामने आया। इस पर जिलाधिकारी ने उद्यान अधिकारी एवं एआर कोऑपरेटिव को कड़ी फटकार लगाते हुए नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी लंबित औपचारिकताओं को आज ही पूर्ण कर प्रस्तावित मूंग क्रय केन्द्र तत्काल संचालित किए जाएं, ताकि अधिक से अधिक किसानों को अपने निकट ही उपज विक्रय की सुविधा उपलब्ध हो सके। जिलाधिकारी ने कहा कि किसानों के हितों से जुड़े मामलों में किसी भी स्तर पर शिथिलता या लापरवाही बर्दास्त नहीं की जाएगी। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि शासन की मंशा के अनुरूप मूंग खरीद अभियान को प्रभावी ढंग से संचालित करते हुए प्रत्येक पात्र किसान को समय पर लाभ उपलब्ध कराया जाए। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व राजीव राज, उप कृषि निदेशक एसके उत्तम, एआर कोऑपरेटिव शिव कुमार, उधान अधिकारी परवेज खान आदि अधिकारी मौजूद रहे।

### हर-हर महादेव के उद्घोष के साथ नगर में निकली कांवड़ यात्रा

**जालौन (उरई)।** सावन माह के पावन अवसर पर जय बाबा वैद्यनाथ अमरदानी ग्रुप के तत्वावधान में नगर में कांवड़ यात्रा निकाली गई। भगवान भोलेनाथ के जयघोष, डमरू की धुन और 'हर-हर महादेव' व 'बोल बम' के जयघोष से पूरा नगर शिवमय हो उठा। कांवड़ यात्रा का शुभारंभ नगर के बड़ी माता मंदिर परिसर से विधि-विधान के साथ किया गया। यात्रा प्रारंभ होने से पूर्व भगवान शिव का पूजन-अर्चन, रुद्राभिषेक एवं आरती की गई। इसके बाद श्रद्धालु कंधों पर कांवड़ लेकर भगवान शिव के जयकारे लगाते हुए आगे बढ़े। यात्रा बड़ी माता मंदिर से छोटी माता मंदिर, सब्जी मंडी, तहसील रोड, कांजी हाउस, देवनगर चौराहा होते हुए पेट्रोल टैंक स्थित हनुमानजी मंदिर पहुंची। पूरे मार्ग में श्रद्धालुओं का उत्साह देखते ही बन रहा था। शिवभक्त भजनों की धुन पर नृत्य करते हुए आगे बढ़ रहे थे, जबकि डीजे पर बज रहे शिव भक्ति गीतों से वातावरण पूरी तरह शिवमय हो गया। नगर के विभिन्न स्थानों पर सामाजिक संगठनों और स्थानीय नागरिकों ने कांवड़ियों का पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। कई स्थानों पर शीतल पेयजल, फल, शरबत एवं फलाहार की व्यवस्था की गई। महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों ने भी सड़कों के किनारे खड़े होकर श्रद्धालुओं का उत्साहवर्धन किया। श्रद्धालुओं ने भगवान भोलेनाथ से सुख, समृद्धि, उत्तम स्वास्थ्य और क्षेत्र की खुशहाली की कामना की। यात्रा में दीपू पुरवार, बालमुकुंद चौरसिया, मनीष धूसर, पवन कुमार आदि शिवभक्त शामिल रहे।

### कोटा चयन के बाद निरस्त होने पर डीएम से लगाई न्याय की गुहार

**फतेहपुर।** असोथर विकासखंड के ग्राम पंचायत सरवल के रहने वाले सोमेश्वर ने जिलाधिकारी के नाम शिकायती पत्र दिया जिसमें उसने कहा की वह ग्राम पंचायत सरवल में कोटे की दुकान हेतु जो विज्ञापन अनारक्षित श्रेणी के अंतर्गत निकाला गया था जिसमें प्रार्थी ने भाग लिया था। 25 मई को आयोजित खुली बैठक में ग्राम सभा द्वारा सर्वसम्मत से प्रार्थी का चयन फेयर प्राइस शाप के डीलर के रूप में किया गया था। 06 जून 2026 को पत्र संख्या 1035 के माध्यम से प्रार्थी को चयन पत्र जारी किया गया। 06 जुलाई को एक पक्षीय एवं विधि विरुद्ध आदेश पारित कर प्रार्थी के चयन को इस आधार पर निरस्त कर दिया गया कि प्रार्थी आरक्षित श्रेणी से संबंधित नहीं है। जबकि चयन प्रक्रिया पूरी होने के बाद आरक्षण की स्थिति बदलना पूरी तरह से शासनादेश और न्यायालय के नियमों के विरुद्ध है।

## कार्यालयः जिला कार्यक्रम अधिकारी, फर्रुखाबाद।

**पत्रांक-984/जि0का0अ0/आं0बा0 सहायिका-विज्ञिप्ति/2026-27** **दिनांक 29 जुलाई 2026**

### विज्ञप्ति

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्रमुख सचिव बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार, उत्तर प्रदेश, लखनऊ के शासनादेश सं0: 01/2025/3313/58-1-2025 (1917687) दिनांक 17 सितम्बर 2025 में वर्णित व्यवस्थानुसार जनपद फर्रुखाबाद के शहरी/ग्रामीण परिक्षेत्रों में संचालित बाल विकास परियोजनाओं में आँगनवाड़ी सहायिका की मानदेय आधारित संविदा के रिक्त पदों पर नियुक्ति हेतु सीधी भर्ती प्रक्रिया के तहत विभागीय वेबसाइट https://upanganwadibharti.in पर ऑनलाइन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं। आँगनबाड़ी सहायिका के रिक्त पदों का परियोजनावार विवरण निम्नवत् हैः-

| क्रम संख्या | परियोजना का नाम | आँगनबाडी सहायिका के रिक्त पदों की संख्या | आरक्षण | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | अनारक्षित | अन्य पिछड़ा वर्ग | अनुसूचित जाति |
| 1 | बढ़पुर | 23 | 8 | 8 | 7 |
| 2 | शमशाबाद | 10 | 5 | 2 | 3 |
| 3 | शहर | 14 | 7 | 3 | 4 |
| 4 | कमालगंज | 12 | 7 | 1 | 4 |
| 5 | कायमगंज | 18 | 6 | 8 | 6 |
| 6 | नवाबगंज | 22 | 9 | 7 | 6 |
| 7 | राजेपुर | 10 | 1 | 1 | 8 |
| 8 | मोहम्मदाबाद | 31 | 13 | 6 | 12 |
| | **कुल योग** | **140** | **56** | **34** | **50** |

उपरोक्त पदों का ग्रामसभावार/वार्डवार विवरण एवं आरक्षण सहित अर्हता का पूर्ण विवरण जनपद के कलेक्ट्रेट, विकास भवन, तहसील एवं विकास खण्ड इत्यादि कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर चस्पा किया गया है, साथ ही विभागीय वेबसाइट **https://upanganwadibharti.in** पर अपलोड है।

**विज्ञापित पदों की अर्हता एवं आवेदन पत्र भरने हेतु विशेष निर्देशः-**

01-विज्ञापित पदों हेतु केवल महिला अभ्यर्थ ही पात्र होंगे।

02-आंगनवाड़ी सहायिका के पद हेतु न्यूनतम शैक्षिक योग्यता इण्टरमीडिएट या उसके समकक्ष होगी किन्तु अधिकतम शैक्षिक योग्यता परास्नातक के आधार पर मेरिट तैयार होगी। अभ्यर्थी द्वारा प्राप्त अंक प्रशिक्षक को 10 से विभाजित करने पर उत्तर प्राप्त होगा, वही उसका अंक माना जायेगा।

03-ऑगनबाड़ी सहायिका पद हेतु न्यूनतम आयु 18 वर्ष व अधिकतम आयु 35 वर्ष होगी। दिनांक 01-07-2026 व आयु 18 वर्ष से कम एवं 35 वर्ष से अधिक न हो। आयु के सम्बध में हाईस्कूल अंकपत्र एवं प्रमाण पत्र में अंकित जन्मतिथि ही मान्य होगी।

04-चयन में उसी ग्राम सभा/वार्ड (शहरी क्षेत्रों में) की मूल निवासी हो, गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले परिवार की विधवा महिला/विधि तलाकशुदा/परित्यक्ता महिला को वरीयता प्रदान की जायेगी।

05-विधवा हेतु ग्राम पंचायत अधिकारी/संबंधित नगर निकाय द्वारा निर्गत प्रमाण पत्र एवं परिवार पंजिका की प्रमाणित नकल मान्य होगी। तलाकशुदा/परित्यकता के संबंध में मा0 न्यायालय द्वारा निर्गत आदेश ही मान्य होंगे।

06-विधवा/तलाकशुदा/परित्यकता महिला के गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले परिवार का अभ्यर्थी न मिलने पर उसी ग्राम सभा/वार्ड (शहरी क्षेत्रों में) की गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले परिवार की महिलायें पात्र होंगी।

07-गरीबी रेखा से नीचे की विधवा/तलाकशुदा/परित्यकता महिलायें गरीबी रेखा से नीचे जीवन यापन करने वाले परिवार का अभ्यर्थी न मिलने पर उसी ग्राम सभा/वार्ड (शहरी क्षेत्रों में) की निवासी गरीबी रेखा से ऊपर जीवन यापन करने वाले परिवार की महिलाए पात्र।

08-निवास एवं जाति प्रमाण पत्र के संबंध में तहसील से ऑनलाइन डिजिटल हस्ताक्षर से निर्गत निवास व जाति प्रमाण पत्र ही मान्य होंगे जिनका ऑनलाइन सत्यापन संभव हो।

09-आय प्रमाण पत्र के संबंध में उत्तर प्रदेश शासन के राजस्व अनुभाग-09 द्वारा निर्गत शासनादेश संख्या 3959/1-9-11-रा0-9 दिनांक 30.09.11 के कम में सक्षम स्तर से निर्गत आय प्रमाण पत्र ही मान्य होंगे। जिनका ऑनलाइन सत्यापन सम्भव हो।

10-आवेदन आवेदन भरने की अंतिम तिथि 19/08/2026 होगी।

11- जिलाधिकारी/चयन समिति के द्वारा लिये गये निर्णय/शासनादेश के क्रम में चयन प्रक्रिया सम्पादित की जायेगी।

12- आवेदन पत्र विभागीय बेवसाइट **https://upanganwadibharti.in** पर उपलब्ध ऑनलाइन फार्मेट पर सही सावधानीपूर्वक भरे जायेंगे। किसी भी प्रकार के तथ्य/ऑकड़े, प्राप्तांक, पूर्णाक, जन्मतिथि आदि त्रुटिपूर्ण होने की दशा में सम्बन्धित का आवेदन निरस्त कर दिया जायेगा एवं सुधार का कोई अवसर प्रदान नहीं किया जायेगा जिसके लिए अभ्यर्थिनी स्वयं में पूर्ण रूप से उत्तरदायी होगी। सम्बन्धित आवेदिका द्वारा अभिलेखों की स्वहस्ताक्षरित प्रति जो स्वच्छ व स्पस्ट रूप से पठनीय हो अपलोड की जायेगी, जिनका उल्लेख उनके द्वारा ऑनलाइन फार्म में किया गया हों।

**(सुनील कुमार श्रीवास्तव)**
**जिला कार्यक्रम अधिकारी**
**फर्रुखाबाद।**

## कार्यालय नगर पंचायत, कमालगंज जनपद-फर्रुखाबाद।

पत्रांकः-714/ न0पं0क0/2026-27 /कमालगंज — दिनांकः- 30/07/2026

### प्रस्ताव आमंत्रण सूचना

क्षेत्रीय नगर एवं पर्यावरण अध्ययन केन्द्र, लखनऊ द्वारा जारी पत्र संख्या-यू0आर0सी0/760/24/2024-25 दिनाक 02/08/2025 के क्रम में स्वच्छ भारत मिशन-नगरीय 2.0 के अन्तर्गत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन हेतु यूज्ड वॉटर मैनेजमेण्ट (UWM) में केन्द्र द्वारा, इम्पैनल्ड डी0पी0आर0 कन्सलटेंसी सर्विसेज हेतु चयनित फर्मों में नगर पंचायत-कमालगंज जनपद-फर्रुखाबाद के डी0पी0आर0 आगणन तैयार किये जाने एवं चयनित स्थल के निरीक्षण किये जाने हेतु प्रस्ताव आमंत्रित किया जाता है। जो सूचना प्रकाशन तिथि के 15 (पन्द्रह) दिवस के अन्दर स्वय/पंजीकृत डाक/निकाय की ई-मेल आई0डी0 **npkamalganj.farrukhabad@gmail.com** पर अथवा किसी कार्य दिवस में कार्यालय नगर पंचायत कमालगंज में उपस्थित होकर प्रस्तुत किया जा सकता है। न्यूनतम आधार पर इच्छुक फर्मों में से चयन किया जायेगा। प्रस्तुत प्रस्ताव उसी दिन या बाद में अधोहस्ताक्षरी के समक्ष/द्वारा खोले जायेंगे। कोई भी प्रतिबंधित दर स्वीकार नहीं की जायेगी। निर्धारित समय एवं तिथि के उपरान्त प्रस्तुत किसी प्रस्ताव पर विचार किया जाना सम्भव नहीं होगा।

**(रामानन्द यादव)**
**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत कमालगंज,**
**जनपद-फर्रुखाबाद।**

**(राजबेटी शंखवार)**
**अध्यक्ष**
**नगर पंचायत कमालगंज,**
**जनपद-फर्रुखाबाद।**

# स्वास्थ्य विभाग की टीम को कई क्लीनिक बिना पंजीकरण मिले

## अस्पतालों व डायग्नोस्टिक सेंटरों का हुआ सघन निरीक्षण

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।** मुख्य चिकित्सा अधिकारी के निर्देश पर अवैध अस्पताल व क्लिनिक पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे चेकिंग अभियान के तहत नगर पंचायत हैदरगढ़ एवं सुबेहा सहित अन्य जगहों में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने अवैध रूप से संचालित अस्पतालों, क्लीनिकों और डायग्नोस्टिक सेंटरों के विरुद्ध सघन अभियान चलाते हुए कई स्थानों पर छापेमारी की। अभियान का संचालन चिकित्सा प्रभारी डॉ. जयशंकर पांडेय के निर्देशन में किया गया।



जांच टीम में शामिल डॉ. अनिरुद्ध कुमार पांडे ने बताया कि सबसे पहले ममता मेडिकल स्टोर के बगल संचालित एक क्लीनिक की जांच की गई। यहां क्लीनिक संचालक राजेश तिवारी से क्लीनिक का पंजीकरण एवं शैक्षिक योग्यता संबंधी दस्तावेज मांगे गए, लेकिन वह कोई वैध अभिलेख प्रस्तुत नहीं कर सके। जांच में क्लीनिक बिना पंजीकरण एवं आवश्यक योग्यता के संचालित पाया गया। इसके बाद इमामुद्दीन के क्लीनिक की जांच की गई, जहां भी आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध नहीं मिले। टीम ने दीप पॉलीक्लिनिक को दूसरी बार नोटिस जारी किया। इसके अलावा चौकी इस्लामपुर स्थित फातिमा क्लीनिक, ग्लोब डायग्नोस्टिक, डॉ. उदय हेल्थ क्लीनिक तथा टाइम्स डायग्नोस्टिक सेंटर की भी जांच की गई। जांच के दौरान ये संस्थान भी बिना वैध पंजीकरण के संचालित पाए गए। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने सभी संबंधित संचालकों को नोटिस जारी करते हुए निर्धारित समय के भीतर आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। डॉ. अनिरुद्ध कुमार पांडे ने बताया कि जांच की विस्तृत रिपोर्ट मुख्य चिकित्सा अधिकारी को अग्रिम कार्रवाई के लिए भेज दी गई है। उन्होंने कहा कि बिना पंजीकरण एवं नियमों के विपरीत संचालित अस्पतालों, क्लीनिकों और डायग्नोस्टिक सेंटरों के विरुद्ध आगे भी अभियान लगातार जारी रहेगा। विभाग ने स्पष्ट किया है कि मानकों का उल्लंघन करने वाले संस्थानों के खिलाफ नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी।

## निपुण संकल्प कार्यशाला आयोजित बच्चों को समयबद्ध निपुण बनाने का लिया संकल्प

**समृद्धि न्यूज़, सीतापुर।** बेसिक शिक्षा विभाग के निर्देशों के क्रम में गुरुवार को सीतापुर के द नरायना गेस्ट हाउस में सीतापुर एवं लखीमपुर-खीरी जनपद के एआरजी, एसआरजी, खंड शिक्षा अधिकारियों एवं डायट मेंटर्स की संयुक्त निपुण संकल्प कार्यशाला आयोजित की गई।

कार्यशाला का शुभारंभ मुख्य विकास अधिकारी डॉ. दीक्षा जोशी ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर डायट लखीमपुर-खीरी की प्राचार्य सीमा गुप्ता, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी लखीमपुर प्रवीण तिवारी, डायट सीतापुर के वरिष्ठ प्रवक्ता विपुल शिवसागर सहित दोनों जनपदों के खंड शिक्षा अधिकारी, जिला समन्वयक, एसआरजी एवं एआरपी उपस्थित रहे।

# चकमार्ग की भूमि पर अवैध कब्जा

**मकान निर्माण की प्रधान ने किया शिकायत**

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**

चकमार्ग की भूमि पर अवैध कब्जा एवं मकान बनाने को लेकर ग्राम प्रधान जगदेव ने समाधान दिवस में प्रार्थना पत्र देकर कार्यवाही की मांग की है। ग्राम प्रधान जगदेव ने दिए गए प्रार्थना पत्र में बताया कि ग्राम पंचायत के चकमार्ग पर रामराज एवं महादेव पुत्र अयोध्या प्रसाद ने अवैध मकान बना रखा है और बीती 13 जुलाई को लगभग 10 मी चक मार्ग को अपने खेत में भी मिला लिया है। चकमार्ग की भूमि पर अवैध कब्जे से ग्रामीणों का आवागमन बंद हो चुका है और ग्रामीणों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। चकमार्ग की भूमि पर अवैध कब्जे से किसान अपने खेतों तक ट्रैक्टर नहीं ले जा पा रहे हैं खेतों की जुताई भी नहीं हो पा रही है। जबकि 2022-23 में रोजगार ग्रामीण गारंटी योजना के तहत यह चकमार्ग हैदरगढ़ ब्लॉक के अभिलेखों में दर्ज है।



## संदिग्ध परिस्थितियों में युवक का शव फंदे से लटकता बरामद

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी।** एक व्यक्ति का शव बंद कमरे में साड़ी के फंदे से लटका मिला। यह घटना बदोसराय कोतवाली क्षेत्र के मरकामऊ गांव में हुई।सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजने की कार्रवाई शुरू की।ग्रामीणों के अनुसार, गुरुवार सुबह काफी देर तक कमरे का दरवाजा नहीं खुला। परिजनों को संदेह हुआ और सुबह करीब सात बजे खिड़की से देखने पर सुरेंद्र का शव छत के कुंडे से साड़ी के फंदे से लटका हुआ दिखाई दिया। इसके बाद कमरे का दरवाजा तोड़कर खोला गया।मृतक की पहचान सुरेंद्र पुत्र घूरू 36 के रूप में हुई है। परिजन ने बताया कि सुरेंद्र खेती का काम करते थे, जबकि उनकी पत्नी हिंद अस्पताल में स्वीपर के तौर पर कार्यरत हैं।

# श्री मुकुट नाथ मंदिर का एसपी ने किया निरीक्षण श्रावण मास कांवड़ यात्रा पर पुलिस एलर्ट

**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** श्रावण मास कांवड़ यात्रा एवं जलाभिषेक के अवसर पर शांति, सुरक्षा एवं कानून-व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के उद्देश्य से बृहस्पतिवार को पुलिस अधीक्षक सरवणन टी. द्वारा जनपद भ्रमण के दौरान थानाक्षेत्र अमेठी स्थित श्री मुकुट नाथ मंदिर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा मंदिर परिसर, प्रवेश एवं निकास मार्गों, बैरिकेडिंग, श्रद्धालुओं की आवाजाही, ड्यूटी प्वाइंट तथा अन्य सुरक्षा व्यवस्थाओं का गहन अवलोकन किया गया। उन्होंने संबंधित पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित किया कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा एवं सुविधा सर्वोच्च प्राथमिकता रहे तथा ड्यूटी के दौरान पूर्ण सतर्कता, संवेदनशीलता एवं अनुशासन के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन सुनिश्चित किया जाए। पुलिस अधीक्षक ने मेला प्रबंधन समिति के पदाधिकारियों से वार्ता कर व्यवस्थाओं की जानकारी प्राप्त की तथा आवश्यक समन्वय बनाए रखते हुए श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न होने देने के निर्देश दिए।



## रुखारा में फर्जी भुगतानों की गूंज, सचिव पर कार्रवाई से क्यों बच रहा विभाग

**समृद्धि न्यूज़, सीतापुर।** विकासखंड बेहटा की ग्राम पंचायत रुखारा में तैनात सचिव धनंजय कुमार पर वित्तीय वर्ष 2025-26 एवं 2026-27 में 15वें एवं 5वें वित्त आयोग की धनराशि के कथित दुरुपयोग के आरोप लगातार चर्चा में हैं। सूत्रों के अनुसार, सोशल मीडिया पर मामले सामने आने के बावजूद जिम्मेदार अधिकारी प्रभावी कार्रवाई करने के बजाय केवल औपचारिक जांच तक सीमित हैं। सूत्रों के अनुसार, नल मरम्मत, प्रशासनिक व्यय, ह्यूम पाइप समेत विभिन्न मदों में बिना धरातलीय कार्य के भुगतान किए गए। यह भी दावा किया जा रहा है कि ह्यूम पाइप से संबंधित कार्यों में वास्तविक जियो-टैग फोटो के स्थान पर कथित रूप से नल मरम्मत की अन्य तस्वीरें अपलोड कर भुगतान स्वीकृत कराया गया।

# उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ ने डीआईओएस को सौंपा 25 सूत्रीय ज्ञापन



**समृद्धि न्यूज़, बाराबंकी।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ के पदाधिकारियो ने जिला अध्यक्ष कृष्ण चंद्र वर्मा एवं जिला मंत्री कुलदीप यादव के नेतृत्व में जिला विद्यालय निरीक्षक के सहित वित्त एवं लेखा अधिकारी को 25 सूत्रीय मांग पत्र तथा चार सूत्रीय जिला स्तरीय समस्याओं का मांग पत्र सौंपा। पुरानी पेंशन बहाली, अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों का राजकीयकरण, दोनों तरफ से एनओसी रहित ऑनलाइन ट्रांसफर, प्रधानाचार्य पदों पर परीक्षा के माध्यम से भर्ती, सेवा सुरक्षा की धारा 21, 12, 18 को बहाल करना, वित्तविहीन शिक्षकों के लिए सम्मानजनक मानदेय तथा उनके लिए सेवा नियमावली तैयार करना आदि प्रमुख मांगे थी। जिला स्तरीय मांग पत्र में वित्तीय वर्ष 2019-20 में 11 महीने की एनपीएस धनराशि प्रान खाते में प्रेषित करने, वित्तीय वर्ष 2025-26 में विगत 10 माह की एनपीएस धनराशि का खातों में हस्तांतरण ना होना, आशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों में वरिष्ठता सूची जारी न करना, जनपद के कई शिक्षकों का एक दिन का कटा वेतन व रुके हुए इंक्रीमेंट को बहाल करना प्रमुख समस्याएं थी। इन समस्याओं पर जिला विद्यालय निरीक्षक महोदय ने गंभीरता पूर्वक सुना। मैडम ने इस मुद्दे पर पदाधिकारी से अन्य समस्याओं के बारे में पूछा तथा जिला स्तरीय समस्याओं का तत्काल निराकरण करने का पूर्ण आश्वासन दिया। आगे उन्होंने कहा कि मैं शिक्षक की समस्त समस्याओं का निराकरण करने के लिए बैठी हूं। कोई शिक्षक हमारे स्तर से निराश व परेशान नहीं होगा। आप लोग विद्यालय में निश्चिंत होकर पूरे मनोवेग से बच्चों को पढ़ाये। इस मौके पर जिला कोषाध्यक्ष कौशल किशोर धीमान, उपाध्यक्ष चंद्रकेश यादव, संयुक्त मंत्री सर्वेंद्र कुमार वर्मा, अजीत पटेल, फजल अहमद, उदयकांत यादव, विक्रम सिद्धार्थ, योगेंद्र कुमार प्रजापति, ज्ञान दास वर्मा हंसराज वर्मा, चंद्रकांत यादव, राम शंकर गौतम, आदि समस्त पदाधिकारी व अन्य शिक्षक उपस्थित रहे।

# ट्रैक्टर चलवाकर हटाया गया सार्वजनिक भूमि से अवैध कब्जा

**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** मुसाफिरखाना तहसील क्षेत्र अंतर्गत इटरौर गांव में नवीन परती एवं कब्रिस्तान की सार्वजनिक भूमि पर हुए कथित अवैध कब्जे को प्रशासन ने हटवा दिया है। शिकायत मिलने के बाद राजस्व एवं पुलिस टीम ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए गाटा संख्या 146, 147 और 148 की भूमि को कब्जा मुक्त कराया। आरोप है कि गांव के कुछ लोगों द्वारा नवीन परती एवं कब्रिस्तान की भूमि पर अवैध रूप से खेती की जा रही थी। मामले की शिकायत जिलाधिकारी से किए जाने के बाद उनके निर्देश पर उपजिलाधिकारी मुसाफिरखाना ने राजस्व और पुलिस विभाग की संयुक्त टीम गठित कर कार्रवाई के आदेश दिए। कार्रवाई के दौरान टीम मौके पर पहुंची और सार्वजनिक भूमि पर ट्रैक्टर चलवाकर खड़ी फसल को नष्ट कराते हुए भूमि को कब्जा मुक्त कराया। प्रशासन ने स्पष्ट किया कि सार्वजनिक एवं सरकारी भूमि पर किसी भी प्रकार का अवैध कब्जा बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और ऐसे मामलों में नियमानुसार कार्रवाई जारी रहेगी।



# खबरें एक नजर में

## पूर्वजों की स्मृति में बच्चों को बांटे गए आम के पौधे

**समृद्धि न्यूज़, लंभुआ (सुलतानपुर)।** पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने और पूर्वजों की स्मृति को चिरस्थायी बनाने के उद्देश्य से प्राथमिक विद्यालय लंभुआ प्रथम में बुधवार को फलदार पौधों का वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में कस्बा निवासी नईमुद्दीन सिद्दीकी, संतराम मोदनवाल, प्रमोद सिंह और नोमान अहमद सिद्दीकी ने अपने दिवंगत परिजनों सलीमुद्दीन सिद्दीकी एवं नियाज अहमद सिद्दीकी की स्मृति में विद्यालय के छात्र-छात्राओं और शिक्षकों को आम के पौधे वितरित किए। विद्यालय में नामांकित 245 विद्यार्थियों के सापेक्ष उपस्थित 204 छात्र-छात्राओं तथा सभी शिक्षकों को निशुल्क फलदार पौधे दिए गए। इस दौरान समाजसेवी संतराम मोदनवाल ने कहा कि बच्चे और वृक्ष दोनों ही देश के भविष्य हैं। इनके संरक्षण और संवर्धन की जिम्मेदारी समाज के प्रत्येक व्यक्ति की है। प्रधानाध्यापिका लीला यादव ने विद्यार्थियों से पौधों की नियमित देखभाल करने का आह्वान करते हुए कहा कि भविष्य में जब ये पौधे फल देंगे, तब यह विद्यालय और पूर्वजों की स्मृति से जुड़ी एक प्रेरक धरोहर बनेंगे। पौधे पाकर विद्यार्थियों में उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम में शिक्षक राकेश कुमार सिंह, वागीश त्रिपाठी, अलीमुल्लाह, राम आसरे गौतम, पुष्पा तिवारी, नीलम देवी तथा आंगनबाड़ी कार्यकत्री लीलावती, कंचन, साधना, आंचल सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।



## कूड़ेदान में मिलीं परिवार नियोजन की दवाइयां

**समृद्धि न्यूज़, सुलतानपुर।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्रतापपुर कमैचा परिसर के कूड़ेदान में परिवार नियोजन कार्यक्रम से संबंधित दवाइयां मिलने का मामला सामने आया है। सूचना के बाद स्वास्थ्य विभाग ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच शुरू कर दी है। बताया गया कि गुरुवार को अस्पताल परिसर के कूड़ेदान में माला-एन और छाया समेत परिवार नियोजन कार्यक्रम में उपयोग होने वाली दवाइयां पड़ी मिलीं। सूचना मिलने पर अस्पताल कर्मचारियों ने दवाइयों को वहां से हटवा दिया। मामले की जानकारी जिला स्वास्थ्य विभाग तक पहुंचने पर मुख्य चिकित्साधिकारी (सीएमओ) ने जांच के आदेश दिए। सीएमओ भारत भूषण के निर्देश पर अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. जे.सी. सरोज और डिप्टी सीएमओ डॉ. पी.डी. त्रिपाठी ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचकर मामले की जांच की। जांच अधिकारियों ने बताया कि जांच रिपोर्ट सीएमओ को सौंपी जाएगी, जिसके आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।परिवार नियोजन कार्यक्रम केंद्र और राज्य सरकार की महत्वपूर्ण जनस्वास्थ्य योजनाओं में शामिल है। ऐसे में योजना से संबंधित दवाइयों का कूड़ेदान में मिलना स्वास्थ्य विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर रहा है। स्थानीय लोगों ने मामले की निष्पक्ष जांच कर जिम्मेदारों के विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई की मांग की है।



## जल संरक्षण का दिया संदेश, जल बचाओ अभियान का शुभारंभ




**समृद्धि न्यूज़, संग्रामपुर/अमेठी।** जल जीवन मिशन के तहत विकासखंड संग्रामपुर क्षेत्र के जरौटा गांव स्थित पानी टंकी परिसर में गुरुवार को जल बचाओ अभियान का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन प्रधान प्रतिनिधि राम कैलाश मिश्रा ने किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि जल मानव जीवन का आधार है। जल संरक्षण को जनआंदोलन बनाकर ही आने वाली पीढ़ियों के लिए पर्याप्त जल संसाधन सुरक्षित रखे जा सकते हैं। उन्होंने ग्रामीणों से पानी के सदुपयोग तथा जल स्रोतों के संरक्षण का संकल्प लेने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान गांव के कई वरिष्ठ नागरिकों को सम्मानित कर माल्यार्पण किया गया। साथ ही जल संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक किया गया। इस अवसर पर गांव के दर्जनों ग्रामीण एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे। जल ही जीवन है का संदेश देते हुए सभी से जल बचाने की अपील की गई।

## उद्यान विभाग की योजनाओं का लाभ लेने के लिए किसान करें ऑनलाइन पंजीकरण

**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** जिला उद्यान अधिकारी रणविजय सिंह ने बताया कि उद्यान विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 26-27 में किसानों को फल, सब्जी, मसाला एवं पुष्प उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न कार्यक्रमों का लाभ दिया जाएगा। इसके लिए किसानों को विभागीय पोर्टल पर ऑनलाइन पंजीकरण कराना अनिवार्य होगा। उन्होंने बताया कि एकीकृत बागवानी विकास मिशन के अंतर्गत नवीन उद्यान स्थापना, संकर सब्जी कार्यक्रम, मसाला फसल कार्यक्रम, पुष्प खेती, औषधीय फसल उत्पादन, मल्चिंग, सब्जियों में सपोर्ट सिस्टम, फेंसिंग, फ्रूट कवर, एकीकृत कीट प्रबंधन, मधुमक्खी पालन, लो-कॉस्ट मशरूम यूनिट तथा कृषि यंत्रीकरण से संबंधित विभिन्न योजनाओं में अनुदान उपलब्ध कराया जाएगा।

# अराजक तत्वों ने तीसरी बार की प्राथमिक विद्यालय में तोड़फोड़



**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** पीपरपुर थाना क्षेत्र के दुर्गापुर स्थित प्राथमिक विद्यालय को अराजक तत्वों ने एक बार फिर निशाना बनाया है। सुबह विद्यालय पहुंचे प्रधानाध्यापक ने देखा कि विद्यालय परिसर में लगे इंडिया मार्का-2 हैंडपंप की फिटिंग पाइप उखाड़ दी गई है। इसके अलावा हैंडवॉश की टोंटियां भी तोड़ दी गई और शौचालय का ताला भी क्षतिग्रस्त कर दिया गया है। घटना की जानकारी मिलते ही प्रधानाध्यापक ने तत्काल डायल-112 और स्थानीय पुलिस को सूचना दी। बताया जा रहा है कि यह विद्यालय में तोड़फोड़ की तीसरी घटना है, जिससे विद्यालय प्रशासन और ग्रामीणों में रोष है। लगातार हो रही घटनाओं के बावजूद शरारती तत्वों पर कार्रवाई न होने से सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल उठ रहे हैं। सबसे हैरानी की बात यह है कि विद्यालय दुर्गापुर बाजार स्थित पुलिस बूथ के बिल्कुल पास है। विद्यालय के ठीक बगल में बैंक ऑफ बड़ौदा की शाखा भी संचालित है, जहां सुरक्षा व्यवस्था के तहत पुलिस की आवाजाही बनी रहती है।

## तालाब में डूबने से मां बेटे की मौत

**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** कोतवाली क्षेत्र के नुवावा गांव में बुधवार शाम एक हृदयविदारक हादसे में मां और बेटे की तालाब में डूबने से मौत हो गई। मिली जानकारी के मुताबिक भैंस को तालाब से निकालने के दौरान बेटा गहरे पानी में डूबने लगा तो उसे बचाने के लिए मां ने भी तालाब में छलांग लगा दी, लेकिन दोनों की जान नहीं बच सकी। इस घटना के बाद परिवार में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी है। नुवावा गांव निवासी दीपक विश्वकर्मा उम्र 19 वर्ष पुत्र रमेश विश्वकर्मा बुधवार देर शाम तालाब में घुसी भैंस को निकालने के लिए पानी में उतरा था। इसी दौरान वह गहरे पानी में चला गया बेटे को बचाने उसकी 42 वर्षीय मां गीता देवी तालाब में कूद गई। तालाब की गहराई अधिक होने के कारण दोनों बाहर नहीं निकल सके। घटना की सूचना मिलते ही ग्रामीण मौके पर पहुंचे और काफी मशक्कत के बाद दोनों को तालाब से बाहर निकाला।

# हलियापुर में एनएच-330ए के फुटपाथ से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई शुरू

**समृद्धि न्यूज़, सुलतानपुर।** अयोध्या-जगदीशपुर-रायबरेली राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच-330ए) पर हलियापुर कस्बे में फुटपाथ पर हुए अतिक्रमण के खिलाफ राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचआई) ने गुरुवार को अभियान शुरू किया। अधिकारियों की टीम पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंची और फुटपाथ पर रखे गए अवैध ठेले, अस्थायी दुकानें तथा अन्य कब्जों को हटवाया। जानकारी के अनुसार, हलियापुर निवासी इंद्र बहादुर सिंह ने फुटपाथ पर अतिक्रमण की शिकायत राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण से की थी। शिकायत में कहा गया था कि फुटपाथ पर कब्जे के कारण पैदल राहगीरों को सड़क पर चलने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है, जिससे दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। कई स्थानों पर टीनशेड लगाकर स्थायी प्रकृति के अवैध निर्माण भी किए गए थे। अभियान से पूर्व हाईवे प्राधिकरण ने सार्वजनिक उद्घोषणा के माध्यम से अतिक्रमणकारियों को स्वयं कब्जा हटाने की चेतावनी दी थी। इसके बाद प्रथम चरण में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई शुरू की गई। राष्ट्रीय राजमार्ग के मैनेजर रवि राय ने बताया कि कार्रवाई चरणबद्ध तरीके से की जाएगी। पहले चरण में अतिक्रमण हटाया जा रहा है, इसके बाद संबंधित लोगों को नोटिस जारी किए जाएंगे। अंतिम चेतावनी के बाद भी अतिक्रमण नहीं हटाने पर टीनशेड और अन्य अवैध स्थायी निर्माणों को ध्वस्तीकरण अभियान के तहत हटाया जाएगा। स्थानीय लोगों ने कार्रवाई का स्वागत करते हुए उम्मीद जताई कि फुटपाथ अतिक्रमण मुक्त होने से पैदल राहगीरों की आवाजाही सुरक्षित होगी और हाईवे पर यातायात व्यवस्था भी बेहतर होगी।



## मिशन-2027 को लेकर भाजपा की बैठक

**समृद्धि न्यूज़, सुलतानपुर।** भाजपा के जिला प्रभारी एवं उत्तर प्रदेश सरकार के खेल एवं युवा कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गिरीश चंद्र यादव ने गुरुवार को पार्टी पदाधिकारियों की बैठक में मिशन-2027 की तैयारियों की समीक्षा करते हुए संगठन को बूथ स्तर तक सक्रिय करने का आह्वान किया। उन्होंने कार्यकर्ताओं से 'बूथ जीतो, चुनाव जीतो' के मंत्र के साथ चुनावी तैयारियों में जुटने को कहा। बैठक में गिरीश चंद्र यादव ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता केंद्र और प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं तथा उपलब्धियों को जनता तक पहुंचाएं।

# जनहित के मुद्दों की निष्पक्ष जांच हो, तभी सामने आएगा सच : महेश सोनी

**समृद्धि न्यूज़, अमेठी।** उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के जिलाध्यक्ष महेश सोनी ने नगर पंचायत अमेठी की ओर से लगाए गए आरोपों को निराधार बताते हुए कहा कि उनके द्वारा उठाए गए मुद्दे पूरी तरह जनहित और जल निकासी व्यवस्था में सुधार से जुड़े हैं। जारी प्रेस विज्ञप्ति में उन्होंने कहा कि देवीपाटन मंदिर से खेवना तालाब तक नाला निर्माण एवं उसकी कनेक्टिविटी से जुड़ी समस्याओं को लेकर जिलाधिकारी से निष्पक्ष जांच की मांग की गई है, ताकि वर्षों से जलभराव की समस्या से परेशान लोगों को राहत मिल सके। महेश सोनी ने कहा कि यदि नगर पंचायत भी निर्माण कार्यों की जांच की बात कर रही है, तो इससे स्पष्ट है कि मामले की निष्पक्ष जांच जरूरी है। उन्होंने बताया कि उनकी फर्म को वर्ष 2019-20 में मिला कार्य निर्धारित मानकों के अनुसार पूरा किया गया था और उसका भुगतान भी विभागीय सत्यापन के बाद हुआ था। उन्होंने कहा कि यदि किसी अन्य निर्माण कार्य में अनियमितता या अधूरा कार्य होने की शिकायत है तो उसकी भी स्वतंत्र जांच कराई जानी चाहिए, ताकि वास्तविकता जनता के सामने आ सके।



# ग्राम पंचायत विकास योजनाओं पर सचिवों व सहायकों को प्रशिक्षण

**समृद्धि न्यूज़, संग्रामपुर/अमेठी।** पंचायत विकास योजनाओं को अधिक प्रभावी एवं परिणामोन्मुख बनाने के उद्देश्य से राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान के तहत विकासखंड संग्रामपुर के भवसिंहपुर पंचायत भवन में गुरुवार को ग्राम पंचायत सचिवों एवं पंचायत सहायकों का एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। उप निदेशक (पंचायत), अयोध्या मंडल के निर्देश पर आयोजित प्रशिक्षण में पंचायत विकास योजना के निर्माण, क्रियान्वयन, निगरानी एवं मूल्यांकन से संबंधित विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार से जानकारी दी गई। अधिकारियों ने ग्राम पंचायतों में विकास योजनाओं के बेहतर संचालन, जनभागीदारी बढ़ाने तथा योजनाओं के पारदर्शी और गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन पर विशेष जोर दिया। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को पंचायत स्तर पर विकास कार्यों की योजना बनाने, संसाधनों के प्रभावी उपयोग तथा योजनाओं के नियमित अनुश्रवण के संबंध में भी मार्गदर्शन दिया गया। अधिकारियों ने कहा कि पंचायत विकास योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन से ग्रामीण क्षेत्रों में विकास कार्यों की गुणवत्ता, पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित होगी। कार्यक्रम में एडीओ पंचायत शशिकांत सिंह, एडीओ (आईएसबी) सुरेश कुमार, एडीओपी सहित विकासखंड के सभी ग्राम पंचायत सचिव एवं पंचायत सहायक उपस्थित रहे।




## गायत्री शक्तिपीठ में 40 दिवसीय 24 लाख गायत्री महामंत्र जप अनुष्ठान शुरू

**समृद्धि न्यूज़, अमेठी।** गायत्री शक्तिपीठ अमेठी में चतुर्मास के अवसर पर गुरुवार से 40 दिवसीय सामूहिक 24 लाख गायत्री महामंत्र जप अनुष्ठान का शुभारंभ हुआ। पहले दिन श्रद्धालुओं ने सामूहिक जप कर राष्ट्र, समाज और विश्व कल्याण की कामना की। परिव्राजक इंद्र देव शर्मा ने कहा कि साधना व्यक्ति के व्यक्तित्व को परिष्कृत कर उसे अनुशासित, सजग और प्रभावशाली बनाती है। उन्होंने चतुर्मास को आत्मचिंतन, आत्मसंयम और आध्यात्मिक उन्नयन का श्रेष्ठ अवसर बताते हुए नियमित साधना पर बल दिया। अनुष्ठान में अशोक शर्मा, राम बहादुर पांडेय, सुयोधन सिंह, कविता शर्मा, सुनीता सिंह, शकुंतला पांडेय सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। आयोजकों के अनुसार 40 दिनों तक प्रतिदिन सामूहिक जप एवं आध्यात्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।



# जेसीबी से गिराकर आरा से काटा गया हरा-भरा नीम का पेड़



**अमेठी समृद्धि न्यूज़।** थाना क्षेत्र शिवरतनगंज के अंतर्गत ग्राम पंचायत रामपुर पांवरा के पूरे चौबे गांव में बिना वैध अनुमति के एक हरे-भरे नीम के पेड़ की कटाई किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। घटना से ग्रामीणों में आक्रोश है। ग्रामीणों का आरोप है कि पहले जेसीबी मशीन से विशाल नीम के पेड़ को गिराया गया, जिसके बाद मशीन से आरा चलाकर उसके टुकड़े कर दिए गए। मिली जानकारी के अनुसार बुधवार को पेड़ काटने का कार्य किया गया। स्थानीय लोगों का कहना है कि पेड़ की कटाई के लिए वन विभाग अथवा किसी सक्षम प्राधिकारी से कोई वैध अनुमति नहीं ली गई है। पेड़ काटने की सूचना मिलते ही ग्रामीण मौके पर पहुंचे और डायल-112 पुलिस को सूचना दी। ग्रामीणों के अनुसार मौके पर लकड़ी काट रहे दो मजदूरों को पुलिस ने पकड़ लिया, जिन्हें थाना शिवरतनगंज ले गए। हालांकि यह स्पष्ट नहीं हो सका कि मजदूरों के विरुद्ध क्या कार्रवाई की गई या पेड़ कटवाने वाले जिम्मेदार व्यक्तियों के खिलाफ कोई मुकदमा दर्ज हुआ या नहीं। समाचार लिखे जाने तक पुलिस की ओर से कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया गया था। यदि जांच में यह पाया जाता है कि हरे-भरे नीम के पेड़ की कटाई बिना वैध अनुमति के की गई है, तो संबंधित प्रावधानों के तहत विभागीय जांच और कानूनी कार्रवाई की जा सकती है।

## सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने बड़े पुत्र रिंकू व उसकी पत्नी प्रीती को गलत चाल-चलन व कहना न मानने के कारण अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। अब उनके द्वारा किए गए किसी भी कार्य व लेन-देन से मेरा व मेरे परिवार का कोई वास्ता व सरोकार नहीं होगा।

श्री केशन पुत्र राम सरूप
ग्राम अम्बौर, थाना सफदरगंज
परगना प्रतापगंज, तहसील नवाबगंज
जिला-बाराबंकी।

# अखिलेश ने किया संत रविदास का अपमान : असीम अरुण

- संत रविदास जयंती पर निकली समरसता कलश यात्रा
- उदैतापुर से काजीटोला तक दस किमी यात्रा,13 स्थानों पर हुआ स्वागत



**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

संत रविदास की 650वीं जयंती के अवसर पर गुरुवार को मानीमऊ के उदैतापुर गांव से समरसता कलश यात्रा निकाली गई।

करीब 10 किलोमीटर लंबी यात्रा में प्रदेश के समाज कल्याण राज्य मंत्री असीम अरुण, भाजपा जिलाध्यक्ष वीरसिंह भदौरिया सहित कई भाजपा नेता शामिल हुए। यात्रा का समापन काजीटोला स्थित डॉ. भीमराव आंबेडकर प्रतिमा स्थल पर हुआ। यात्रा का सरायमीरा, तिर्वा क्रॉसिंग, मकरंद नगर, मोरध्वज मील, नगर पालिका, ग्वाल मैदान समेत 13 स्थानों पर पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया। इस दौरान मंत्री असीम अरुण ने कहा कि संत रविदास ने जाति-पाति और भेदभाव मिटाकर सामाजिक समरसता का संदेश दिया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सभी धर्मों और महापुरुषों का सम्मान करते हैं। उन्होंने भदोही का नाम फिर से संत रविदास नगर किए जाने का भी उल्लेख किया।

राजनीतिक बयानबाजी करते हुए असीम अरुण ने सपा प्रमुख अखिलेश यादव पर निशाना साधते हुए उन्हें दलित विरोधी बताया और कहा कि उन्होंने संत रविदास का अपमान किया।

उन्होंने बताया कि गुरुपूर्णिमा से शुरू हुआ सामाजिक समरसता अभियान माघ पूर्णिमा तक चलेगा। हालांकि यात्रा में अपेक्षा के अनुरूप भीड़ नहीं दिखी,जिसे लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं में भी चर्चा रही। वहीं कुछ नेताओं ने नाम ना छुपाने की शर्त पर बताया कि भाजपा के दो खेमों की आपसी वर्चस्व लेकर भीड़ देखने को नहीं मिली। कई नेताओं व कार्यकर्ताओं ने कार्यक्रम से बनाई दूरी।

# नरेश वर्मा बने जिलाध्यक्ष, रामानंद वर्मा जिला महामंत्री

- स्वर्णकार समाज ने पगड़ी-शाल उढ़ाकर किया सम्मान

**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**



अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप बंसल ने प्रदेश मंत्री अनिल गुप्ता व प्रदेश पदाधिकारी राजीव दुबे की संस्तुति पर नरेश वर्मा को संगठन का जिलाध्यक्ष तथा रामानंद वर्मा को जिला महामंत्री मनोनीत किया है। इस मनोनयन के उपलक्ष्य में स्वर्णकार समाज एसोसिएशन ने जिलाध्यक्ष सौरभ वर्मा (रिंकू) के प्रतिष्ठान पर आयोजित कार्यक्रम में दोनों पदाधिकारियों का पगड़ी, शाल व माल्यार्पण से भव्य सम्मान किया। नव मनोनीत जिलाध्यक्ष नरेश वर्मा ने कहा कि संगठन को और मजबूत बनाया जाएगा तथा व्यापारियों के हितों की रक्षा की जाएगी।

किसी भी प्रकार का शोषण नहीं होने दिया जाएगा। जिला महामंत्री रामानंद वर्मा ने भी व्यापारियों के हित में संगठन को सक्रिय रखने का संकल्प दोहराया। कार्यक्रम में स्वर्णकार एसोसिएशन उत्तराखंड के प्रदेश मंत्री सुरेश वर्मा पेंटर, प्रदेश मंत्री विनीत वर्मा सिम्पल, कुलदीप वर्मा, विश्वजीत वर्मा, अरविंद वर्मा, कमल वर्मा, जवाहरलाल वर्मा, नवनीत वर्मा, रिंकू वर्मा, बंटी वर्मा, हरिओम वर्मा पप्पन, ब्रजेन्द्र वर्मा, कुलदीप वर्मा पप्पी, मोनू वर्मा, डॉलर वर्मा, अवधेश वर्मा, दीपक वर्मा, अनुपम वर्मा, बिन्नी वर्मा, अनिल टिल्लू वर्मा सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग उपस्थित रहे।

## उर्वरक प्रतिष्ठानों पर छापा, खाद विक्रेता का लाइसेंस किया निलंबित

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री के निर्देश पर कृषि विभाग ने जिले में उर्वरक प्रतिष्ठानों का सघन निरीक्षण किया। जिला कृषि अधिकारी संत लाल गुप्ता ने बताया कि मियागंज स्थित मैसर्स सुपर ट्रेडर्स से एनपीके उर्वरक का नमूना जांच के लिए लिया गया, जबकि हरदोई मोड़ स्थित एमके ट्रेडर्स पर 200 बोरी यूरिया का स्टॉक मिला और विक्रेता को मानकों के अनुसार खाद वितरण के निर्देश दिए गए। मानीमऊ के तिखवा स्थित आवश्यक खाद भंडार में वितरण रजिस्टर में किसानों की फार्मर आईडी और मोबाइल नंबर दर्ज न मिलने पर संबंधित विक्रेता का लाइसेंस तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया तथा एनपीके का नमूना जांच के लिए भेजा गया। कृषि विभाग ने किसानों से फार्मर आईडी, आधार कार्ड और खतौनी साथ लेकर खाद खरीदने की अपील की है।

# कैशलेस सुविधा का शासनादेश जारी करे सरकार



**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

मुख्यमंत्री द्वारा सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षणेत्तर कर्मचारियों के लिए कैशलेस चिकित्सा सुविधा की घोषणा की गई है, लेकिन अभी तक सरकार द्वारा इसका शासनादेश जारी नहीं किया गया है। यह बात सिचुएटेड कर्मचारी महासंघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष उत्तम कुमार शुक्ला ने कही। नगर के गांधीनगर स्थित मदन मोहन मालवीय इंटर कॉलेज में आयोजित बैठक को संबोधित करते हुए कर्मचारी महासंघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष उत्तम कुमार शुक्ला ने कहा कि सरकार ने कर्मचारियों का नगदी कारण की सुविधा बंद कर दी है। इसे तत्काल लागू किया जाए। साथ ही आउटसोर्सिंग कर्मचारियों का वेतन भुगतान प्रत्येक माह की 5 तारीख तक करने की व्यवस्था भी की जाए। उन्होंने बताया कि 7 अगस्त को प्रदेश के कोने-कोने से कर्मचारी लखनऊ में धरना-प्रदर्शन में प्रतिभा करेंगे। प्रदेश अध्यक्ष विजय कुमार द्विवेदी के नेतृत्व में शासन को ज्ञापन सौंपा जाएगा और कर्मचारियों की लंबित मांगों को पूरा कराने की मांग की जाएगी। बैठक से पहले प्रदेश उपाध्यक्ष मनीष पटेल इंटर कॉलेज कचाटीपुर के वरिष्ठ पदाधिकारी अवधेश कटिहार को स्वामी प्रेमानंद महाराज का चित्र भेंट कर विद्यालय में जोरदार स्वागत किया। इसके अलावा कानपुर मंडल के वरिष्ठ उपाध्यक्ष कृष्ण कुमार के नेतृत्व में वरिष्ठ उपाध्यक्ष का स्वागत किया गया। इस अवसर पर कानपुर मंडल उपाध्यक्ष मनीष कुमार, रमेश चंद्र कुशवाहा, आनंद रतन यादव, मुकेश कुमार, प्रदीप कुमार दुबे, शिव सिंह यादव, अवनीश पटेल, शशि देवी, प्रिया बाथम, विनोद कश्यप, मनोज कुमार, रामनाथ प्रजापति, सहित सहित बड़ी संख्या में कर्मचारी उपस्थित रहे।

# हर्षोल्लास से मनाया गया धम्म चक्क पवत्तन दिवस



**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** आषाढ़ पूर्णिमा के पावन अवसर पर धम्म चक्क पवत्तन दिवस (गुरु पूर्णिमा) शाक्य मुनि बुद्ध विहार धर्मार्थ ट्रस्ट, बढ़ेपुर में बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर ट्रस्ट के अध्यक्ष रमेश बाबू शाक्य ने भगवान बुद्ध के जीवन से जुड़ी आषाढ़ पूर्णिमा की दस महत्वपूर्ण घटनाओं की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इसी दिन महाभिनिष्क्रमण (गृह त्याग), पुत्र राहुल का जन्म, तावतिंस लोक में अभिधम्म की देशना तथा सारनाथ में प्रथम धर्मचक्र प्रवर्तन जैसी प्रमुख घटनाएँ घटी थीं। सभी उपस्थित जनों ने बुद्ध के उपदेशों का स्मरण करते हुए शांति एवं करुणा का संदेश दिया। कार्यक्रम में संरक्षक धर्मपाल शाक्य, अशोक शाक्य, प्रबंधक शिव प्रताप सिंह शाक्य (एडवोकेट), कृष्ण मुरारी शाक्य, राहुल प्रताप सिंह शाक्य, प्रहलाद शाक्य, सुमन शाक्य, हिना, मंजू शाक्य, कमला शाक्य, शालिनी शाक्य, अतुल प्रताप सिंह शाक्य तथा विद्यालय के बच्चों ने सक्रिय रूप से भाग लिया।

# विवाहिता के लापता होने पर मायके पक्ष का हंगामा, निष्पक्ष जांच की मांग

**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**



कोतवाली क्षेत्र में विवाहिता के संदिग्ध परिस्थितियों में लापता होने के मामले में गुस्साए उसके मायके पक्ष के लोगों ने कसावा पुलिस चौकी पहुंचकर हंगामा किया। परिजनों ने पुलिस पर समय रहते कार्रवाई न करने और आरोपित पक्ष की मदद करने का आरोप लगाते हुए विवाहिता की शीघ्र बरामदगी की मांग की। अतरौली निवासी विश्व प्रकाश तिवारी ने बताया कि उनकी भतीजी माया देवी की शादी 18 फरवरी 2024 को कसावा निवासी अनूप पुत्र वीरेंद्र के साथ हुई थी। अनूप ने फोन कर बताया कि माया सुबह करीब 11 बजे घर से कहीं चली गई हैं और काफी तलाश के बाद भी उनका कोई पता नहीं चला। सूचना मिलने पर मायके पक्ष ससुराल पहुंचा, जहां केवल अनूप की भांजी दीपा मिली, जबकि अन्य सदस्य घर पर नहीं थे। इसके बाद आरती तिवारी ने 30 जुलाई को कोतवाली में प्रार्थना पत्र देकर बरामदगी और निष्पक्ष जांच की मांग की। परिजनों का आरोप है कि तीन दिन बाद भी कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने चेतावनी दी कि जल्द बरामदगी न होने पर उच्च अधिकारियों से शिकायत कर आंदोलन किया जाएगा। कसाबा चौकी पुलिस का कहना है कि विवाहिता की तलाश जारी है और सभी पहलुओं पर जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

## खबरें एक नजर में

### धूमधाम से मनाया जाएगा भाकियू (अवधेश) का स्थापना दिवस



**छिबरामऊ, कन्नौज।** भारतीय किसान यूनियन (अवधेश) के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित अवधेश कुमार त्रिपाठी ने कहा कि इस वर्ष भी संगठन का स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया जाएगा। संगठन का स्थापना दिवस 27 अगस्त को है, लेकिन उसी दिन रक्षाबंधन का त्यौहार भी है। इसलिए स्थापना दिवस को 27 अगस्त से पहले मनाने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से अपील की है कि वे स्थापना दिवस की तैयारियों में जुट जाएं। तारीख और समय की जानकारी राष्ट्रीय उपाध्यक्ष विवेक गुप्ता जल्द ही देंगे। संगठन के स्थापना दिवस को भव्य और दिव्य बनाने के लिए समस्त पदाधिकारियों की बैठक शीघ्र आयोजित की जाएगी। उन्होंने पुराने पदाधिकारियों से कहा कि वे ज्यादा से ज्यादा नए पदाधिकारियों को संगठन से जोड़ें। उल्लेखनीय है कि भारतीय किसान यूनियन (अवधेश) में आज तक कोई सदस्यता शुल्क नहीं लिया जाता। संगठन निस्वार्थ भाव से किसानों की सेवा कर रहा है।

### पावर हाउस पर ग्रामीणों का प्रदर्शन, फसल सूखने का आरोप



**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।** क्षेत्र के मिंघौली पावर हाउस पर गुरुवार दोपहर करीब 1:30 बजे मटेहना गांव के ग्रामीणों ने बिजली कटौती के विरोध में प्रदर्शन कर नाराजगी जताई। ग्रामीणों का आरोप है कि 11 हजार वोल्ट लाइन के जंपर बार-बार काट दिए जाते हैं, जिससे ट्यूबवेल बंद हो जाते हैं और खेतों की सिंचाई प्रभावित होती है। किसानों ने बताया कि पिछले तीन दिनों से पर्याप्त बिजली नहीं मिल रही है। मात्र 7 से 8 घंटे आपूर्ति होने से धान की फसल सूखने लगी है और किसान खेतों पर परेशान बैठे रहते हैं। ग्रामीणों का कहना है कि शिकायत करने पर ओवरलोड का हवाला देकर लाइन काट दी जाती है। लाइनमैन मुकेश उर्फ संजीव ने बताया कि छिबरामऊ पावर हाउस का पावर ट्रांसफॉर्मर खराब होने से मिंघौली से कई क्षेत्रों को आपूर्ति दी जा रही है। ट्रांसफॉर्मर ठीक होते ही नियमित बिजली आपूर्ति बहाल कर दी जाएगी। प्रदर्शन में सतीश, अनूप, रायसिंह, सुनील सहित अनेक ग्रामीण मौजूद रहे।

### निलंबित शिक्षक के राज्य पुरस्कार अनुमोदन पर विवाद

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** बेसिक शिक्षा परिषद के राज्य अध्यापक पुरस्कार के लिए भेजे गए एक शिक्षक के नाम को लेकर विवाद गहरा गया है। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ (यूटा) ने जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री को 64 पृष्ठों का शिकायती पत्र सौंपकर पुरस्कार चयन प्रक्रिया पर सवाल उठाए हैं। संगठन का आरोप है कि दो बार निलंबित और विभागीय कार्रवाई झेल चुके पीएमश्री कंपोजिट विद्यालय गुगरापुर के इंचार्ज प्रधानाध्यापक राकेंद्र कुमार सक्सेना के नाम का अनुमोदन नियमों के विपरीत किया गया। शिकायत में कहा गया है कि सक्सेना का वर्ष 2007 में निर्माण कार्य में अनियमितता तथा 2018 में विभागीय अनियमितताओं के आरोप में निलंबन हो चुका है। साथ ही मानव संपदा पोर्टल पर विषय परिवर्तन कर पारस्परिक स्थानांतरण और पुरस्कार चयन में अनुचित लाभ दिलाने का भी आरोप लगाया गया है। दूसरी ओर, गुगरापुर विद्यालय के शिक्षकों ने भी अलग से जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर सक्सेना के स्थानांतरण को निरस्त करने की मांग की है। उनका कहना है कि कृषि विज्ञान के शिक्षक होने के बावजूद गणित शिक्षक के स्थान पर तैनाती से छात्रों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। जिलाधिकारी ने दोनों शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए मुख्य विकास अधिकारी को जांच कर आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। वहीं, शिकायतकर्ताओं ने निष्पक्ष जांच के बाद ही पुरस्कार पर निर्णय लेने की मांग की है।

# विभिन्न मांगों को लेकर कैलाश सिंह राजपूत को सौंपा ज्ञापन

**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**



निषाद इंडियन शोषित हमारा आम दल (निषाद पार्टी) के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने बबलू बाथम प्रधान के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश के ऊर्जा मंत्री एवं तिर्वा विधायक कैलाश सिंह राजपूत को उनके आवास पर ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में निषाद, केवट, मल्लाह, कश्यप, बिंद, धीमर, प्रजापति सहित संबंधित जातियों को अनुसूचित जाति (एससी) का दर्जा देने तथा शासनादेशों के अनुरूप जाति प्रमाण पत्र जारी करने की मांग उठाई गई। प्रतिनिधिमंडल ने ज्ञापन में उत्तर प्रदेश शासन की विभिन्न अधिसूचनाओं, संशोधनों और संवैधानिक प्रावधानों का उल्लेख करते हुए कहा कि संबंधित जातियों के लोगों को उनके अधिकारों के अनुरूप सुविधाएं और प्रमाण पत्र उपलब्ध कराए जाएं। उन्होंने ऊर्जा मंत्री से मांगों को सरकार के समक्ष प्रभावी ढंग से रखने का आग्रह किया। कार्यकर्ताओं का कहना था कि समाज लंबे समय से इन मांगों को लेकर संघर्ष कर रहा है और अब सरकार को इस दिशा में ठोस निर्णय लेना चाहिए। ज्ञापन सौंपने के दौरान निषाद पार्टी के कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# जलभराव से तालाब बना विद्यालय परिसर

- काई में फिसल रहे बच्चे और शिक्षक
- समस्या से नाराज ग्रामीणों ने विद्यालय परिसर में किया विरोध
- जलनिकासी की समुचित व्यवस्था कराने की मांग

**छिबरामऊ, कन्नौज समृद्धि न्यूज।**



क्षेत्र के नगला जोर (मौजा गिरधरपुर) स्थित पूर्व माध्यमिक विद्यालय का परिसर जलभराव की गंभीर समस्या से जूझ रहा है।

बारिश के दौरान विद्यालय परिसर में पानी भर जाने से बच्चों और शिक्षकों को काफी परेशानी उठानी पड़ रही है। लंबे समय तक पानी जमा रहने से परिसर में काई जम गई है, जिससे छात्र-छात्राएं और शिक्षक आए दिन फिसलकर गिर रहे हैं।कई बच्चों के कपड़े खराब हो जाते हैं, वहीं रुके हुए पानी में मच्छरों के पनपने से संक्रामक बीमारियों का खतरा भी बढ़ गया है।

समस्या से नाराज ग्रामीणों ने विद्यालय परिसर में विरोध प्रदर्शन कर जलनिकासी की समुचित व्यवस्था कराने की मांग की। ग्रामीणों ने कहा कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो बच्चों की सुरक्षा और स्वास्थ्य पर गंभीर असर पड़ेगा। प्रदर्शन में ग्राम प्रधान राजकुमार, अनार सिंह, बृजपाल, जय किशन, प्रमोद कुमार, मैदान सिंह, प्रभात, मोहित, श्याम बिहारी, जानकी देवी, गुड्डी, रेखा, पवन कुमार, सुमित, मिंटू, अनमोल और ऋषभ सहित अनेक ग्रामीण मौजूद रहे।

## बायोमेट्रिक हाजिरी से होगा वर-वधू का मंडप में प्रवेश

**कन्नौज।** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना में फर्जीवाड़े पर अंकुश लगाने के लिए समाज कल्याण विभाग ने नई व्यवस्था लागू कर दी है। अब योजना के तहत आयोजित होने वाले विवाह समारोह में वर और वधू दोनों की बायोमेट्रिक उपस्थिति अनिवार्य होगी। इसके लिए दोनों का आधार कार्ड बायोमेट्रिक अपडेट होना जरूरी रहेगा। जिला समाज कल्याण अधिकारी वेद प्रकाश मिश्रा ने बताया कि योजना के पोर्टल में बदलाव किए गए हैं। जिन अभिभावकों ने अपनी पुत्री के विवाह के लिए आवेदन किया है, वे समय रहते वर और वधू का आधार बायोमेट्रिक अपडेट करा लें, ताकि कार्यक्रम के दौरान उपस्थिति दर्ज कराने में किसी प्रकार की तकनीकी परेशानी न हो। उन्होंने बताया कि बायोमेट्रिक सत्यापन पूरा होने के बाद ही वर-वधू को विवाह मंडप में प्रवेश दिया जाएगा। विभाग ने यह कदम मार्च में आयोजित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह कार्यक्रम में सामने आए फर्जी आवेदन के मामले के बाद उठाया है।

# जेल की सुरक्षा व्यवस्था में लापरवाही बर्दाश्त नहीं: डीएम



- डीएम-एसपी ने परखी सुरक्षा व्यवस्था, दिए निर्देश

**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री और पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार ने गुरुवार को ब्लॉक क्षेत्र के अनौगी स्थित जिला कारागार का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने जेल की सभी बैरकों, बंदियों तथा स्वास्थ्य सेवाओं का गहन निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान जेल अधीक्षक ने अधिकारियों को बताया कि कारागार परिसर की नियमित रूप से जांच कराई जाती है और सुरक्षा व्यवस्था पर लगातार निगरानी रखी जाती है। निरीक्षण में जेल की व्यवस्थाएं संतोषजनक पाई गईं। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि कारागार के भीतर किसी भी प्रकार की प्रतिबंधित सामग्री प्रवेश न कर सके, इसके लिए सुरक्षा व्यवस्था और सघन की जाए। उन्होंने कहा कि जेल की सुरक्षा व्यवस्था में लापरवाही बिल्कुल बर्दाश्त नही की जाएगी, साथ ही जेल में आने वाले प्रत्येक नए बंदी का चिकित्सकों द्वारा अनिवार्य रूप से स्वास्थ्य परीक्षण कराने के निर्देश भी दिए। एसपी विनोद कुमार ने जेल अधीक्षक को नियमित रूप से कारागार का निरीक्षण करने, निरुद्ध बंदियों की गतिविधियों पर विशेष सतर्क निगरानी रखने तथा आवश्यकता पड़ने पर उनकी गतिविधियों की जानकारी समय- समय पर उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। इस मौके पर प्रभारी जेल अधीक्षक रविंद्र नाथ सहित आदि लोग मौजूद रहे।

# चेयरमैन व ईओ ने किया पार्क के सुन्दरीकरण का निरीक्षण

**समधन, समृद्धि न्यूज।**

नगर में पार्क के सुन्दरी करण के चल रहे कार्य की हकीकत परखने के लिये चेयरमैन व ईओ ने संयुक्त रूप से आकस्मिक निरीक्षण किया गया है जहां कुछ काम अधूरा मिलने पर ठेकेदार से जल्द पूरा करने के निर्देश दिये गये है। समधन नगरपंचायत के दगल मैदान में करीब 22 लाख रुपये लागत से पार्क के सुन्दरी करण के चल रहे कार्य की हकीकत जांचने के लिये गुरुवार को चेयरमैन आसमा बेगम व अधिशासी अधिकारी दिव्या गुप्ता ने दोपहर आकस्मिक निरीक्षण किया गया जहां उन्होंने धीमी गति से कार्य चलने पर नाराजगी जताते हुऐ कार्य को तेजगति से चलाकर जल्द पूरा करने के निर्देश दिये गये है चेयरमैन आसमा बेगम ने बताया कि बीते करीब दो वर्ष पहले




पार्क के सुन्दरी करण के चल रहे कार्य का निरीक्षण करती चेयरमैन आसमां बेगम व ईओ दिव्या गुप्ता

नगर के मोहल्ला गर्दाबाद में स्थित तालाब में नहाने गये थे जो डूबकर चार बच्चों की एक साथ मौत हो गई थी तब नगर के लोगों ने तत्कालीन जिलाधिकारी से एक सुन्दर पार्क बनवायें जाने की मांग उठाई गई थी जिसको संज्ञान में लेते हुऐ बच्चों खेलने कूदने युवा वृद्ध नागरिकों को घूमने के लिये एक सुन्दर पार्क बनवायें जाने का काम चल रहा जिसमें बच्चों के लिये झूले बैठने के लिये कुर्सियां की व्यवस्था की जायेगी साथ ही रात में में कोई असुविधा न हो इसके लिये स्ट्रीट लाइटें लगाकर चौक चौबंद इंतजाम किये जायेगे। इस अवसर पर वरिष्ठ लिपिक राजेश वर्मा, दीपक श्रीवास्तव, आलोक शाक्य, हनीफ अहमद, आनन्द कुमार, अताउल्लाह, रफी अहमद, मतलूब हुसैन, रियाज़, नजरूल खां आदि मौजूद रहे।

# मदन मोहन मालवीय इंटर कॉलेज में हुई कार्यशाला

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

नगर के मदन मोहन मालवीय इंटर कॉलेज, गांधी नगर में गुरुवार को राज्य व्यावसायिक प्रशिक्षण परिषद, उत्तर प्रदेश के तत्वावधान में छात्रों के लिए एक विशेष जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य दसवीं और बारहवीं के बाद छात्रों को व्यावसायिक शिक्षा और स्वरोजगार के विकल्पों से अवगत कराना था। आधुनिक व्यवसायों की दी गई जानकारी कार्यक्रम में राज्य परिषद द्वारा संचालित विभिन्न व्यवसायों की जानकारी दी गई। शिक्षकों ने बताया कि छात्र अब विद्युतकार, फिटर, टर्नर, कंप्यूटर ऑपरेटर, प्रारूपकार, विद्युत वाहन यांत्रिक, रोबोटिकी एवं



डिजिटल विनिर्माण, त्रिविमीय मुद्रण, इंटरनेट से जुड़े उपकरण तकनीशियन जैसे आधुनिक पाठ्यक्रम करके सरकारी और निजी क्षेत्र में बेहतर रोजगार पा सकते हैं। बताया गया कि प्रदेश में 290 राजकीय और 2994 निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में कुल 6 लाख 34 हजार से अधिक सीटें उपलब्ध हैं। आठवीं और दसवीं पास छात्र इनमें प्रवेश ले सकते हैं।

आरक्षण और छात्रवृत्ति छात्रों को बताया गया कि प्रवेश में अन्य पिछड़ा वर्ग को 27 प्रतिशत, अनुसूचित जाति को 21 प्रतिशत, अनुसूचित जनजाति को 2 प्रतिशत आरक्षण के साथ आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग और दिव्यांग छात्रों के लिए भी सीटें आरक्षित हैं।

सामान्य वर्ग के लिए वार्षिक शुल्क 3000 रुपये निर्धारित है। अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अल्पसंख्यक छात्रों को छात्रवृत्ति की सुविधा भी मिलेगी। प्रधानाचार्य ने छात्रों से अपील की कि वे अधिक जानकारी के लिए परिषद की वेबसाइट पर जाएं या हेल्पलाइन 0522-4150500 पर संपर्क करें। कार्यक्रम में औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान का प्रमाण पत्र प्राप्त कर, पाएं रोजगार के अनेकों अवसर का नारा भी दिया गया।

# श्रीअन्न को बढ़ावा देकर बढ़ाएं किसानों की आय : डीएम

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री ने कहा कि किसानों की आय बढ़ाने, प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने और मृदा संरक्षण को प्राथमिकता दी जाए। कलेक्ट्रेट गांधी सभागार में आयोजित कृषि विभाग की विभिन्न योजनाओं की संयुक्त समीक्षा बैठक में उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी योजनाओं का लाभ पात्र किसानों तक समयबद्ध और पारदर्शी तरीके से पहुंचाया जाए।

बैठक में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा मिशन, नेशनल मिशन ऑन एडिबल ऑयल-ऑयलसीड्स, उत्तर प्रदेश मिलेट्स पुनरोद्धार कार्यक्रम तथा नेशनल मिशन ऑन नेचुरल फार्मिंग की प्रगति की समीक्षा की गई। बताया गया कि कन्नौज और उमर्दा विकास खंडों में 500 हेक्टेयर क्षेत्र में क्लस्टर आधारित प्राकृतिक खेती कराई जाएगी, जिसमें किसानों को प्रशिक्षण, प्रोत्साहन राशि और तकनीकी सहायता दी जाएगी। जिलाधिकारी ने जल संरक्षण को समय की आवश्यकता बताते हुए कम पानी वाली फसलों और श्रीअन्न की खेती को बढ़ावा देने के निर्देश दिए। साथ ही भूमि एवं जल संरक्षण, वर्षा जल संचयन और ऊसर भूमि सुधार के कार्य तय समय में गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरा कराने पर जोर दिया।

# दिव्यांग बच्चों के लिए लगा मेडिकल असेसमेंट शिविर

**गुरसहायगंज, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सराय प्रयाग स्थित बीआरसी तालग्राम में दिव्यांग बच्चों के लिए मेडिकल असेसमेंट एवं दिव्यांग आकलन शिविर का आयोजन किया गया। खंड शिक्षा अधिकारी तालग्राम आनंद द्विवेदी की उपस्थिति में नोडल डॉक्टर सारंग गौतम, स्वाति कटियार, सुरेंद्र बाबू, अक्षत शुक्ला, प्रबल पांडे, मनोज पांडे, फिजियोथैरेपिस्ट राजेंद्र, संजय वर्मा एवं पूजा कटियार ने शिविर में पहुंचकर दिव्यांग बच्चों की जांच की। शिविर में कुल 35 बच्चों का चिकित्सीय परीक्षण किया गया। इसमें से 12 बच्चों के दिव्यांग प्रमाण पत्र जारी किए गए। वहीं दो बच्चों की विस्तृत जांच एवं उपचार के लिए




मेडिकल कॉलेज तिर्वा रेफर किया गया। खंड शिक्षा अधिकारी आनंद द्विवेदी ने कहा कि ऐसे शिविरों से दिव्यांग बच्चों को समय पर प्रमाण पत्र और आवश्यक उपचार मिल सकेगा। इससे उन्हें सरकारी योजनाओं का लाभ भी सुगमता से प्राप्त होगा।

नोडल डॉक्टर सारंग गौतम ने बताया कि शिविर का मुख्य उद्देश्य दिव्यांग बच्चों की पहचान कर उन्हें प्रमाण पत्र उपलब्ध कराना और जरूरतमंद बच्चों को उचित उपचार के लिए रेफर करना है। उन्होंने कहा कि टीम द्वारा सभी बच्चों की गहन जांच की गई। जिन बच्चों को अधिक उपचार की आवश्यकता है उन्हें मेडिकल कॉलेज भेजा गया है, ताकि उनका समय पर इलाज हो सके और वे मुख्यधारा से जुड़ सकें।



# कटान देखने गया युवक गंगा नदी में डूबा

**तेज बहाव में बहे सिंचाई विभाग के सुरक्षा इंतजाम**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

गंगा नदी का जलस्तर और तेज बहाव इन दिनों किनारे बसे इलाकों में कहर बरपा रहा है। कटान रोकने और बाढ़ से बचाव के लिए सिंचाई विभाग द्वारा किए गए इंतजाम गंगा की तेज लहरों के सामने नाकाफी साबित हो रहे हैं। नदी के तेज बहाव में सिंचाई विभाग द्वारा लगाई गई बोरियां और पार्कोपाइन पानी में समा गए। इसी दौरान एक बड़ा हादसा हो गया, जिसमें किनारे खड़ा एक युवक भी गंगा की तेज धार में बह गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार, लगातार हो रहे भू-कटान और बाढ़ के खतरे को कम करने के लिए सिंचाई विभाग ने हाल ही में नदी के किनारे बालू भरी बोरियां और पार्कोपाइन (त्रिकोणीय ढांचे) लगाए थे। उम्मीद थी कि इससे पानी की रफ्तार कम होगी और किनारों को कटने से बचाया जा सकेगा, लेकिन गंगा के रौद्र रूप और उफनती लहरों के सामने ये सभी इंतजाम तिनके की तरह बह गए और पानी में डूब गए।



मौके पर मौजूद ग्रामीण व परिजन

बताया जा रहा है कि जिस समय सिंचाई विभाग के ये ढांचे पानी में डूब रहे थे, वहां मोहित पुत्र रामऔतार नाम का एक युवक एक पार्कोपाइन के बिल्कुल समीप खड़ा था। अचानक पानी का बहाव तेज हुआ और किनारे की मिट्टी धंसने लगी। इससे पहले कि मोहित संभल पाता या वहां से भाग पाता, पार्कोपाइन के साथ-साथ वह भी गंगा की तेज धार में गिर गया और देखते ही देखते गहरे पानी में ओझल हो गया। हादसे की खबर फैलते ही इलाके में हड़कंप मच गया और मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई। स्थानीय लोगों ने तुरंत पुलिस और प्रशासन को घटना की सूचना दी। प्रशासन ने त्वरित कार्रवाई करते हुए स्थानीय गोताखोरों और बचाव दल को मौके पर बुला लिया है। नदी में मोटर बोट और जाल की मदद से मोहित की सरगर्मी से तलाश की जा रही है, लेकिन समाचार लिखे जाने तक उसका कोई सुराग नहीं लग सका है। घटना के बाद से मोहित के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। ग्रामीणों ने सिंचाई विभाग के कार्यों की गुणवत्ता और सुरक्षा मानकों पर भी सवाल उठाए हैं।

# रोडवेज बस व ट्रक की भिड़ंत, चालक-परिचालक घायल



क्षतिग्रस्त बस



अस्पताल में भर्ती घायल चालक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

मऊदरवाजा थाना क्षेत्र अंतर्गत जसमई के पास गुरुवार सुबह दिल्ली से आ रही साहिबाबाद डिपो की एसी बस और एक ट्रक की आमने-सामने टक्कर हो गई।

इस घटना में बस के चालक और परिचालक गंभीर रूप से घायल हो गए, जिन्हें लोहिया अस्पताल में भर्ती कराया गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की। जानकारी के अनुसार फर्रुखाबाद जिले में दिल्ली से आ रही साहिबाबाद डिपो की एसी बस गुरुवार सुबह छह बजे मऊदरवाजा थाने के जसमई के पास पहुंची। उसी समय कायमगंज की ओर जा रहे ट्रक से टक्कर हो गई। इसमें नेकपुर चौरासी निवासी चालक विनय चौहान और शाहजहांपुर के अल्लाहगंज थाना क्षेत्र निवासी परिचालक आकाश गुप्ता घायल हो गए।

घायलों को लोहिया अस्पताल में जाया गया। हालत गंभीर होने पर चालक को रेफर किया गया है। पुलिस ने पहुंचकर जांच पड़ताल की।

## दबंगों ने ट्रैक्टर से की खेत की जुताई, मारपीट का आरोप

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम शिवरई बरियार में विचाराधीन जमीन पर जबरन कब्जे और मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़िता रश्मि पत्नी उपवीर ने कोतवाली में 5 लोगों के खिलाफतहरीर दी है। रश्मि ने बताया कि गाटा संख्या 188 रकबा 0.540 हेक्टेयर भूमि उनकी है। आरोप है कि 27 जुलाई को दोपहर करीब 2:30 बजे राजवीर पुत्र बिहारीलाल, धर्मेन्द्र उर्फपिंटू पुत्र राजवीर, राजू पुत्र मौजू सिंह, दीपक पुत्र मौजीलाल और केशकार पुत्र नाजिर सिंह खेत पर पहुंचे और ट्रैक्टर से जुताई करने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी दी और लाठी-डंडों से पति के साथ मारपीट की। साथ ही राजवीर ने ट्रैक्टर से रश्मि की बहन राक्षी को कुचलने का प्रयास भी किया। पीड़िता का कहना है कि जबरन कब्जा करना चाहते हैं। पुलिस ने तहरीर लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# डंपर की टक्कर से शिक्षक की मौत, चालक वाहन समेत फरार



**अमृतपुर, समृद्धि न्यूज।**

मौके पर मौजूद ग्रामीण

थाना क्षेत्र के कस्बा राजपुर में गुरुवार को हुए भीषण सड़क हादसे में एक शिक्षक की उपचार के दौरान मौत हो गई। जिससे परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की और शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। बताया जा रहा है कि अशोक लीलैंड कंपनी की डंपर ने शिक्षक को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि वह गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद चालक डंपर समेत मौके से फरार हो गया।

जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के ग्राम उधरनपुर निवासी 38 वर्षीय देवेंद्र विक्रम सिंह पुत्र सेवाराम कुशवाहा शिक्षक होने के साथ-साथ निजी चिकित्सक भी थे। गुरुवार को देवेन्द्र स्कूल नहीं गये थे। वह अपनी बाइक से क्लीनिक जा रहे थे। रास्ते में तेज रफ्तार डंपर ने उनकी बाइक में टक्कर मार दी। जिससे बाइक सहित देवेन्द्र नीचे गिर गये। जिससे डंपर का पहिया उनके ऊपर से निकल गया। हादसे के बाद ग्रामीणों ने तत्काल एंबुलेंस की मदद से उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजेपुर पहुंचाया।

जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर उन्हें डॉ. राम मनोहर लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया। इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। मृतक के दो बेटे दिव्यांशु और सिद्धार्थ, मां सुषमा तथा पत्नी बबली आदि का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। वहीं, हादसे के बाद कई लोगों ने फरार डंपर चालक का पीछा करने का भी प्रयास किया, लेकिन वह वाहन सहित भाग निकला। सूचना पर उपनिरीक्षक राघवेंद्र भदौरिया ने पहुंचकर जांच पड़ताल की और शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

# पुलिस को मिली सफलता: तमंचा-कारतूस सहित युवक गिरफ्तार

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

पुलिस अधीक्षक आरती सिंह के निर्देश पर जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के क्रम में कायमगंज क्षेत्राधिकारी राजेश कुमार द्विवेदी के नेतृत्व में थाना कम्पिल पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। उपनिरीक्षक प्रेमपाल मय हमराह पुलिस टीम क्षेत्र में गश्त कर रहे थे। इसी दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि एक युवक गूजरपुर सिवारा मार्ग पर अवैध हथियार के साथ खड़ा है। सूचना पर पुलिस ने तत्काल घेराबंदी कर ग्राम पथरामई थाना कम्पिल निवासी अंकित पुत्र सर्वेश कुमार को पकड़ लिया। तलाशी के दौरान उसके पास से एक अवैध 315 बोर का नाजायज तमंचा और 2 जिंदा कारतूस 315 बोर बरामद हुए।



पुलिस हिरासत में आरोपी

पुलिस ने आरोपी के खिलाफआर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा पंजीकृत कर वैधानिक कार्रवाई की। आरोपी को न्यायालय में पेश कर जेल भेजा।

# बेटे की चाह में पति व ससुरालियों ने महिला को पीटा

**पीड़िता के भतीजे ने पुलिस को तहरीर देकर की कार्यवाही की मांग**

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।**

कोतवाली क्षेत्र के गांव पपड़ी खुर्द में दहेज और वंश को लेकर एक महिला से लगातार मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़िता के भतीजे ने कोतवाली में तहरीर देकर पति और ससुराल वालों पर आरोप लगाए हैं।

कासगंज जनपद के थाना सिढपुरा क्षेत्र के गांव सरावल निवासी हरवेश कुमार ने कायमगंज कोतवाली पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उनकी बुआ जावित्री का विवाह लगभग 14 वर्ष पूर्व दुर्गेश उर्फ बॉबी पुत्र निवासी ग्राम पपड़ी खुर्द थाना कायमगंज के साथ हुआ था। शादी के बाद बुआ को 4 बेटियां हुई-मन्नत, तान्या, छवि और काव्या है। हरवेश का आरोप है कि बेटा न होने और 4 बेटियां होने की बात को लेकर पति दुर्गेश सहित ससुराल के लोग बुआ के साथ आए दिन मारपीट करते हैं। बीती रात बुआ ने फोन पर रोते हुए बताया कि पति उनके साथ बहुत मारपीट कर रहे हैं।



अस्पताल में मौजूद घायल महिला

सूचना पर हरवेश परिजनों के साथ बुआ की ससुराल पपड़ी पहुंचे। वहां उन्होंने फूफा दुर्गेश को समझाने का प्रयास किया। इसी बात पर आरोपी ने उनके साथ भी अभद्र भाषा का प्रयोग किया और धमकी दी। पीड़ित पक्ष ने पुलिस से उचित कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी है। वहीं जावित्री ने बताया की मेरे पति ने हमारे साथ तीन चार बार मारपीट की है।

## खबरें एक नजर में

### सावन के प्रथम दिन शिव मंदिरों में उमड़ा जन सैलाब



पंडाबाग मंदिर में पूजन करते भक्तगण, भजन करती महिलायें

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** सावन माह के प्रथम दिन सोमवार को नगर के शिव मंदिरों में श्रद्धालुओं का जन सैलाब उमड़ पड़ा। सुबह से ही मंदिरों में बोल बम के जयकारों से माहौल शिवमय हो गया। नगर के प्राचीन महाभारत कालीन पांडेश्वर नाथ मंदिर में प्रातः 4 बजे से ही भक्तों की लंबी कतारें लग गईं। शिवभक्तों ने गंगा जल और दूध से भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक कर मनोकामनाएं मांगी। महिलाओं ने बेलपत्र, धतूरा, आक के फूल अर्पित कर व्रत रखा। मंदिर परिसर में सुरक्षा और व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। पुजारियों पंडित गोपाल शर्मा ने बताया कि सावन के सोमवार को यहां जलाभिषेक करने से विशेष फल की प्राप्ति होती है। मान्यता है कि यह मंदिर महाभारत काल का है और पांडवों द्वारा स्थापित है। शहर के अन्य शिव मंदिरों में भी सुबह से भक्तों का तांता लगा रहा। जगह-जगह भक्तों ने जल चढ़ाकर प्रसाद वितरित किया।

### बोर्ड परीक्षा: प्रवेश पत्र पर भी होंगे छात्रों के हस्ताक्षर

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** नकल माफियाओं के मंसूबे ध्वस्त करने हेतु यूपी बोर्ड ने एक और पेशबंदी की है। अगले वर्ष होने वाली उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद की बोर्ड परीक्षा में नकल माफिया का रैकेट तोड़ने हेतु बड़ा कदम उठाया है। 10वीं और 12वीं के विद्यार्थियों के परीक्षा फार्म में प्रवेश पत्र वाले हिस्से पर भी उनके हस्ताक्षर कराये जा रहे है। शिक्षा सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, परीक्षा से पूर्व बोर्ड की ओर से प्रवेश पत्र जारी होने पर परीक्षार्थी इसे लेकर ही परीक्षा कक्ष में जायेंगे। उपस्थित पंजिका से कक्ष निरीक्षक छात्र का हस्ताक्षर मिलान करेंगे। बोर्ड के निर्देश का पालन करते हुए सभी स्कूल को 16 अगस्त तक परीक्षा फार्म अपलोड करने है। अभी तक प्रवेश पत्र पर सिर्फ विद्यार्थी का फोटो और नाम आदि का ब्यौरा दर्ज होता था। इस स्थिति में नकल-साल्वर माफिया को गड़बड़ी करने का मौका मिल जाता था। फोटो में हेराफेरी कर वास्तविक अभ्यार्थी के स्थान पर साल्वर के परीक्षा में बैठने की आशंका बनी रहती थी। माध्यमिक शिक्षक संघ चंदेल गुट के जिलाध्यक्ष प्रवेश रत्न शाक्य, मण्डल अध्यक्ष महिपाल सिंह, जिला मंत्री अर्जुन प्रताप सिंह ने यूपी बोर्ड के इस कदम की सराहना करते हुए उम्मीद जाहिर की है कि प्रवेश पत्र पर परीक्षार्थी के हस्ताक्षर होने की व्यवस्था से नकल माफियाओं के मंसूबे पर पानी फिर जायेगा।

### बाइक की टक्कर से महिला सहित तीन घायल

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** थाना अंतर्गत ग्राम कढ़िउली निवासिनी दो सगी बहनें वर्षा पुत्री करन सिंह 18 वर्ष एवं सीता पुत्री करन सिंह उम्र 20 वर्ष अपने बहनोई बबलू बबलू 34 वर्ष के साथ संकिसा मंदिर पर सवैया चढ़ाने जा रही थी, रास्ते में नगला मना चौराहे पर मोटरसाइकिल संख्या यूपी 76/6858 के चालक आलोक कुमार पुत्र ना मालूम ग्राम नगला लाहोरी ने लापरवाही से जबरदस्त टक्कर मार दी। जिससे तीनों लोग गंभीर रूप से घायल हुए। घायलों को प्राथमिक उपचार हेतु प्राइवेट डॉक्टर के पास भर्ती किया गया। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की।

# डीएम की अध्यक्षता में हुई जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी डॉ. अंकुर लाठर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई। पुलिस अधीक्षक आरती सिंह भी उपस्थित रहीं। बैठक में जनपद में सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने, यातायात व्यवस्था को अधिक सुरक्षित एवं सुगम बनाने तथा सड़क सुरक्षा संबंधी विभिन्न बिंदुओं की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि सड़क दुर्घटना संभावित (ब्लैक स्पॉट) स्थलों का चिन्हीकरण कर आवश्यक सुधारात्मक कार्य प्राथमिकता के आधार पर कराए जाएं। उन्होंने राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण तथा लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत, सड़क संकेतक, रिफ्लेक्टर, स्पीड ब्रेकर एवं चेतावनी बोर्ड निर्धारित मानकों के अनुरूप स्थापित कराने के निर्देश दिए। कांवड़ यात्रा के दृष्टिगत श्रद्धालुओं की सुविधा हेतु राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण तथा लोक निर्माण विभाग की सड़कों पर संबंधित अधिकारी सड़क मार्ग पर लगी लाइटों को दुरुस्त कराएं। बारिश के दृष्टिगत जल भराव की समस्या का समाधान कराते हुए हाईवे के किनारे स्थित नालों की व्यवस्थित रूप से साफ-सफाई कराएं। जिलाधिकारी ने कहा कि सड़क सुरक्षा केवल प्रशासन की नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने परिवहन विभाग, पुलिस विभाग एवं लोक निर्माण विभाग को प्राथमिक, माध्यमिक एवं उच्च शिक्षण संस्थानों एवं सार्वजनिक स्थलों पर संयुक्त रूप से अभियान चलाकर यातायात नियमों का प्रभावी अनुपालन सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए, साथ ही बिना हेलमेट, बिना सीट बेल्ट, ओवरलोडिंग, ओवरस्पीडिंग एवं नशे की हालत में वाहन चलाने वालों के विरुद्ध नियमित प्रवर्तन कार्रवाई करने के निर्देश दिए।




बैठक लेती डीएम मौजूद अधिकारीगण

बैठक में विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान के तहत विभिन्न गतिविधियां आयोजित करने, वाहन चालकों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने तथा सड़क सुरक्षा माह एवं अन्य अभियानों के माध्यम से जनसामान्य की सहभागिता बढ़ाने पर भी जोर दिया गया। डीएम ने दुर्घटना की स्थिति में घायलों को शीघ्र चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के महत्व पर बल देते हुए स्वास्थ्य विभाग एवं संबंधित एजेंसियों को त्वरित समन्वय बनाए रखने के निर्देश दिए। बैठक में समिति के समक्ष विभिन्न विभागों द्वारा सड़क सुरक्षा से संबंधित कार्यों की प्रगति प्रस्तुत की गई, जिस पर डीएम ने आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए सभी संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। बैठक में अपर पुलिस अधीक्षक गिरीश कुमार, जिला विद्यालय निरीक्षक संजीव कुमार, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी विश्वनाथ प्रताप सिंह, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी, अधिशाषी अभियंता लोक निर्माण विभाग सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी के अलावा भाजपा नेता मुकेश गुप्ता आदि उपस्थित रहे।

## ग्रामीणों ने दो संदिग्धों को पकड़कर पुलिस को सौंपा

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र के ठिठुलिया पट्टी गांव में बुधवार रात ग्रामीणों ने दो संदिग्ध युवकों को पकड़ा। इनमें दोनों किशोर नाबालिग है। तलाशी के दौरान एक युवक की कमर से 315 बोर का अवैध तमंचा बरामद हुआ। ग्रामीणों ने इसकी सूचना पुलिस को दी, जिसके बाद पुलिस ने दोनों युवकों को हिरासत में ले लिया। ग्रामीणों के अनुसार, ये दोनों युवक पिछले तीन चार दिनों से लगातार गांव में आ रहे थे और हर बार दो से तीन घंटे तक घूमते रहते थे। शुरुआती पूछताछ में दोनों युवक अपनी सही पहचान और गांव में आने का कारण नहीं बता सके। हालांकि, बाद में उन्होंने स्वीकार किया कि वे गांव की एक लड़की के चक्कर में आते थे। इसी दौरान ग्रामीणों ने उनकी तलाशी ली, जिसमें युवक के पास से अवैध तमंचा मिलने का दावा किया गया। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों युवकों, उनकी बाइक और बरामद तमंचे को कब्जे में लेकर थाने ले गई।

# ग्राउंड जीरो पर एक्टिव हुई सपा, हवाबाजी नहीं चलेगी तय होगी जबावदेही

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

2027 के विधानसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक सरगर्मियां बढ़ रही है। जिसको लेकर समाजवादी पार्टी ने अपनी बारीकि से फील्डिंग सैट कर रही है। आवास विकास स्थित सपा कार्यालय पर जिलाध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव ने प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार जिले के समस्त नेताओं पदाधिकारियों को आवंटित किए गए सेक्टर की जिम्मेदारी सौंपी गई। जिलाध्यक्ष चंद्रपाल सिंह यादव ने बताया कि चाहे कोई कितना ही बड़ा नेता क्यों ना हो पार्टी नेतृत्व इस बार सभी की जवाबदेही तय कर रहा है। जिला महासचिव इलियास मंसूरी ने समस्त नेताओं और पदाधिकारियों को संबंधित सेक्टर के प्रपत्र वोटर लिस्ट आदि सौंपी और उन्हें पार्टी के दिशानिर्देशों से अवगत कराया। प्रवक्ता राधेश्याम सविता ने बताया की प्रदेश नेतृत्व द्वारा प्रत्येक नेता और पदाधिकारियों को एक-एक सेक्टर की जिम्मेदारी सौंप गई है। उस सेक्टर में फर्जी वोट कटवाना, छूटे हुए असली वोट बनवाना, डलवाना, पार्टी के लिए संगठन खड़ा करना और यहां तक कि उस सेक्टर में पार्टी को विजयश्री हासिल कराने तक की जिम्मेदारी और जवाबदेही तय की गई है। इस मौके पर डॉ0 जेपी वर्मा, हाजी अहमद अंसारी, पवन कठेरिया, इजहार खां, शिवम पटेल, मुजाहिद अंसारी आदि मौजूद रहे।

# पंखियां की मड़ैया व कटरी भीमपुरा में गंगा की कटान जारी, ग्रामीणों में भय

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

तहसील सदर के अंतर्गत पंखियों की मड़ैया, दिलीप की मड़ैया, कटरी भीमपुर आदि गांवों को बचाने के लिए सिंचाई विभाग के द्वारा 7 करोड़ से अधिक रुपए से पार्कोपाइन एवं जिओ बैग और स्टड लगाकर गावों को कटान से बचने के लिए कार्य कराया जाना था। उन्होंने आरोप लगाया कि ठेकेदार और अधिकारियों की मिली भगत के चलते पूरा कार्य बेहद घटिया और ना के बराबर कराया गया। गांववासियों के द्वारा कई बार ढंग से कार्य करने के लिए कहा गया तो ठेकेदार एवं अधिकारियों ने ग्राम वासियों के ऊपर दबाव डाला और कहा कि सरकारी काम में यह वादा डालोगे तो तुम्हारे खिलाफमुकदमा दर्ज कराकर देंगे। गंगा जी की जरा सी धारा आने पर जो दिखावा के लिए काम किया गया था, वह सब गंगा जी में समा गया और लोगों के मकान कटान पर आ गए। तब ग्राम वासियों के द्वारा इस पर आवाज उठाई गई तो ठेकेदार के लोगों ने जाकर लोगों को दबाने का प्रयास किया और अपने कामों पर पर्दा डालने के लिए वन विभाग के द्वारा गौशाला की जमीन पर खड़े शीशम के पेड़ों को बिना किसी परमिशन के काट कर बोरियों और स्टट के आगे लगाया, कि इससे पानी रुक जाए पर गंगा जी का कटान नहीं रुका। ग्राम वासियों के द्वारा जानकारी देने पर फर्रुखाबाद विकास मंच के जिला अध्यक्ष भईयन मिश्रा मौके पर पहुंचे और उन्होंने देखा कि सारे ग्रामवासी भयभीत हैं, क्योंकि जो बोरियां लगाई गई थी वह सब गंगा जी में समा गई। ग्राम वासियों के द्वारा जानकारी दी गई कि जिओ बैग की जगह पर सीमेंट की बोरियों में रहता भरकर लगाया गया, केवल ऊपर दिखाने के लिए जिओ बैग भर के लगाए गए। वहां पर पहुंचकर सिंचाई विभाग के द्वारा कराए गए कार्य को देखकर भईयन मिश्रा ने कहा कि कार्य बहुत घटिया हुआ है, जिसके लिए पूर्ण रूप से जिम्मेदार ठेकेदार एवं विभागीय अधिकारी हैं। जिन्होंने सारे धन का बंदरबांट कर लिया है।



गंगा किनारे लगी बोरियां व जानकारी देती पीड़िता

इनके विरुद्ध कार्रवाई जरूर होगी और बहुत जल्द इस पर आंदोलन प्रारंभ किया जाएगा। फर्रुखाबाद विकास मंच के जिला अध्यक्ष भईयन मिश्रा ने कहा की जानकारी मिली है की बड़ी संख्या में हरि शीशम को गौशाला से काटा गया है और उनकी दलों को लाकर कई ट्रैक्टरों से यहां पर डाला गया है। शीशम काटना प्रतिबंधित है, इसकी भी जांच होनी चाहिए, वन विभाग अपने स्तर से इन लोगों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज करवाएं।

# तीन ट्रकों को प्रेशर हार्न पर किया गया सीज, लगा 30 हजार का जुर्माना

**कई बाइकों का भी चालान कर लगाया गया जुर्माना**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

जिलाधिकारी डॉ. अंकुर लाठर के निर्देशानुसार एआरटीओ-प्रवर्तन सुभाष राजपूत तथा यातायात प्रभारी ओम प्रकाश पांडेय के द्वारा नगर में मोडिफाइड साइलेन्सर एवं प्रेशर हार्न/हूटर के विरूद्ध सघन चेकिंग अभियान चलाया गया।

अभियान के अन्तर्गत 03 ट्रकों को प्रेशर हार्न का प्रयोग करते हुये पाये जाने पर सीज किया गया तथा इन वाहनों पर 30 हजार का जुर्माना लगाया गया। अभियान के दौरान 3 बुलेट मोटरसाइकिलों को मोडिफाइड साइलेंसर का प्रयोग करते हुए पाए जाने पर चालान किया गया तथा उन पर 67000 का जुर्माना लगाया गया। इन मोटरसाइकिलों के चालकों के ड्राइविंग लाइसेंस तथा वाहन की आरसी तीन महीने के लिए निलंबित की जा रही है। चेकिंग टीम द्वारा कादरी गेट थाना क्षेत्र के अंतर्गत रॉयल एनफील्ड के अधिकृत विक्रेता अंकुर ऑटो एजेंसी की वर्कशॉप का निरीक्षण किया। वर्कशॉप के अंदर एक बुलेट मोटरसाइकिल सर्विस के लिए आई थी तथा उस में मॉडिफाइड साइलेंसर लगा था। उस बुलेट मोटर साइकिल का वर्कशॉप के अंदर ही चालान किया गया तथा उस पर 20 हजार रुपये का जुर्माना लगाते हुए उसका मोडिफाइड साइलेंसर हटवाया गया। टीम द्वारा इसके उपरांत नगर में मोटर साइकिल की रिपेयरिंग का कार्य करने वाली दुकानों पर सर्वेक्षण किया गया तथा उनमें मोडिफाइड साइलेंसर की जांच की एवं उनको चेतावनी दी गई कि यदि उनके परिसर में मोडिफाइड साइलेंसर पाया गया तो उनके विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। परिवहन आयुक्त उ.प्र. के द्वारा मोडिफाइड साइलेन्सर, प्रेशर हार्न अथवा हूटर लगाने वाले डीलर, मोटर गैराज/ वर्कशाप पर भी कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये हैं। मोडिफाइड साइलेन्सर का प्रयोग कर रहे वाहनों के सम्बन्ध में परिवहन विभाग के हेल्पलाइन नम्बर 1800 1800 151 एवं 149 पर भी शिकायत की जा सकती है। समस्त वाहन डीलर्स, मोटर गैराज एवं वर्कशाप संचालकों को निर्देशित किया जा चुका है कि वाहनों में मोडिफाइड साइलेन्सर, प्रेशर हार्न अथवा हूटर की स्थापना करने वाले डीलर, मोटर गैराज/वर्कशाप के संचालक के विरूद्ध मोटरयान अधिनियम के तहत रू0 एक लाख प्रति संघटक जुर्माना अधिरोपित किया जा सकता है।



बाइक की जांच करते परिवहन अधिकारी

वाहन स्वामियों के द्वारा अपने मोटरयान में पुर्जो की फिटिंग के माध्यम से परिवर्तन किया जाता है, तो उसके विरूद्ध मोटरयान अधिनियम के अन्तर्गत विधिक कार्यवाही सुनिश्चित की जा रही है। सम्बन्धित व्यक्ति प्रथम अपराध के लिए रू0 दस हजार रूपये के जुर्माने से दण्डनीय होगाऔर तीन माह की अवधि के लिये ड्राइविंग लाइसेन्स धारण करने के लिये निरहित हो जायेगा और उक्त जुर्माने के साथ साथ उसका ड्राइविंग लाइसेन्स तीन माह के लिये अयोग्य कर दिया जायेगा। जिन वाहनों में मोडिफाइड साइलेन्सर/ध्वनि प्रदूषण उत्पन्न करने वाले उपकरण लगे पाये जाते हैं तथा जिनका चालान किया गया है, उनके विरूद्ध मोटरयान अधिनियम के अन्तर्गत पंजीयन प्रमाण पत्र की निलम्बन की कार्यवाही प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित की जा रही है।

# बाइक सवारों ने किसान की जेब से उड़ाये बीस हजार रुपये

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र के गांव कक्योली निवासी किसान राकेश कुमार दीक्षित के साथ गुरुवार को दिनदहाड़े जेबकतरी की वारदात हुई। बाइक सवार दो अज्ञात युवकों ने उन्हें झांसे में लेकर अपनी बाइक पर बैठाया और सुनसान जगह पर उतारकर उनकी जेब से 20,400 रुपये निकालकर फरार हो गए। राकेश कुमार दीक्षित ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह गुरुवार सुबह करीब 11 बजे नवाबगंज बाजार में एक दुकानदार को रुपये लौटाने आए थे। दुकानदार के दुकान पर न मिलने पर वह पैदल अचरा रोड स्थित उसकी दूसरी दुकान पर जा रहे थे। इसी दौरान तिराहे पर उन्हें बाइक सवार दो अज्ञात युवक मिले। युवकों ने उनसे कायमगंज क्षेत्र के गांव अलदादपुर का रास्ता पूछा। राकेश ने रास्ता मालूम न होने की बात कही, तो युवकों ने उन्हें बाइक पर बैठने के लिए कहा। पहले उन्होंने मना किया, लेकिन युवकों ने भरोसा दिलाया कि वे उन्हें उनकी दुकान तक छोड़ देंग, जिसके बाद वह बाइक पर बैठ गए। दुकान के पास पहुंचते ही युवकों ने बाइक की रफ्तार बढ़ा दी। राकेश के विरोध करने पर भी उन्होंने बाइक नहीं रोकी और नगला झब्बूसिंह के पास ले जाकर उन्हें उतार दिया। इसके बाद दोनों युवक अचरा की ओर फरार हो गए। राकेश जब पैदल वापस लौटने लगे, तो उन्होंने देखा कि उनकी पैंट की जेब कटी हुई थी। जेब में रखे 20,400 रुपये गायब थे। इसके बाद उन्होंने नवाबगंज थाने पहुंचकर अज्ञात युवकों के खिलाफतहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। थाना प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। जांच के आधार पर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# पुरानी पेंशन बहाली को लेकर डीआईओएस को ज्ञापन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज़।**


डीआईओएस को ज्ञापन सौंपते शिक्षक नेता

उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ जनपद इकाई के बैनर तले शिक्षकों ने अपनी लंबित 25 सूत्रीय मांगों के निस्तारण को लेकर गुरुवार को जिला विद्यालय निरीक्षक कार्यालय पर धरना प्रदर्शन किया। संगठन ने मुख्यमंत्री को संबोधित एक ज्ञापन जिला विद्यालय निरीक्षक के माध्यम से सौंपकर समस्याओं के तत्काल समाधान की मांग की है।

ज्ञापन के माध्यम से शिक्षकों ने शिक्षा व्यवस्था और अपनी सेवा शर्तों में सुधार के लिए कई अहम मुद्दे उठाए हैं। अन्य प्रदेशों की तरह उत्तर प्रदेश में भी शिक्षकों के लिए पुरानी पेंशन व्यवस्था को तुरंत बहाल किया जाए। माध्यमिक शिक्षा का छात्र, अभिभावक और शिक्षक हित में राजकीयकरण किया जाए। उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग अधिनियम 2023 में पूर्व के 1982 अधिनियम की धारा-12, तदर्थ प्रधानाचार्यों को तदर्थ ग्रेड देने की धारा-18 तथा शिक्षकों की सेवा सुरक्षा की धारा-21 को हुबहू पुनर्स्थापित किया जाए। वित्तविहीन विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों और कर्मचारियों की मजबूत सेवा नियमावली बनाते हुए उनका डाटा मानव संपदा पोर्टल पर फीड कराया जाए तथा उन्हें पूर्व की भांति अनुदान पर लिया जाए। महिला शिक्षिकाओं को हर माह कठिन परिस्थितियों माहवारी के समय 2 दिन का विशेष अवकाश प्रदान किया जाए। सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों में आउटसोर्सिंग के माध्यम से हो रही चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की नियुक्ति पर रोक लगाई जाए और नियमित नियुक्तियां की जाएं। बोर्ड परीक्षा से संबंधित सभी पारिश्रमिक दरों को सीबीएसई, बोर्ड के बराबर किया जाए। साथ ही, समयबद्ध भुगतान न होने पर लंबित एरियर का भुगतान तत्काल ब्याज सहित किया जाए। नई शिक्षा नीति 2020 के तहत विद्यालयों की कार्य अवधि में वृद्धि के कारण प्रत्येक माह के द्वितीय व चतुर्थ शनिवार को अवकाश प्रदान किया जाए। सभी जनपदों में दिव्यांग शिक्षकों को समान धनराशि के रूप में विकलांग भत्ते का भुगतान करने का आदेश जारी किया जाए। जीपीएफ का लेखा-जोखा और उसकी अग्रिम निकासी की ऑनलाइन व्यवस्था स्थापित की जाए। इसके अलावा शिक्षकों की सेवा से संबंधित समस्त प्रकरणों का निस्तारण मानव संपदा पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन किया जाए। इस दौरान जिलाध्यक्ष देवेन्द्र यादव, जिला मंत्री अरुण कुमार सहित आदि पदाधिकारी मौजूद रहे।

# भारतीय महाविद्यालय में नशा मुक्ति अभियान के तहत फिल्म का प्रदर्शन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज़।**

भारतीय महाविद्यालय में छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय कानपुर के निर्देशानुसार नशा मुक्ति अभियान के अंतर्गत एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय के सभागार में उपस्थित प्राध्यापकों, कर्मचारियों और छात्र-छात्राओं को नशे के दुष्प्रभावों से जागरूक करने के लिए एक प्रेरणादायक फिल्म दिखाई गई। प्रदर्शित फिल्म के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि नशा जहर है, अपनी खातिर इससे दूर रहें। फिल्म में दिखाया गया कि किस प्रकार मादक पदार्थों का सेवन न केवल व्यक्ति के स्वास्थ्य को


नशा मुक्ति फिल्म देखते शिक्षक व विद्यार्थी

नष्ट करता है, बल्कि उसके परिवार और समाज को भी बर्बादी की कगार पर लाकर खड़ा कर देता है। प्राचार्य डॉ0 रमन प्रकाश ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि युवा पीढ़ी को नशे की इस भयानक लत से बचाना आज के समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। उन्होंने सभी से आवाह्न किया कि वे स्वयं को इस सामाजिक बुराई से दूर रखें और समाज में इसके खिलाफजागरूकता फैलाने में अपना सक्रिय योगदान दें। कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त शिक्षक और शिक्षणेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे।

## मत्स्य पालक: विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं के लिए ऑनलाइन आवेदन 31 जुलाई से

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज़।** मत्स्य पालन से जुड़े किसानों और उद्यमियों के लिए एक अच्छी खबर है। कार्यालय सहायक निदेशक मत्स्य द्वारा बताया गया वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए मत्स्य विभाग की राज्य सेक्टर की विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं के अंतर्गत ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। जनपद के इच्छुक मत्स्य पालक, उद्यमी एवं पात्र व्यक्ति विभागीय पोर्टल पर जाकर इन योजनाओं का लाभ उठाने के लिए ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन प्रक्रिया शुरू होने की तिथि 31 जुलाई से है। आवेदन करने की अंतिम तिथि 05 अगस्त तक होगी। योजना का लाभ प्राप्त करने हेतु इकाई लागत, पात्रता, आवेदन प्रक्रिया और आवश्यक अभिलेखों की विस्तृत सूची विभागीय पोर्टल पर उपलब्ध है। सभी आवेदन इसी वेबसाइट के माध्यम से किए जाएंगे।

# डीएम ने राजस्व वसूली में तेजी लाने के दिये निर्देश

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज़।**


बैठक लेती डीएम मौजूद अन्य

जिलाधिकारी डॉ. अंकुर लाठर की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में कर-करेत्तर एवं राजस्व वसूली की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों की राजस्व वसूली की प्रगति की विभागवार समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने निर्धारित लक्ष्यों के अनुरूप शत-प्रतिशत राजस्व वसूली सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। डीएम ने कहा कि राजस्व वसूली शासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। सभी संबंधित अधिकारी नियमित रूप से प्रवर्तन की कार्रवाई करते हुए बकायेदारों से प्रभावी वसूली सुनिश्चित करें तथा वसूली कार्य में किसी प्रकार की शिथिलता न बरती जाए। उन्होंने बड़े बकायेदारों की सूची तैयार कर उनके विरुद्ध नियमानुसार प्रभावी कार्रवाई करने तथा प्रतिदिन की वसूली की समीक्षा करने के निर्देश दिए। बैठक में वाणिज्य कर, स्टाम्प एवं पंजीयन, आबकारी, परिवहन, विद्युत, खनन, मंडी समिति तथा अन्य राजस्व अर्जित करने वाले विभागों की प्रगति की समीक्षा की गई। जिन विभागों की वसूली अपेक्षाकृत कम पाई गई, उन्हें विशेष अभियान चलाकर लक्ष्य के अनुरूप प्रगति लाने के निर्देश दिए गए। डीएम ने कहा कि सभी विभाग आपसी समन्वय स्थापित करते हुए शासन द्वारा निर्धारित राजस्व लक्ष्यों की समयबद्ध पूर्ति सुनिश्चित करें। उन्होंने निर्देशित किया कि जनपद में अवैध खनन की शिकायतों पर नियंत्रण हेतु संबंधित विभाग प्रवर्तन के तहत अधिक से अधिक कार्यवाही करें। प्रत्येक विभाग अपने लंबित प्रकरणों का शीघ्र निस्तारण करें तथा वसूली कार्य की नियमित मॉनिटरिंग करते हुए प्रगति रिपोर्ट उपलब्ध कराएं। आई.जी.आर.एस. के प्रकरणों में विभागीय अधिकारी प्राप्त शिकायतों के निस्तारण में समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण पूर्ण कराएं, साथ ही निस्तारण उपरांत शिकायतकर्ता से निस्तारण आख्या पर संतोषजनक फीडबैक भी प्राप्त करें। बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अरुण कुमार सिंह, अपर जिलाधिकारी न्यायिक दिनेश कुमार, नगर मजिस्ट्रेट पारुल तरार सहित समस्त उपजिलाधिकारी, संबंधित विभागों के अधिकारी एवं राजस्व वसूली से जुड़े अधिकारी उपस्थित रहे।

## आरआरसी सेंटर अधूरा छोड़ने पर ग्राम पंचायत अधिकारी का जुलाई का वेतन रोका

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के तहत निर्माणाधीन आरआरसी के संचालन और निर्माण में लापरवाही बरतने पर प्रशासन ने सख्त कार्रवाई की है। ग्राम पंचायत कटरी तौफिक में आरआरसी केंद्र को पूर्ण व क्रियाशील न कराने पर ग्राम पंचायत अधिकारी सचिव मो. जीशान का माह जुलाई 2026 का वेतन रोक दिया गया है। 29 जुलाई को खबर प्रकाशित हुई थी। जिसमें कूड़ा कचरा निस्तारण की जगह पार्किंग के काम आ रहा आर.आर.सी. शीर्षक से प्रमुखता से खबर प्रकाशित हुई थी। खबर में उजागर किया गया था कि ग्राम पंचायत कटरी तौफिक में विद्यालय के पीछे बना आरआरसी केंद्र लंबे समय से अधूरा पड़ा है और वहां तक जाने के लिए कोई रास्ता भी नहीं है। कचरा निस्तारण का काम न होने से ग्रामीण वहां ट्रैक्टर, बाइक और अन्य सामान रखकर सरकारी भवन पर अतिक्रमण जैसी स्थिति पैदा कर रहे थे। स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण फेज-2 के अंतर्गत ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबन्ध के लिए सभी ग्राम पंचायतों में आरआरसी केंद्र बनाकर गांवों को मॉडल ग्राम बनाने के निर्देश कई बार जारी किए गए थे। इसके लिए मुख्य विकास अधिकारी, खंड विकास अधिकारी और सहायक विकास अधिकारी पंचायत स्तर पर लगातार समीक्षा बैठकों, वीडियो कॉफ्रेंसिंग और दूरभाष के जरिए सचिवों को कार्य पूर्ण कराने के आदेश दिए जा रहे थे। बार-बार दिए गए निर्देशों के बावजूद आरआरसी केंद्र का निर्माण पूर्ण न कराने और इसे मॉडल ग्राम के रूप में क्रियाशील न करने के कारण ग्राम पंचायत अधिकारी मो0 जीशान के खिलाफयह दंडात्मक कार्रवाई की गई है। उनका माह जुलाई 2026 का वेतन तब तक के लिए अवरुद्ध कर दिया गया है, जब तक कि उनके प्रभाव वाले सभी गांवों के आरआरसी केंद्र पूर्ण रूप से संचालित नहीं हो जाते।

# अटल संकल्प पद यात्रा का किया स्वागत

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज़।**

जनपद से शुरू हुई अटल संकल्प पद यात्रा अपनी 10 दिनों की लंबी और भक्तिमय यात्रा पूरी कर 27 जुलाई को हरिद्वार स्थित चंडी घाट पहुंची। इस यात्रा का नेतृत्व यात्रा के संरक्षक डॉ0 राजीव कुमार पाठक और प्रमोद बाजपेयी ने किया। पदयात्रा जनपद से 17 जुलाई को प्रारम्भ हुई और 27 जुलाई को हरिद्वार चंडी घाट पहुंची। पदयात्रा का नेतृत्व डॉ0 राजीव कुमार पाठक एवं प्रमोद बाजपेयी ने किया। विगत 17 जुलाई को शिवभक्तों के भारी उत्साह और जयकारों के साथ जनपद से रवाना हुई यह पदयात्रा विभिन्न पड़ावों को पार करते हुए 27 जुलाई को निरंजनी अखाड़ा परिषद के पीठाधीश्वर महामंडलेश्वर श्रीश्री 1008 स्वामी कैलाशानंद गिरि के चंडी घाट स्थित आश्रम पर पहुंची। आश्रम पहुंचने पर यात्रा का भव्य स्वागत किया गया।


स्वामी कैलाशानंद गिरि का स्वागत करते डॉ. राजीव पाठक अन्य

पीठाधीश्वर महामंडलेश्वर स्वामी कैलाशानंद गिरि जी ने स्वयं सभी पदयात्रियों का आत्मीय स्वागत करते हुए उनका उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर यात्रा में शामिल डॉ. राजीव कुमार पाठक, प्रमोद बाजपेयी, डॉ. आयुष पाठक, मृदुल चतुर्वेदी सहित सभी श्रद्धालुओं और भक्तों ने स्वामी के दर्शन किए और उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। यात्रा के संरक्षकों ने इस सफलतापूर्वक संपन्न हुई पदयात्रा के लिए सभी सहयोगियों और शिवभक्तों का आभार व्यक्त किया। आश्रम के पवित्र वातावरण में संतों के सानिध्य और आशीर्वाद के साथ इस अटल संकल्प पद यात्रा का शांतिपूर्ण और उल्लासपूर्ण समापन हुआ।

## खबरें एक नजर में

### आईटीआई में शिशिक्षु/अप्रेन्टिसशिप मेला आज

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान ठण्डी सड़क में शुक्रवार को प्रातः 10 बजे से शिशिक्षु/अप्रेन्टिसशिप मेला का आयोजन किया जायेगा। जिसमें 05 अधिष्ठान यामाहा मोटर्स इण्डिया प्रा.लि., नोएडा 50, द सहकारी चीनी मिल कायमगंज-02, नगर पालिका परिषद फर्रुखाबाद-5, दक्षिणाचंल विद्युत वितरण निगत लि. अमृतपुर 5, एस.एन. कोल्ड स्टोरेज-05 एवं माई कार फर्रुखाबाद 5 प्रतिभाग कर रहे हैं एवं रिक्तियों की संख्या कुल 72 है। जिसमें आई.टी.आई. पासआउट अभ्यर्थी प्रतिभाग कर सकते है।

### अज्ञात चोरों के खिलाफ कार्यवाही की मांग

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** तहसील सदर अधिवक्ताओं व दस्तावेज लेखकों ने पुलिस अधीक्षक संबोधित ज्ञापन जन सुनवाई मुख्यमंत्री पोर्टल पर भेजकर शिकायत दर्ज की है। थाना मऊदरवाजा के अन्तर्गत तहसील सदर के पुरानी तहसील परिसर के कमरे में अधिवक्ता ध्रुव सक्सेना, संतोष राजपूत, सुनील सक्सेना, राजेश यादव, नंदकिशोर दुबे अपने वस्ते पर पंखा रखते थे। चोरों ने कुंडा सहित पंखा चोरी कर लिये है। 24 जुलाई को तहसील सदर में हुए पंखे चोरी के बावजूद भी अभी कोई कार्यवाही नहीं हुई है। इससे पहले भी इन्वर्टर, बैटरी,पंखा चोरी हो चुके है। अधिवक्ताओं ने मांग की है कि अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही की जाये।

### कलश यात्रा का भाजपाइयों ने किया स्वागत

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** संत शिरोमणि रविदास की कलश यात्रा बनारस से आरंभ होकर कमालगंज पहुंची। जहां पर भाजपा जिलाध्यक्ष फतेह चंद वर्मा के नेतृत्व में अनेकों भाजपा कार्यकर्ताओं ने कलश यात्रा का स्वागत किया। जिलाध्यक्ष फतेह चंद वर्मा ने बताया कि बनारस में संत शिरोमणि रविदास की जन्म स्थली से एकत्रित की गई मिट्टी को कलश में भरकर जनपद लाया गया है। ये यात्रा जनपद के सभी विधानसभाों के अंतर्गत आने वाले सभी मंडलों में जाएगी और एक सामाजिक समरसता संकल्प अभियान चलाकर समाज के प्रत्येक वर्ग एवं संत रविदास के विचारों को जन जन तक पहुँचाने का कार्य करेगी। कार्यक्रम में कुलदीप गंगवार, अमरदीप दीक्षित, गोपाल राठौर, डी.एस राठौर, राजेश वर्मा, पुष्पराज सिंह, शिवांग रस्तोगी, डॉ0 उदय प्रताप सिंह, कृष्ण मुरारी राजपूत, अभिषेक बाथम, संयोजक वीरेन्द्र कठेरिया, मनोज गंगवार आदि लोग मौजूद रहे।

### घर में घुसकर महिला से छेड़छाड़ व मारपीट

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** फतेहगढ़ कोतवाली क्षेत्र के ग्राम जखा में एक विवाहिता के घर में घुसकर छेड़छाड़ और मारपीट करने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। पीढ़ित का आरोप है कि जब वह मनचले की शिकायत लेकर उसके घर गई, तो आरोपी के पूरे परिवार ने मिलकर उस पर लाठी-डंडों से जानलेवा हमला कर दिया। इस दौरान उसका मोबाइल तोड़ दिया गया और सोने का कुंडल भी लूट लिया गया। स्थानीय याकूतगंज चौकी पुलिस द्वारा रिपोर्ट दर्ज न किए जाने पर पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र सौंपकर न्याय की गुहार लगाई है। ग्राम जखा निवासी रजनी पत्नी विपिन 28 जुलाई की शाम करीब 7 बजे अपने घर पर खाना बना रही थी, तभी गाँव का ही सचिन पुत्र राकेश शराब के नशे में घर में घुस आया और बुरी नीयत से महिला को दबोच लिया। विरोध करने पर उसने गाली-गलौज और मारपीट शुरू कर दी। पीड़िता किसी तरह जान बचाकर शिकायत करने सचिन के घर पहुंची। जब पीड़िता भागकर वापस अपने घर घुसी, तो सभी आरोपी लाठी-डंडे लेकर उसके पीछे-पीछे घर में घुस आए और उसे फिर से पीटा। हाथापाई के दौरान महिला का सोने का कुंडल ज़मीन पर गिर गया, जिसे आरोपी राकेश ने अपनी जेब में रख लिया। आरोपी सचिन पहले भी छेड़छाड़ के इरादे से पीड़िता के घर में घुस चुका है। उस समय याकूतगंज पुलिस चौकी में शिकायत की गई थी, लेकिन पुलिस ने केवल शांतिभंग की कार्रवाई करके मामले को रफा-दफा कर दिया था।

# स्वच्छ भारत मिशन को जिम्मेदार लगा रहे पलीता

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज़।**

शमशाबाद विकासखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत में स्वच्छ भारत मिशन अभियान को जिम्मेदार पलीता लग रहे है। केयर टेकर के नाम पर सरकारी धन का दुरुपयोग हो रहा है। विकासखंड क्षेत्र शमशाबाद ग्राम पंचायत गढ़िया बाबुरारा में सामुदायिक शौचालय के आसपास बड़ी-बड़ी झाड़ियां उग आयी। ग्रामीणों के मुताबिक कभी भी केयरटेकर ने सामुदायिक शौचालय नहीं खोला। ग्राम प्रधान तथा ग्राम सचिव मिलकर सरकारी धन का दुरुपयोग कर रहे है। जिसमें ग्राम निधि के सरकारी धन से कभी न खुलने वाले सामुदायिक शौचालय का केयरटेकर के नाम 9000 प्रति माह मानदेय निकाला जाता है। ग्रामीणों के मुताबिक जिस व्यक्ति को केयरटेकर के पद पर नामित किया गया है, वह यहां रहता भी नहीं है और उस व्यक्ति के नाम सरकारी धन निकाला जाता है।


झाड़ियों से घिरा सामुदायिक शौचालय

इससे साफ जाहिर होता है कि ग्राम प्रधान तथा ग्राम पंचायत सचिव की मिली भगत से सरकारी धन का दुरुपयोग हो रहा है। जब इस बाबत जानकारी शमशाबाद विकासखंड अधिकारी से करना चाही तो उनके फोन पर संपर्क नहीं हो पाया।

# कार्रवाई न होने पर व्यापार मंडल ने दी प्रदर्शन की चेतावनी


ज्ञापन देने के बाद जानकारी देते व्यापारी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज़।**

अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल एवं उत्तर प्रदेश युवा उद्योग व्यापार मंडल की जिला इकाई ने विद्युत उपकेंद्र लाकूला के एक कर्मचारी पर व्यापारी के साथ अभद्र व्यवहार करने का आरोप लगाते हुए जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा है। संगठन ने मामले में निष्पक्ष जांच कर संबंधित कर्मचारी को निलंबित किए जाने की मांग की है। साथ ही चेतावनी दी है कि यदि तीन दिन के भीतर कार्रवाई नहीं हुई तो व्यापार मंडल व्यापारी सम्मान की रक्षा के लिए धरना-प्रदर्शन करेगा। जिलाधिकारी को दिए गए ज्ञापन में व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने बताया कि संगठन के जिला उपाध्यक्ष अनिल कुमार गुप्ता उर्फ माइकल पापड़ी वाले ने 29 जुलाई को अपने घरेलू विद्युत कनेक्शन में बिल जमा किया। बिल की राशि 28,907 आने पर वह इसकी जानकारी लेने के लिए विद्युत उपकेंद्र लाकूला पहुंचे। वहां मौजूद विद्युत कर्मचारी अमित मिश्रा से बढ़े हुए बिल के संबंध में जानकारी मांगी, तो उन्होंने संतोषजनक जवाब देने के बजाय अभद्र व्यवहार किया। व्यापार मंडल ने कहा कि व्यापारियों के साथ इस प्रकार का व्यवहार किसी भी स्थिति में स्वीकार नहीं किया जाएगा। संगठन ने जिलाधिकारी से मामले की जांच कर दोषी कर्मचारी के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है। ज्ञापन की प्रतिलिपि पुलिस अधीक्षक को भी भेजी गई है। इस मौके पर जिला महामंत्री रविकांत गुप्ता, नगर अध्यक्ष अंकित कुमार गुप्ता, सलमान खां, सौरभ गुप्ता, आलोक कुमार गुप्ता, अनवर पठान, तौसीम खान, आमिर अली, अब्दुल रहमान, मोहसिन कुरैशी, रिजवान, रविन्द्रनाथ दिवाकर, अनीस आलम, केके द्विवेदी, अरविन्द गुप्ता, सुमित, ओमनारायन, दीपक पाल, अंकुश, सत्यनारायन गुप्ता, रजत पाण्डेय, सचिन गुप्ता, अमन गुप्ता, दुर्गेश कुमार, आकाश सागर आदि व्यापारी मौजूद रहे।

## सावन माह में शराब बंदी की मांग

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** पवित्र सावन माह के करीब आते ही प्रदेश भर में शराब के ठेके बंद कराने की मांग उठने लगी है। राष्ट्रीय शराब बन्दी संयुक्त मोर्चा ने फर्रुखाबाद अपराकाशी सहित पूरे उत्तर प्रदेश में सावन के महीने में शराब की बिक्री पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने की मांग की है। इस संबंध में संगठन के पदाधिकारियों ने उपजिलाधिकारी सदर को मुख्यमंत्री संबोधित ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया है कि सावन मास में भगवान शिव के भक्त पवित्र मंदिरों में जलाभिषेक कर पूजा-अर्चना करते हैं। ऐसे में भक्तों की पवित्र भावनाओं का सम्मान करते हुए पूरे सावन महीने में प्रदेश भर में शराब के ठेके बंद किए जाने चाहिए। मोर्चे के राष्ट्रीय संयोजक सुल्तान सिंह ने कहा कि शराब अपराध और दुर्घटनाओं की जननी है, और उनका संगठन लंबे समय से शराब मुक्त भारत बनाने के लिए संघर्षरत है। संगठन का दावा है कि यदि सरकार सावन माह में शराब बंदी का निर्णय लेती है, तो इससे जन भावनाओं का आदर होगा और प्रदेश की जनता व सभी कार्यकर्ता इस फैसले से खुश होंगे। ज्ञापन में सत्य प्रकाश, हेमराज सिंह राजपूत, कमलेश कुमार, अनामिका सिंह, अरविंद कुमार, ओमप्रकाश सिंह, देवकीनंदन गंगवार और शैलेन्द्र सिंह, विकास सक्सेना आदि शामिल हैं।

# सीपी विद्या निकेतन में ओरिएंटेशन कार्यक्रम आयोजित

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज़।**

सीपी विद्या निकेतन में कक्षा 10वीं एवं 12वीं के विद्यार्थियों के अभिभावकों के लिए भविष्य की उड़ान ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यालय एवं अभिभावकों के मध्य सशक्त समन्वय स्थापित कर विद्यार्थियों को बोर्ड परीक्षाओं तथा भविष्य की प्रतिस्पर्धात्मक चुनौतियों के लिए प्रभावी रूप से तैयार करना था। उप-प्रधानाचार्य दीपक कुमार जैना द्वारा स्वागत संबोधन से हुआ।


कार्यक्रम में मौजूद अभिभावक व विद्यालय स्टाफ

उन्होंने सत्र 2026-27 की शैक्षणिक कार्ययोजना प्रस्तुत करते हुए बताया कि इस वर्ष शिक्षण प्रक्रिया कांसेप्ट टू कंपेटेंसी थीम पर आधारित रहेगी। अप्रैल से जुलाई तक मजबूत विषयगत आधार तैयार किया गया है। अगस्त से नियमित यूनिट टेस्ट आयोजित होंगे तथा दिसंबर और जनवरी में दो प्री-बोर्ड परीक्षाओं के माध्यम से विद्यार्थियों का समग्र मूल्यांकन किया जाएगा। उन्होंने यह भी बताया कि इस वर्ष बोर्ड परीक्षा में लगभग 20 प्रतिशत प्रश्न कंपेटेंसी बेस्ड होंगे, जिनकी तैयारी विद्यालय में योजनाबद्ध ढंग से कराई जा रही है। निदेशिका डॉ0 मिथलेश अग्रवाल ने कहा कि कक्षा 10वीं और 12वीं केवल परीक्षाएँ नहीं हैं, बल्कि विद्यार्थियों के जीवन की दिशा तय करने वाला महत्वपूर्ण पड़ाव हैं। हमारा उद्देश्य केवल उत्कृष्ट अंक दिलाना नहीं, बल्कि ऐसे जिम्मेदार, आत्मविश्वासी और संस्कारी नागरिक तैयार करना है जो हर क्षेत्र में सफलता प्राप्त करें। दो छात्रों तेजस एवं यथार्थ अरोरा ने गीत गाकर उपस्थित जान समूह को मंत्र मुग्ध कर दिया। कार्यक्रम में 300 से अधिक अभिभावकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की तथा विद्यालय की पारदर्शी कार्यप्रणाली, अनुशासित वातावरण एवं प्रभावी टेस्ट-ट्रैकिंग सिस्टम की मुक्त कंठ से सराहना की। प्रधानाचार्य आरके बाजपेई ने सभी अभिभावकों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए इस संकल्प के साथ किया कि टीमवर्क से ही टॉपर बनेगा तो विद्यालय और अभिभावक मिलकर विद्यार्थियों के सपनों को साकार करने के लिए निरंतर सहयोग और समर्पण के साथ कार्य करेंगे।

# मक्का खरीद का बढ़ाया जाये लक्ष्य : अजय कटियार

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज़।**

भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट के जिलाध्यक्ष अजय कटियार ने मांग पत्र जिला अधिकारी को युवा जिलाध्यक्ष अनुज राजपूत के माध्यम से दिया। उन्होंने मांग कि जनपद में जो मक्का क्रय केंद्र बनाए गए है वहां जब किसान अपनी मक्का लेकर जाता है तो उसको यह कहकर लौटा दिया जाता है कर मक्का खरीद का लक्ष्य पूरा हो गया है, अब कोई मक्का नहीं ली जाएगी, किंतु किसान को मक्का सरकारी क्रय केंद्र पर बेंचने के लिए पहले से ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करवाकर उसके बाद लेखपाल के द्वारा उसका स्थापन किया जाता है। उसके बाद किसान मक्का क्रय केंद्र पर पहुंचता, उसको क्रय केंद्र के प्रभारी द्वारा किसान को बताया जाता है कि अब आपकी मक्का नहीं ली जाएगी। क्योंकि मक्का खरीद के लक्ष्य के मुताबिक टोकन पहले ही बांट दिए गए हैं अब किसी भी किसान की मक्का नहीं अब हम उन्हीं किसानों की मक्का लेंगे जिनके पास टोकन होगा। किसान मायूस होके लौट जाता है। उत्तर प्रदेश सरकार को लिखे मक्का खरीद का लक्ष्य पूरा होने पर ज्यादा खरीदे और जिन किसानों ने रजिस्ट्रेशन करवा रखे है उनसे मक्का खरीदी जाए। उन्होंने ग्राम पंचायत बहोरा की चकबंदी में हुई अनिमियताओ को जांच की मांग की। जिस पर जिला अधिकारी ने एडीएम की अध्यक्षता में टीम बनाकर जांच रिपोर्ट तत्काल देने को कहा। इस दौरान अनुज राजपूत, सत्यराम राजपूत मौजूद रहे।

# श्री अन्न (मिलेट्स) पुनरुद्धार योजना के तहत कृषकों को किया जागरुक

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज़।**

विकासखंड अधिकारी के निर्देशन में कृषि विभाग के कर्मचारियों ने श्री अन्न (मिलेट्स) पुनरुद्धार योजना के तहत की गोष्ठी का आयोजन किया गया। गुरुवार को विकास खंड नवाबगंज परिसर में उत्तर प्रदेश मिलेट्स पुनरोद्धार कार्यक्रम 2026-27 के तहत एक किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया।

इस गोष्ठी में कृषि विभाग और अन्य संबंधित विभागों के अधिकारियों ने किसानों को सरकार की विभिन्न योजनाओं, श्री अन्न (मिलेट्स) की खेती, उन्नत कृषि तकनीकों और कृषि यंत्रों के उपयोग के बारे में विस्तृत जानकारी दी। गोष्ठी को संबोधित करते



किसानों को संबोधित करते एडीओ एग्रीकल्चर

हुए एडीओ एग्रीकल्चर ग्रीस चंद ने किसानों से श्री अन्न की खेती को बढ़ावा देने का आग्रह किया। उन्होंने बताया कि मोटे अनाज कम लागत में अधिक लाभ देने वाली फसलें हैं। इनके उत्पादन को प्रोत्साहित करने के लिए सरकार द्वारा कई योजनाएं संचालित की जा रही हैं। इस अवसर पर पंकज कुमार, हरिनंदन चतुर्वेदी और एडीओ समाज कल्याण अंकुज कटियार ने भी किसानों को संबोधित किया। उन्होंने कृषि एवं समाज कल्याण विभाग की विभिन्न योजनाओं, उनकी पात्रता, अनुदान, फसल विविधीकरण, मृदा स्वास्थ्य, प्राकृतिक खेती और किसान हित में संचालित अन्य कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी प्रदान की। अधिकारियों ने किसानों की समस्याओं को भी सुना और उनके समाधान का आश्वासन दिया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में किसानों ने भाग लिया। उन्होंने आधुनिक खेती, मिलेट्स उत्पादन और सरकारी योजनाओं से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां प्राप्त कीं। किसानों से आवाह्न किया गया कि वे इन योजनाओं का अधिकतम लाभ उठाएं और वैज्ञानिक विधियों से खेती करें।इस मौके पर मौजूद एडीओ एग्रीकल्चर गिरीश कुमार, हरनंदन लाल, पंकज कुमार तथा विकासखंड के कृषि विभाग के सभी कर्मचारियों तथा क्षेत्रीय गोष्ठी में आए किसान मौजूद रहे।

# दबंगों ने की महिला और परिजनों से मारपीट

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज़।**

थाना कादरीगेट क्षेत्र के अंतर्गत नोनमगंज पांचालघाट में एक महिला के घर में घुसकर पड़ोसियों द्वारा लाठी-डंडों से मारपीट करने का गंभीर मामला सामने आया है। पीड़िता का आरोप है कि स्थानीय थाने की पुलिस ने मेडिकल कराने के बावजूद मुकदमा दर्ज नहीं किया। न्याय न मिलने पर पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है।

थाना कादरीगेट के नोनमगंज पांचालघाट निवासी पिंकी पत्नी गिरजाशंकर ने एसपी को दिए अपने शिकायती पत्र में बताया है कि बीते 11 जुलाई की दोपहर लगभग 2 बजे वह अपने घर पर मौजूद थी, तभी


**▸ थाने में सुनवाई न होने पर एसपी से लगायी गुहार**

पड़ोस में रहने वाले दबंग लोग एकजुट होकर जबरन उसके घर में घुस आए और बेहरहमी से गाली-गलौज करने लगे। जब पीड़िता ने इसका विरोध किया, तो आरोपियों ने लात-घूंसों और डंडों से उसे बुरी तरह पीटना शुरू कर दिया। पीड़िता के अनुसार हमले में राजन पुत्र कल्लू, सन्तोषी राजन की मां पत्नी कल्लू, कल्लू पुत्र गुलाब सिंह, रज्जो और मोनिका राजन की बहनें व 10 अन्य अज्ञात व्यक्ति ने मारपीट की। मारपीट का शोर सुनकर जब पीड़िता की सास ममता और भाई संदीप व आशीष उसे बचाने दौड़े, तो हमलावरों ने उनके साथ भी जमकर मारपीट की। मोहल्ले के अन्य लोगों को आता देख आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। पीड़िता का आरोप है कि घटना के तुरंत बाद जब वह शिकायत लेकर थाने पहुंची, तो पुलिस ने उसकी रिपोर्ट दर्ज नहीं की।

पुलिस ने महज मजरूब चिट्ठी के आधार पर पीड़िता और उसकी सास का मेडिकल परीक्षण तो करा दिया, लेकिन आरोपियों के खिलाफअब तक कोई कानूनी कार्रवाई नहीं की गई है। दबंगों के हौसले बुलंद होने और स्थानीय पुलिस द्वारा कोई कदम न उठाए जाने से हताश होकर पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक को यह शिकायती पत्र सौंपा है।

## पाण्डेश्वरनाथ मंदिर में भक्तों को वितरित किया जायेगा गंगाजल

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** हर वर्ष की बात ही इस वर्ष भी सेवा धर्म समिति की ओर से पांडेश्वर नाथ मंदिर में बाबा के जल अभिषेक के लिए प्रतिदिन 250 लीटर गंगाजल की सेवा गुरु पूर्णिमा से पूर्णिमा से रक्षाबंधन तक की सेवा चालू हो गई है। सचिव अविनाश सारस्वत ने बताया कि 29 जुलाई से 28 अगस्त तक पांडेश्वर नाथ मंदिर में आए हुए सभी भक्तों के लिए सेवा धर्म समिति की ओर से बाबा को गंगाजल चढ़ाने के लिए 250 लीटर गंगाजल की प्रतिदिन मंदिर में पहुंचा जा रहा है। यह सेवा पूरे सावन भर चलेगी। सेवा की व्यवस्था में डॉ. मुकेश यादव, रितिक पाल, अभिजीत मिश्रा, लकी, निखिल एवं अविनाश सारस्वत की देखरेख में की जा रही है।


पूजन सामग्री व गंगाजल के साथ मौजूद पुजारी

# धर्मापुर से पंचम पदयात्रा रवाना, 'बोल बम' के जयकारों से गूंजा माहौल

▸ सावन के पहले दिन बाबा सोमेश्वर नाथ सरोवर से पवित्र जल लेकर छोटी काशी गोला के लिए निकले शिवभक्त



**समृद्धि न्यूज़, बिजुआ, खीरी।**

सावन माह के प्रथम दिन गुरुवार को विकास खंड बिजुआ के ग्राम धर्मापुर से पंचम कांवड़ पदयात्रा श्रद्धा और उत्साह के साथ निकाली गई। सुबह करीब 9:30 बजे शिवभक्तों ने गांव स्थित प्राचीन बाबा सोमेश्वर नाथ मंदिर के पवित्र सरोवर से जल भरकर 'बोल बम' के जयघोष के साथ छोटी काशी गोला के लिए प्रस्थान किया। पदयात्रा शुरू होने से पहले मंदिर परिसर में विधि-विधान से भगवान शिव का पूजन-अर्चन किया गया। इसके बाद शिवभक्त कांवड़ में पवित्र जल लेकर डीजे पर बज रहे शिव भजनों की धुन पर नाचते-गाते आगे बढ़े। पूरे मार्ग में 'हर-हर महादेव' और 'बोल बम' के जयकारों से वातावरण भक्तिमय बना रहा। पदयात्रा में पांच दर्जन से अधिक शिवभक्तों ने भाग लिया। यात्रा के दौरान ग्रामीणों ने विभिन्न स्थानों पर पुष्पवर्षा कर श्रद्धालुओं का स्वागत किया और उनकी मंगल यात्रा की कामना की। यात्रा की सुरक्षा व्यवस्था के लिए भीरा थानाध्यक्ष अमित पांडेय पुलिस बल के साथ मौजूद रहे। यात्रा समिति के पदाधिकारियों ने उन्हें भगवान भोलेनाथ का चित्र भेंट कर सम्मानित किया।

पदयात्रा को सफल बनाने में आदर्श तिवारी, प्रिंस मिश्रा, शिवम तिवारी, शेखर मिश्रा, सुमित कुमार, विवेक मिश्रा समेत गांव के अनेक युवाओं का विशेष सहयोग रहा।

शिवभक्त पवित्र जल लेकर छोटी काशी गोला स्थित भगवान शिव के मंदिर में जलाभिषेक करने के लिए रवाना हुए।

सावन के पहले दिन निकली इस पदयात्रा ने पूरे क्षेत्र को भक्तिमय माहौल से सराबोर कर दिया।

## ट्रेन की चपेट में आने से 70 वर्षीय वृद्ध की मौत

**समृद्धि न्यूज़, तिकुनिया-खीरी।** कोतवाली तिकुनिया क्षेत्र के ग्राम बरसोला कलां निवासी 70 वर्षीय चुन्ने लाल उर्फ चुनक्का पुत्र जगन्नाथ की गुरुवार करीब 11 बजे ट्रेन की चपेट में आने से दर्दनाक मौत हो गई। जानकारी के अनुसार चुन्ने लाल उर्फ चुनक्का रेलवे लाइन के किनारे-किनारे अपने खेत की ओर जा रहे थे इसी दौरान मैलानी-नानपारा पैसेंजर ट्रेन संख्या 52264 की चपेट में आ गए। हादसा इतना भीषण था कि उनकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। सूचना पर स्थानीय पुलिस घटनास्थल पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरने की कार्रवाई पूरी की और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## सिंगावर समिति पर यूरिया वितरण में अनियमितता के गंभीर आरोप



**समृद्धि न्यूज़, धौरहरा, खीरी।** साधन सहकारी समिति सिंगावर में यूरिया खाद वितरण को लेकर एक बार फिर किसानों में भारी नाराजगी देखने को मिली है। आज बृहस्पतिवार को कई किसानों ने अलग-अलग नोटरी शपथपत्र देकर उपजिलाधिकारी धौरहरा से पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की मांग की है। शपथपत्रों में किसानों ने आरोप लगाया है कि समिति पर यूरिया लेने पहुंचने पर सचिव ने स्टॉक समाप्त होने की बात कहकर उन्हें वापस लौटा दिया। इसके बाद किसानों को खमरिया समिति भेजा गया, लेकिन वहां भी उन्हें खाद उपलब्ध नहीं कराई गई। किसानों का आरोप है कि उसी दिन शाम करीब 5:30 बजे ट्रॉली से यूरिया उतारकर चुनिंदा लोगों को खाद बेच दी गई, जबकि सुबह से लाइन में लगे किसान खाली हाथ लौटने को मजबूर हो गए। शिकायतकर्ताओं का आरोप है कि जब उन्होंने इसका विरोध किया तो वहां मौजूद कर्मचारियों ने कथित रूप से कहा, 'सरकारी रेट पर खाद चाहिए तो ऐसे ही लाइन में लगकर लौटना पड़ेगा, जो सब करते हैं वही करो और यूरिया लेकर घर जाओ।' किसानों का दावा है कि क्षेत्र में यूरिया की बोरी 350 से 400 तक में बेची जा रही है।

## खबरें एक नजर में

### करंट की चपेट में आने से गंभीर रूप से झुलसा

**समृद्धि न्यूज़, हलिया (मिर्जापुर)।** हलिया क्षेत्र के गड़बड़ा राजा गांव में बुधवार की रात आठ बजे के करीब घर के पास लगे ट्रांसफार्मर के पास खेल रहा आठ वर्षीय बालक करंट की चपेट में आकर गंभीर रूप से झुलस गया। परिजन आनन फानन में उपचार हेतु निजी साधन से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया ले गए। जहां चिकित्सक ने प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देख मंडलीय चिकित्सालय रेफर कर दिया। गड़बड़ा राजा गांव निवासी कन्हैयालाल धरकार का आठ वर्षीय पुत्र आयुष गांव के अन्य बच्चों के साथ घर के पास लगे ट्रांसफार्मर के पास खेल रहा था। जहां ट्रांसफार्मर में सुरक्षा जाली नही लगे होने के कारण करंट की चपेट में आने से बालक चेहरा और सीना गंभीर रूप से झुलस गया। घटना की जानकारी होने पर मौके पर पहुंचे परिजन उपचार हेतु प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया ले गए जहां चिकित्सक विमल कुमार ने प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से झुलसे बालक की हालत गंभीर देखते हुए मंडलीय चिकित्सालय रेफर कर दिया। ग्रामीणों ने खतरे को देखते हुए चबूतरे पर खुले में लगाए गए ट्रांसफार्मर के चारों ओर सुरक्षा जाली लगाए जाने की मांग की है।

### संत शिरोमणि रविदास की 650वीं जयंती पर कोटारनाथ धाम में सम्मान समारोह

**समृद्धि न्यूज़, हलिया (मिर्जापुर)।** संत शिरोमणि गुरु रविदास की 650वीं जयंती के अवसर पर गुरुवार को प्रसिद्ध कोटारनाथ धाम मंदिर में श्रद्धा, भक्ति एवं सम्मान के साथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के संयोजक उपसभापति जिला सहकारी बैंक बिपुल सिंह रहे।कार्यक्रम की शुरुआत भगवान भोलेनाथ के विधि-विधान से दर्शन-पूजन के साथ हुई। इसके पश्चात गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर कोटारनाथ धाम मंदिर के पुजारी सीताराम गिरी को अंगवस्त्र एवं पुष्पगुच्छ भेंट कर सम्मानित किया गया।इसके बाद संत शिरोमणि गुरु रविदास के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। उपस्थित वक्ताओं ने गुरु रविदास के जीवन, उनके आदर्शों, सामाजिक समरसता, समानता एवं मानवता के संदेश पर प्रकाश डालते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने का आह्वान किया।इस दौरान सेक्टर संयोजक पंकज सिंह, विश्व हिन्दू परिषद के खंड कार्यवाह प्रमोद मिश्रा, बूथ अध्यक्ष संतोष केशरी सहित क्षेत्र के अनेक गणमान्य नागरिक एवं श्रद्धालु उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन सभी के सुख, शांति एवं सामाजिक सौहार्द की कामना के साथ हुआ।

### सर्प दंश से किशोरी अचेत

**समृद्धि न्यूज़, हलिया (मिर्जापुर)।** हलिया थाना क्षेत्र के दो अलग-अलग गांवों में गुरुवार को सर्पदंश की घटनाओं में एक किशोरी और एक किशोर अचेत हो गए। परिजनों ने दोनों को निजी साधन से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया पहुंचाया, जहां चिकित्सकों द्वारा उपचार किया जा रहा है। चिकित्सकों के अनुसार दोनों की स्थिति सामान्य है। पहली घटना राजपुर गांव की है। यहां विजय शंकर गुप्ता की 14 वर्षीय पुत्री रंजीता कुमारी सुबह खेत में गई थी। इसी दौरान एक सर्प उसके पैर से लिपट गया और डस लिया। किशोरी ने घर पहुंचकर परिजनों को घटना की जानकारी दी। इसके बाद परिजन उसे तत्काल प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया ले गए, जहां चिकित्सक डॉ. विमल कुमार की देखरेख में उसका उपचार किया जा रहा है। दूसरी घटना इंद्रवार गांव के बेड़हवा मजरा की है। यहां सत्यदेव का 13 वर्षीय पुत्र मंगला दोपहर करीब दो बजे सिवान में भैंस चरा रहा था। इसी दौरान सर्प ने उसके पैर में डस लिया। किशोर ने इसकी जानकारी परिजनों को दी, जिसके बाद उसे भी निजी साधन से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया पहुंचाया गया। यहां डॉ. विमल कुमार द्वारा उसका उपचार किया जा रहा है।

### अनियंत्रित सीमेंट टैंकर घर में घुसा, बरामदे में सो रहे पिता-पुत्र की मौत

**समृद्धि न्यूज़, मिर्जापुर।** जनपद के विंध्याचल थाना क्षेत्र के मीरजापुर-प्रयागराज मार्ग पर कलना गहरवार गांव के सामने गुरुवार भोर लगभग 2.30 बजे एक तेज रफ्तार सीमेंट टैंकर अनियंत्रित होकर सड़क किनारे स्थित मकान के बरामदे में घुस गया। हादसे में बरामदे में चारपाई पर सो रहे पिता-पुत्र की दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद चालक टैंकर छोड़कर फरार हो गया। हादसे से आक्रोशित परिजनों और ग्रामीणों ने लगभग दो घंटे तक मिर्जापुर-प्रयागराज मार्ग जाम रखा। एसडीएम सदर महेंद्र सिंह के समझाने-बुझाने के बाद जाम समाप्त हुआ। कलना गहरवार गांव निवासी शिव प्रसाद गुप्ता (38) पांच भाइयों में सबसे बड़े थे। वह गांव में अलग मकान बनाकर कबाड़ का कारोबार करते थे और परिवार के साथ रहते थे। बुधवार रात परिवार भोजन के बाद सो गया था। मकान के सामने बरामदे में शिव प्रसाद गुप्ता तथा उनका इकलौता पुत्र राहुल गुप्ता अलग-अलग चारपाई पर सो रहे थे। इसी दौरान मीरजापुर की ओर जा रहा सीमेंट टैंकर अचानक अनियंत्रित होकर बरामदे में घुस गया और दोनों को कुचलते हुए पड़ोसी विनोद यादव तथा लालचंद के बरामदे को भी क्षतिग्रस्त कर बालू के ढेर पर पलट गया। हादसे के समय मकान के दूसरे हिस्से में शिव प्रसाद की पत्नी संजू देवी और पुत्री दिव्या सो रही थीं। तेज धमाके की आवाज सुनकर जब वे बाहर निकले तो चारों ओर चीख-पुकार मची हुई थी। शिव प्रसाद गुप्ता टैंकर की चपेट में आकर घिसटते हुए पड़ोसी के मकान के सामने दबे पड़े थे और उनकी मौके पर ही मौत हो चुकी थी। गंभीर रूप से घायल राहुल को परिजन तत्काल प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र विजयपुर सरोंई ले गए, लेकिन भोर में चिकित्सक और एंबुलेंस की व्यवस्था में विलंब होने के कारण समय पर उपचार नहीं मिल सका।

## जेल में निरुद्ध हत्या के तीन आरोपियों पर गैंगस्टर एक्ट, डीएम की अनुमति के बाद कार्रवाई

**समृद्धि न्यूज़, ईसानगर,खीरी।**

खमरिया थाना क्षेत्र में करीब आठ माह पूर्व हुई चर्चित हत्या के मामले में जेल में निरुद्ध तीन सगे भाइयों पर पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई की है। खमरिया पुलिस द्वारा तैयार गैंग चार्ट के आधार पर जिलाधिकारी की अनुमति मिलने के बाद यह कार्रवाई की गई। जानकारी के अनुसार 1 दिसंबर 2025 को थाना क्षेत्र के डलईपुरवा मजरा महरिया निवासी 55 वर्षीय मुन्ना भार्गव का शव जसवंतनगर- मोहम्मदापुर मार्ग स्थित एक गन्ने के खेत से बरामद हुआ था। शव गन्ने की पत्तियों से ढका हुआ था और शरीर पर चोटों के निशान पाए गए थे। मृतक की पत्नी मुन्नी देवी की तहरीर पर पुलिस ने हत्या का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की थी। विवेचना के दौरान पुलिस ने तीन सगे भाइयों रामू, केशव और दीनदयाल पुत्र गोवर्धन भार्गव को हत्या का आरोपी मानते हुए गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। इसके बाद आरोपियों की आपराधिक गतिविधियों का गैंग चार्ट तैयार कर गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई के लिए प्रस्ताव जिलाधिकारी को भेजा गया। अनुमति मिलने के बाद तीनों आरोपियों के विरुद्ध उत्तर प्रदेश गिरोहबंद एवं समाज विरोधी क्रियाकलाप निवारण अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई। इस प्रकरण में क्षेत्राधिकारी धौरहरा शमशेर बहादुर सिंह के निर्देशन में मामले की विशेष जांच कराई गई थी। जांच में घटना की वास्तविकता सामने आने के बाद पुलिस ने साक्ष्यों के आधार पर आरोपियों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की थी।

## समय पर नहीं खुलता विद्यालय, एमडीएम में गंदा पानी पिलाने के आरोप

**समृद्धि न्यूज़, उचौलिया (खीरी)।**




उचौलिया थाना क्षेत्र के संविलियन विद्यालय बरनैया में विद्यालय संचालन और मध्याह्न भोजन योजना को लेकर ग्रामीणों व छात्र-छात्राओं ने गंभीर आरोप लगाए हैं। ग्रामीणों का कहना है कि विद्यालय निर्धारित समय पर नहीं खुलता, जबकि बच्चों ने भोजन की गुणवत्ता, फल वितरण और पेयजल व्यवस्था में अनियमितताओं की शिकायत की है। ग्रामीणों के अनुसार सोमवार सुबह करीब 8:30 बजे तक विद्यालय के मुख्य गेट पर ताला लगा हुआ था। इस दौरान कई छात्र-छात्राएं विद्यालय के बाहर विद्यालय खुलने का इंतजार करते रहे। ग्रामीणों का आरोप है कि विद्यालय अक्सर निर्धारित समय से देर से खुलता है, जिससे बच्चों की पढ़ाई प्रभावित होती है। विद्यालय के बच्चों ने बताया कि शासन की मध्याह्न भोजन योजना के तहत सोमवार को दिए जाने वाले केले का वितरण नहीं किया जाता। उनका कहना है कि अधिकांश दिनों में केवल खिचड़ी ही परोसी जाती है। कुछ छात्रों ने आरोप लगाया कि पहली बार बहुत कम मात्रा में भोजन दिया जाता है और दोबारा मांगने पर उन्हें डांट दिया जाता है। बच्चों ने विद्यालय की पेयजल व्यवस्था पर भी सवाल उठाए हैं। उनका कहना है कि परिसर में लगे इंडिया मार्का हैंडपंप से गंदा पानी निकलता है और पानी के साथ बालू भी आती है। इसके कारण उन्हें पीने का पानी विद्यालय के बाहर से लाना पड़ता है। इन आरोपों की पुष्टि जांच के बाद ही हो सकेगी। यदि शिकायतें सही पाई जाती हैं तो यह विद्यालय संचालन, मध्याह्न भोजन योजना और पेयजल व्यवस्था में गंभीर लापरवाही का मामला होगा।

खंड शिक्षा अधिकारी संजीव भारती ने बताया कि मामले की जांच कराई जाएगी। जांच में आरोप सही मिलने पर संबंधित के खिलाफ नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## भीरा में कार-बाइक की आमने-सामने भिड़ंत, युवक गंभीर

**समृद्धि न्यूज़, बिजुआ खीरी।** भीरा-पलिया मार्ग पर बृहस्पतिवार दोपहर तेज रफ्तार कार और बाइक की आमने-सामने हुई भिड़ंत में बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिजुआ से प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल लखीमपुर रेफर किया गया है। हादसे के बाद कार चालक वाहन छोड़कर फरार हो गया।
पुलिस ने दोनों वाहनों को कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार, मैलानी थाना क्षेत्र के ग्राम हीरपुर निवासी सहजराम (35) पुत्र मोतीलाल अपनी पत्नी को लेने मुर्गाहा जा रहे थे। दोपहर करीब दो बजे वह भीरा से पलिया मार्ग पर स्थित विवेकानंद एकेडमी के पास पहुंचे थे। इसी दौरान सामने से आ रही तेज रफ्तार कार ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक और कार दोनों बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए और सहजराम गंभीर रूप से घायल हो गए।

## आवारा पशुओं ने उजाड़ी किसान की मेहनत, एक एकड़ गन्ना चट

▸ कर्ज लेकर बोई थी फसल, मुआवजे व पशुओं को गौशाला भेजने की उठाई मांग



**समृद्धि न्यूज़, बिजुआ, खीरी।** विकास खंड बिजुआ की ग्राम पंचायत मटेहिया में आवारा पशुओं का आतंक किसानों के लिए बड़ी मुसीबत बनता जा रहा है। बीती रात आवारा पशुओं के झुंड ने किसान राकेश कुमार गुप्ता की करीब एक एकड़ गन्ने की फसल पूरी तरह नष्ट कर दी। सुबह खेत पर पहुंचे किसान के सामने उजड़ी फसल का मंजर था। खेत में केवल टूटे हुए गन्ने के डंठल बिखरे पड़े थे। पीड़ित किसान ने बताया कि उन्होंने सरकार से कर्ज लेकर गन्ने की खेती की थी। उम्मीद थी कि फसल तैयार होने पर उसकी बिक्री से परिवार का खर्च चल सकेगा और लिया गया कर्ज भी चुका देंगे, लेकिन एक ही रात में आवारा पशुओं ने उनकी महीनों की मेहनत पर पानी फेर दिया। राकेश कुमार गुप्ता ने बताया, 'दिन में मेहनत-मजदूरी और खेती करता हूं, जबकि रात में खेत की रखवाली भी करनी पड़ती है। इसके बावजूद पशुओं ने पूरी फसल बर्बाद कर दी। अब समझ नहीं आ रहा कि कर्ज कैसे चुकाऊंगा और परिवार का पालन-पोषण कैसे होगा। ग्रामीणों के अनुसार मटेहिया गांव में आवारा पशुओं की समस्या लंबे समय से बनी हुई है। दिन हो या रात, पशु खेतों में घुसकर फसलों को नुकसान पहुंचा रहे हैं। किसानों का कहना है कि यदि जल्द प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई तो आने वाली फसलें भी सुरक्षित नहीं रह पाएंगी। पीड़ित किसान ने प्रशासन और पशुपालन विभाग से आवारा पशुओं को पकड़कर गौशालाओं में भेजने तथा बर्बाद हुई फसल का उचित मुआवजा दिलाने की मांग की है, ताकि उन्हें आर्थिक राहत मिल सके। वहीं किसानों ने भी समस्या के स्थायी समाधान की मांग करते हुए प्रशासन से शीघ्र हस्तक्षेप की अपील की है।

## खेत के पास जाल में फंसा मिला 10 फीट लंबा अजगर वन विभाग ने सुरक्षित रेस्क्यू कर जंगल में छोड़ा

**समृद्धि न्यूज़, निघासन-खीरी।** दक्षिण निघासन वन रेंज क्षेत्र के पचपेड़ी गांव में बृहस्पतिवार को खेत के पास लगे जाल में करीब 10 फीट लंबा अजगर फंस जाने से ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद अजगर का सुरक्षित रेस्क्यू कर उसे उसके प्राकृतिक आवास बांग्लहा तकिया जंगल में छोड़ दिया। वन विभाग की त्वरित कार्रवाई से ग्रामीणों और किसानों ने राहत की सांस ली।जानकारी के अनुसार पचपेड़ी गांव निवासी शिव प्रकाश मौर्य के घर के पास स्थित खेत में लगाए गए जाल में एक विशालकाय अजगर फंसा हुआ दिखाई दिया। पहले तो ग्रामीणों को इसकी जानकारी नहीं थी, लेकिन जब लोगों की नजर उस पर पड़ी तो मौके पर अफरा-तफरी मच गई।

## निर्माणाधीन भवन में बिना मान्यता संचालित ग्रीन वैली स्कूल को नोटिस



**समृद्धि न्यूज़, उचौलिया-खीरी।** उचौलिया थाना क्षेत्र के हरखापुर स्थित निर्माणाधीन भवन में कथित रूप से बिना मान्यता संचालित ग्रीन वैली पब्लिक स्कूल पर शिक्षा विभाग ने कार्रवाई शुरू कर दी है। विद्यालय के संचालन, मान्यता और भवन संबंधी मानकों को लेकर मिली शिकायतों के बाद खंड शिक्षा अधिकारी ने स्कूल प्रबंधन को नोटिस जारी किया है। नोटिस में विद्यालय प्रबंधन से निर्धारित समय सीमा के भीतर मान्यता, भवन एवं अन्य आवश्यक अभिलेखों के साथ अपना स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने को कहा गया था। हालांकि तय समय बीतने के बाद भी विद्यालय की ओर से कोई जवाब विभाग को नहीं मिला है। स्थानीय लोगों का कहना है कि निर्माणाधीन भवन में विद्यालय संचालित होने से बच्चों की सुरक्षा पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। ऐसे में अभिभावकों में चिंता बनी हुई है। खंड शिक्षा अधिकारी संजीव भारती ने बताया कि ग्रीन वैली पब्लिक स्कूल को नोटिस जारी किया गया था, जिसकी प्राप्ति विद्यालय प्रबंधन ने कर ली थी। इसके बावजूद अब तक कोई जवाब प्रस्तुत नहीं किया गया है। उन्होंने बताया कि पूरे मामले की आख्या तैयार कर जिला स्तर पर भेज दी गई है।

## ब्लॉक मुख्यालय के सामने खेल मैदान बना कूड़ाघर, बच्चों की सेहत पर खतरा

**समृद्धि न्यूज़, मितौली, खीरी।**



विकास खंड मुख्यालय के सामने आदर्श इंटर कॉलेज मार्ग के पास स्थित खेल मैदान का एक हिस्सा इन दिनों कूड़ाघर में तब्दील हो गया है। स्थानीय व्यापारियों द्वारा लगातार कूड़ा और पॉलीथिन फेंके जाने से मैदान में गंदगी का अंबार लग गया है। इससे खेल गतिविधियां प्रभावित होने के साथ ही संक्रामक रोग फैलने का खतरा भी बढ़ गया है। प्रदेश सरकार एक ओर स्वच्छता अभियान और संचारी रोग नियंत्रण अभियान चला रही है, वहीं ब्लॉक मुख्यालय के सामने स्थित इस मैदान की बदहाल स्थिति इन दावों पर सवाल खड़े कर रही है। मैदान की दक्षिणी सीमा से आदर्श इंटर कॉलेज का मार्ग गुजरता है, जहां से प्रतिदिन सैकड़ों छात्र-छात्राएं आवागमन करते हैं। गंदगी और कूड़े के ढेर के बीच से गुजरने को मजबूर बच्चों की सेहत पर खतरा मंडरा रहा है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि विकास खंड प्रशासन को समस्या की जानकारी होने के बावजूद अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। नतीजतन मैदान का एक बड़ा हिस्सा स्थायी रूप से कूड़ा डालने का स्थान बन गया है।

## प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना बनी किसानों के लिए वरदान

▸ प्रतिकूल मौसम, रोग और कीटों से फसल क्षति की स्थिति में किसानों को मिली वित्तीय सहायता

**समृद्धि न्यूज़, बस्ती।**

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना किसानों के लिए सुरक्षा कवच बनकर सामने आ रही है। प्राकृतिक आपदाओं, प्रतिकूल मौसम, रोगों और कीटों के प्रकोप से फसलों को होने वाले नुकसान की स्थिति में किसानों को आर्थिक सुरक्षा प्रदान करने वाली इस योजना से बस्ती जनपद में बड़ी संख्या में किसान लाभान्वित हो रहे हैं। खरीफ 2025 में जनपद के 45,052 किसानों ने फसल बीमा कराया, जबकि रबी 2024-25 में 40,174 किसान योजना से आच्छादित रहे। इस तरह दोनों फसल सीजन में कुल 85,226 किसानों को प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का लाभ मिला।

योजना के माध्यम से किसानों को फसल क्षति की स्थिति में आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जाती है। इससे किसानों पर अचानक पड़ने वाले आर्थिक बोझ को कम करने में मदद मिलती है। फसल खराब होने की स्थिति में किसानों की आय प्रभावित न हो और वे अगले कृषि चक्र के लिए फिर से खेती शुरू कर सकें, इसके लिए प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। जनपद में अनेक किसानों ने योजना का लाभ लेकर फसल क्षति की स्थिति में आर्थिक सहायता प्राप्त की है। इनमें श्रीमती रामादेवी, मालती देवी, सत्यनारायण सिंह, श्री ईश्वर दत्त और ध्रुवचंद सहित अन्य किसान शामिल हैं। किसानों का कहना है कि खेती में मौसम की अनिश्चितता सबसे बड़ी चुनौती बनी रहती है। ऐसे में फसल बीमा योजना उन्हें जोखिम से सुरक्षा प्रदान करती है और खेती के प्रति उनका भरोसा मजबूत करती है। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का उद्देश्य किसानों को प्राकृतिक आपदाओं और अन्य जोखिमों से होने वाली फसल क्षति के विरुद्ध वित्तीय सुरक्षा उपलब्ध कराना है। सूखा, अतिवृष्टि, बाढ़, आंधी, ओलावृष्टि, रोग और कीटों के प्रकोप जैसी परिस्थितियों में फसल को नुकसान होने पर पात्र किसानों को नियमानुसार बीमा लाभ प्रदान किया जाता है। योजना से आच्छादित किसान अब मौसम की प्रतिकूल परिस्थितियों के कारण होने वाले नुकसान को लेकर पहले की अपेक्षा कम चिंतित रहते हैं। फसल बीमा के माध्यम से मिलने वाली वित्तीय सहायता किसानों की आय को स्थिर रखने में सहायक होती है। इससे किसान निर्भीक होकर कृषि कार्य करने, बेहतर बीज और आधुनिक तकनीक अपनाने के लिए प्रेरित होते हैं। कृषि विभाग की ओर से किसानों को प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के प्रति जागरूक करने के साथ ही अधिक से अधिक किसानों को योजना से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। योजना का लाभ लेने वाले किसानों का मानना है कि फसल बीमा खेती को जोखिम से बचाने और किसानों की आर्थिक स्थिति को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

## सफाई व्यवस्था ध्वस्त होने को लेकर व्यापारियों ने दिया ब्लॉक गेट पर धरना

**समृद्धि न्यूज, महराजगंज।**



विकास खंड धानी अन्तर्गत स्थित ग्राम सभा कानापार के उर्फ़ रामनगर धानी बाजार में लंबे समय से बदहाल सफाई व्यवस्था को लेकर व्यापारियों का सब्र का बांध आखिर आज सावन मास के प्रथम दिन टूट ही गया। बताया जाता है कि आज गुरुवार को व्यापार मण्डल अध्यक्ष बलराम अग्रहरि महामंत्री अभिषेक अग्रहरि के नेतृत्व सभी व्यापारियों ने बाजार बंद का निर्णय लेते हुए ब्लॉक मुख्यालय के मुख्य गेट पर धरना-प्रदर्शन शुरू कर ध्वस्त सफाई व्यवस्था को लेकर विरोध जताया । देखते ही देखते बड़ी संख्या में व्यापारियों के धरने पर बैठने की सूचना मिलते ही प्रशासन हरकत में आ गया और धरना स्थल पर उपजिलाधिकारी फरेंदा प्रेमशंकर पाण्डेय ,नायब तहसीलदार अंकित अग्रवाल के साथ पहुंच गए। उन्होंने व्यापारियों से समस्याओं की बिन्दुवार जानकारी लेते हुए धानी बाजार का स्थलीय निरीक्षण भी किया,बाजार में जगह-जगह गंदगी, कूड़े के ढेर और सफाई व्यवस्था की बदहाली देखकर व्यापारियों की शिकायत को सही ठहराया। इसको लेकर साथ मे मौजूद बीडीओ धानी माधुरी देवी को कड़ी फटकार लगाते हुए चार दिन के अंदर धानी बाजार की सफाई व्यवस्था पूरी तरह से चुस्त दुरुस्त कराने का सख्त दिशा निर्देश दिया,साथ ही साथ सफाई व्यवस्था में लापरवाही बरतने वाले जिम्मेदारों की भूमिका की जांच कर ग्राम पंचायत सचिव के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई के निर्देश दिए। उसके पश्चात व्यापारियों ने उपजिलाधिकारी फरेंदा को अपना ज्ञापन सौंपते हुए कार्रवाई की मांग की। ज्ञापन में व्यापारियों द्वारा उल्लेख किया गया था कि धानी बाजार में नियमित सफाई न होने से दुकानदारों और राहगीरों को दुकान खोलने व लगाने तथा आने जाने में दिक्कत होती है। वहीं बदबूदार नालियों से संक्रमण बिमारियों के फैलने की आशंका बनी रहती है । सफाई व्यवस्था ध्वस्त होने से बाजार गंदगी से पटता जा रहा था जिसके कारण बाजार का माहौल दिन प्रतिदिन खराब होता जा रहा था। इस दौरान धरने में श्यामसुंदर अशोक अग्रहरि रमेश सैनी, अनिल, सन्नी गौड़, प्रदीप अग्रहरि,धीरू, रीतेश, अप्पू, चंद्र प्रकाश, अर्पित,नीरज पंकज, सुरेश,राज वर्मा, मनोज सोनू, बंशीधर व शिवशंकर सहित भारी संख्या में व्यापारी शामिल रहे।

## पत्नी की हत्या के छह दिन बाद पति की संदिग्ध मौत

**समृद्धि न्यूज़, महराजगंज।** श्यामदेउरवा थाना क्षेत्र के कुड़वा उर्फ मुड़कटिया गांव में पत्नी की हत्या के महज छह दिन बाद उसके पति की भी संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो जाने से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। गुरुवार सुबह शिवनारायण का शव घर में मिलने की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना के बाद गांव में तरह-तरह की चर्चाएं शुरू हो गई हैं। बताया जा रहा है कि बीते शुक्रवार सुबह शिवनारायण की पत्नी रुक्मिणी का खून से लथपथ शव घर के बाहर चारपाई पर मिला था। इस हत्याकांड ने पूरे क्षेत्र को झकझोर दिया था। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दो आरोपितों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था।

## सपा ने जिला मुख्यालय पर किया जोरदार प्रदर्शन

▸ राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव का पुतला दहन किए जाने पर रहा भारी आक्रोश



**समृद्धि न्यूज़, मिर्जापुर।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव जी का पुतला दहन किए जाने के विरोध में पार्टी द्वारा जिला मुख्यालय पर जोरदार प्रदर्शन करते हुए पुलिस अधीक्षक को संबोधित ज्ञापन अपर जिलाधिकारी व पुलिस उपाधीक्षक (नगर) को सौंपा गया। इस प्रदर्शन का नेतृत्व कर रहे पार्टी के जिलाध्यक्ष देवी प्रसाद चौधरी ने कहा कि विगत 28 जुलाई को स्थानीय संकटमोचन तिराहे पर अराजक तत्वों द्वारा पूर्व मुख्यमंत्री व सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव जी का पुतला दहन किया गया, जो कि ष्जीवित व्यक्ति के पुतला दहनष् के अंतर्गत कानूनन अपराध के साथ ही पूर्णतः अलोकतांत्रिक व अमर्यादित है। इनके खिलाफ चौबीस घंटे के अंदर मुकदमा दर्ज किए जाने की चेतावनी देते हुए जिलाध्यक्ष ने कहा कि अन्यथा हमारे कार्यकर्ता भी जिले भर में चट्टी - चौराहों पर पुतला दहन का अभियान चलाएंगे, जिसके लिए पुलिस व जिला प्रशासन ही पूरी तरह जिम्मेदार होगा। इस अवसर पर संचालन करते हुए पार्टी के जिला महामंत्री आदर्श यादव ने कहा कि ऐसे असामाजिक कृत्य से पार्टी के लाखों समर्थकों व कार्यकर्ताओं की भावनाएं आहत हुई हैं।